वर्ष : 18 अंक: 36 | ग्वालियर | रविवार 09 मार्च 2025 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रु.



दैनिक

मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित

# चम्बल सुर्खी

उत्कृष्ट एवं सफल प्रकाशन के 37 वर्ष

निष्पक्ष एवं निर्भीक विचारों का प्रवक्ता

आज का तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 16 डिग्री

## संक्षिप्त समाचार

### आरबीआई दे सकता है बड़ी राहत, ब्याज दरों में कर सकता है कटौती

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** भारत की मुद्रास्फीति जनवरी में 5.22 प्रतिशत से घटकर 4.31 प्रतिशत हो गई। लगातार चार महीने तक मुद्रास्फीति 5 प्रतिशत से ऊपर रहने के बाद, यह आरबीआई के 4 प्रतिशत लक्ष्य के करीब पहुंच गई। यह ट्रेंड संभावित दरों में कटौती की संभावना को मजबूत करता है, जिसमें रेपो रेट 6.25 प्रतिशत पर है। शनिवार को आई एक लेटेस्ट रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। मोतीलाल ओसवाल म्यूचुअल फंड की रिपोर्ट के अनुसार, बाजार की स्थिति निवेशकों के बीच सतर्कता की भावना को दर्शाती है, जो आर्थिक स्थितियों, सेक्टर-स्पेसिफिक विकास और ग्लोबल फाइनेंशियल मार्केट के रुझानों से जुड़ी है।

### आईफा अवॉर्ड्स 2025 : जयपुर में बॉलीवुड का भव्य जश्न, सीएम भजनलाल शर्मा ने दिया राजस्थान में फिल्म शूटिंग का न्योता

**जयपुर ,एजेंसी।** राजस्थान की धरती पर एक ऐतिहासिक लम्हा! आईफा अवॉर्ड्स 2025 की भव्यता गुलाबी नगरी जयपुर में बिखरने को तैयार है। इस शानदार मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बॉलीवुड के सितारों, प्रोड्यूसर्स और फिल्ममेकर्स को राजस्थान में फिल्मों की शूटिंग के लिए खुला न्योता दिया। यहां आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में तमाम सितारों के बीच सीएम शर्मा ने कहा, यह सिर्फ एक अवॉर्ड शो नहीं, बल्कि भारतीय सिनेमा और संस्कृति के वैश्विक विस्तार का प्रतीक है। राजस्थान को इंटरनेशनल फिल्म और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में एक नई पहचान मिलेगी।

### 18 साल बाद गिरफ्त में आया हिजबुल मुजाहिदीन का इनामी आतंकी, बड़े हमले की रच रहा था साजिश

**मुरादाबाद ,एजेंसी।** उत्तर प्रदेश पुलिस की आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) को बड़ी सफलता मिली है। एटीएस ने आतंकी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन के एक फरार और सक्रिय सदस्य उल्फत हुसैन उर्फ मोहम्मद सैफुल इस्लाम उर्फ अफजाल उर्फ हुसैन मलिक को मुरादाबाद से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आतंकी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था और वह वर्ष 2002 से फरार चल रहा था। एटीएस के अधिकारियों ने बताया कि कश्मीर के पुंछ जिले का रहने वाला उल्फत हुसैन हिजबुल मुजाहिदीन के पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) स्थित प्रशिक्षण शिविर में ट्रेनिंग लेने के बाद मुरादाबाद में एक बड़ी आतंकी घटना को अंजाम देने के लिए आया था।

## मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति, बहनों-बेटियों का आशीर्वाद मेरे साथ : पीएम मोदी



**नवसारी ,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर गुजरात के नवसारी में 'लखपति दीदी' से संवाद किया। इसके बाद उन्होंने एक रोड शो किया। उन्होंने जी-सफल और जी-मैत्री सहित विभिन्न परियोजनाओं का शुभारंभ भी किया। प्रधानमंत्री मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए खुद को दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति बताया। उन्होंने कहा, मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं। मेरी जिंदगी के अकाउंट में करोड़ों माताओं-बहनों का आशीर्वाद है। माताओं-बहनों का आशीर्वाद ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है, मेरी पूंजी है।

उन्होंने कहा, नारी शक्ति वंदन अधिनियम के बारे में सबसे गर्व की बात यह है कि एक सामान्य पृष्ठभूमि से आने वाली हमारी राष्ट्रपति ने इस बिल पर मुहर लगाई। वह दिन दूर नहीं जब आप में से कोई सांसद या विधायक बनेगा। गांधी जी कहते थे कि देश की आत्मा ग्रामीण भारत में बसती है। आज मैं इसमें एक और पंक्ति जोड़ता हूं- ग्रामीण भारत की आत्मा ग्रामीण नारी के सशक्तिकरण में बसती है।

उन्होंने कहा, यहां नवसारी के इस कार्यक्रम में हम नारी शक्ति के सामर्थ्य को देख सकते हैं। इस आयोजन की पूरी जिम्मेदारी महिलाओं ने संभाली है। इतने बड़े आयोजन की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी और अधिकारी सभी महिलाएं हैं। कांस्टेबल, एसपी, डीएसपी से लेकर वरिष्ठ अधिकारी तक... यहां सुरक्षा-व्यवस्था महिलाओं द्वारा संभाली जा रही है। यह नारी शक्ति के सामर्थ्य का एक उदाहरण है। जब मैं आप सभी से मिलता हूं, तो मेरा विश्वास मजबूत होता है कि एक विकसित भारत का संकल्प पूरा होकर रहेगा और नारी शक्ति इसमें बड़ी भूमिका निभाएगी।

प्रधानमंत्री ने कहा, चाहे राजनीति हो या खेल का मैदान, न्यायपालिका हो या पुलिस, महिलाएं देश के हर क्षेत्र और आयाम में परचम लहरा रही हैं। साल 2014 के बाद से देश में महत्वपूर्ण पदों पर महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ी है। केंद्र सरकार में सबसे ज्यादा महिलाएं मंत्री बनी हैं और संसद में भी महिलाओं की मौजूदगी में बड़ी बढ़ोतरी हुई है।

## मध्यप्रदेश में धर्मांतरण करने वालों के लिए होगा फांसी का प्रावधान : मोहन यादव



**भोपाल ,ब्यूरो।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि मासूम बेटियों के साथ दुराचार करने वालों के लिए राज्य में फांसी की सजा का प्रावधान है और अब धर्मांतरण करने वालों को भी फांसी की सजा का प्रावधान किया जाएगा। राजधानी भोपाल में कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि राज्य में मासूम बालिकाओं के साथ दुराचार करने के मामले में सरकार बहुत कठोर है। इस संबंध में फांसी का प्रावधान किया गया है। जो दुराचार करेगा, हमारी सरकार उसे छोड़ने वाली नहीं है। किसी हालत में ऐसे लोगों को जीवन जीने का अधिकार नहीं देना चाहते हैं। जो धर्मांतरण कराएंगे, उनको भी फांसी की सजा दिलाए जाने का प्रबंध किया जा रहा है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आगे कहा कि किसी भी हालत में धर्मांतरण और दुराचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस तरह की समाज विरोधी व्यवस्थाओं के खिलाफ सरकार ने संकल्प लिया है कि समाज के अंदर कुरीतियों, गलत बातों को बढ़ावा देने से कठोरता के साथ पेश आएंगे। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के स्व सहायता समूहों के उत्पादों की प्रदर्शनी का शुभारंभ कर स्टॉल्स का अवलोकन किया। उन्होंने आजीविका मिशन के भोपाल शहर में संचालित होने वाले चलित जैविक हाट बाजार के तीन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## बिहार में बोले धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री, हिंदुओं का एकजुट होना जरूरी, इकट्ठे रहे तो कोई हरा नहीं पाएगा



**गोपालगंज ,एजेंसी।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने हनुमंत कथा के दौरान हिंदू एकता को देश के लिए जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि अगर एकजुट रहेंगे तो कोई भी हमें तोड़ नहीं पाएगा। प्रसिद्ध कथावाचक धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने सभा में मौजूद लोगों से कहा कि अगर हिंदू अकेले रहेंगे तो वे टूट जाएंगे, लेकिन अगर वे एकजुट होकर रहेंगे तो कोई भी उन्हें तोड़ नहीं सकता। अगर कुत्ते को एक पत्थर मारा जाए तो वह भाग जाएगा, लेकिन वही पत्थर अगर मधुमक्खी के छत्ते पर मारा जाए तो आपको ही भागना पड़ेगा। इसका मतलब यह है कि कुत्ता अकेला था, जबकि मधुमक्खी एकजुट थी। उन्होंने कहा कि जैसे मधुमक्खियां अपने एकजुट होने की ताकत से किसी को भी हरा सकती हैं, ठीक उसी तरह हिंदू समाज यदि इकट्ठा रहेगा तो कोई भी उसे हरा नहीं सकेगा।

## नोएडा में सीएम योगी ने एआई सक्षम डेटा सेंटर का शुभारंभ किया



**नोएडा ,एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को गौतमबुद्ध नगर जिले के दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने नोएडा में गंगाजल परियोजना के विस्तार समेत 924 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस दौरे को प्रदेश के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिससे नए निवेश आएंगे और हजारों लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सुबह 10ः40 बजे सेक्टर 128 स्थित जेपी विशटाउन के हेलीपैड पर पहुंचे, जहां उनका गौतमबुद्धनगर के सांसद डॉ. महेश शर्मा, नोएडा विधायक पंकज सिंह, जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह, यमुना विकास प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह समेत अन्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने स्वागत किया।

इसके बाद मुख्यमंत्री ने कई प्रमुख कंपनियों के डेटा सेंटर और एमओयू कंपनियों की आधारशिला रखी। उन्होंने माइक्रोसॉफ्ट कंपनी के नए ऑफिस के भूमिपूजन कार्यक्रम में भी भाग लिया।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि नोएडा और ग्रेटर नोएडा केवल उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश के बड़े आईटी हब के रूप में उभर रहे हैं। यह क्षेत्र आज की वैश्विक आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम है और युवा पीढ़ी को बेहतर अवसर प्रदान कर रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार ने अब तक 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों को जमीन पर उतारने में सफलता प्राप्त की है, जिससे प्रदेश के युवाओं को अपने ही राज्य में रोजगार के अवसर मिल रहे हैं।

## ट्रंप कैबिनेट मीटिंग में रूबियो और मस्क के बीच तीखी बहस, देखते रह गए राष्ट्रपति

**वाशिंगटन ,एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कैबिनेट मीटिंग में विदेश मंत्री मार्को रूबियो और एलन मस्क के बीच अप्रत्याशित रूप से तीखी बहस हो गई। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, यह घटनाक्रम कर्मचारियों की छंटनी के मुद्दे पर हुआ, जिसने राष्ट्रपति ट्रंप समेत वहां मौजूद सभी लोगों को चौंका दिया।

सूत्रों के मुताबिक, बहस इतनी बढ़ गई कि विदेश मंत्री रूबियो ने सार्वजनिक रूप से एलन मस्क पर झूठ बोलने का आरोप लगा दिया। यह अप्रिय घटना उस समय घटी जब राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने कैबिनेट प्रमुखों से कहा कि स्टाफिंग और नीति संबंधी अंतिम निर्णय उन्हीं का होगा, न कि मस्क का। रॉयटर्स न्यूज एजेंसी के अनुसार, इस बहस में अमेरिकी परिवहन मंत्री भी शामिल हो गए, जिससे स्थिति और तनावपूर्ण हो गई।

## सरकार महिलाओं के खाते में डालने जा रही 2500 रुपए



**नई दिल्ली ,एजेंसी।** राजधानी में सत्ता पर काबिज होने के बाद बीजेपी अपने वादों को पूरा करने की तरफ कदम बढ़ा रही है। महिला दिवस के मौके पर बीजेपी ने महिला समृद्धि योजना को कैबिनेट बैठक में मंजूरी दे दी है।

इसके लिए सरकार ने शर्तें भी लागू की है। जिस को पूरा करने पर महिला को पैसे उसके अकाउंट में ट्रांसफर किए जाएंगे। महिला समृद्धि योजना के तहत लाभार्थी महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए की आर्थिक मदद दी जाएगी। वादे के मुताबिक भाजपा ने इस योजना का लाभ सिर्फ गरीब महिलाओं को देने का फैसला किया है। महिला समृद्धि योजना का लाभ गरीबी रेखा से नीचे रहने वाली महिलाओं को ही मिलेगा। महिला समृद्धि योजना का लाभ लेने के लिए बीपीएल कार्डधारी होना आवश्यक है। यह कार्ड बताता है कि आप गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन कर रहे हैं। महिला समृद्धि योजना का लाभ 21 से 59 साल की महिलाओं को मिलेगा। 60 साल की आयु पूरी करते ही महिलाएं इस योजना से बाहर हो जाएंगी। 60 या इससे अधिक उम्र की महिलाओं को वृद्धि पेंशन मिलती है।

## अगर गुजरात में हमारा 5% वोट और बढ़ जाए तो कांग्रेस की सरकार आ जाएगी : राहुल गांधी



**गुजरात ,एजेंसी।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा, मैं गुजरात के युवाओं, किसानों, छोटे व्यापारियों और अपनी बहनों के लिए आया हूं। मैंने खुद से पूछा कि मेरी और कांग्रेस पार्टी की क्या जिम्मेदारी है? तकरीबन पिछले 30 सालों से हम यहां सरकार में नहीं हैं... जब तक हम अपनी जिम्मेदारी को पूरा नहीं करेंगे, तब तक गुजरात की जनता हमें चुनाव में विजयी नहीं बनाएगी... जिस दिन हमने अपनी जिम्मेदारी पूरी कर दी, उसी दिन गुजरात के सभी लोग कांग्रेस पार्टी को अपना समर्थन दे देंगे। राहुल ने कहा गुजरात में विपक्ष के पास 40% वोट है।

आप कहीं भी प्रदेश में दो लोगों को खड़ा कर देंगे तो उसमें एक BJP और दूसरा कांग्रेस का निकलेगा।अगर गुजरात में हमारा 5% वोट और बढ़ जाए तो कांग्रेस की सरकार आ जाएगी।तेलंगाना में हमने 22% वोट बढ़ाया है, यहां तो सिर्फ 5त्न की जरूरत है। जब कांग्रेस पार्टी को अंग्रेजों का सामना करना पड़ रहा था। तब हम देश में हर जगह नेतृत्व ढूंढ रहे थे।कांग्रेस पार्टी हिंदुस्तान की जनता का प्रतिनिधित्व कर रही थी, लेकिन हमें नेतृत्व गुजरात से मिला, जिनका नाम महात्मा गांधी था।महात्मा गांधी जी के नेतृत्व ने हमें सोचने, लड़ने और जीने का तरीका दिया। गांधी जी के बिना कांग्रेस पार्टी देश को आजादी न दिलवा पाती। गांधी जी के साथ गुजरात ने हमें सरदार पटेल जी भी दिए। यानी हिंदुस्तान को गुजरात ने रास्ता दिखाया। कांग्रेस पार्टी में हमारे सबसे बड़े नेताओं में से 2 नेता गुजरात के थे। आज एक बार फिर से गुजरात रास्ता देखना चाह रहा है।




# स्काउट एवं गाइड द्वारा अंतराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में तथा जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला कमिश्नर स्काउट श्री एमएल गर्ग के निर्देशन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बायपास रोड श्योपुर में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक संचालक एवं विकास खंड कमिश्नर गाइड श्रीमती मधु शर्मा ने की। मुख्य अतिथि एडीपीओ सुश्री शिल्पी श्रीवास्तव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्रह्मकुमारी तारा बहन, डॉ गायत्री मित्तल, हॉस्टल वार्डन श्रीमती विष्णु शर्मा उपस्थित रहीं। सर्वप्रथम सभी अतिथियों का प्रवेश द्वार पर स्काऊट बैंड बजाकर एवं स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया गया। स्काऊट प्रार्थना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई सभी अतिथियों के परिचय के बाद मुख्य अतिथि एडीपीओ सुश्री शिल्पी श्रीवास्तव द्वारा सशक्त नारी के विकास में कानून की जानकारी की उपयोगिता के संदर्भ में अपने विचार व्यक्त किये गये। ब्रह्मकुमारी तारा बहन ने स्त्रियों की सशक्त होने की आवश्यकता पर अपना उद्बोधन दिया। तत्पश्चात डॉ गायत्री मित्तल ने आज के समाज में एक सशक्त नारी की क्या भूमिका हो सकती है और वह देश के विकास में किस प्रकार अपना योगदान दे सकती है के बारे में उद्बोधन दिया गया। इस अवसर पर भारत स्काउट एवं गाइड जिला श्योपुर से जिला वयस्क संसाधन आयुक्त गाइड श्रीमती रुक्मणी माहौर, जिला मुख्यालय आयुक्त श्रीमती उर्मिला गर्ग, श्रीमती नीरू गर्ग, श्रीमती सरिता सिंहल, श्रीमती माया गुप्ता, फ्लॉक लीडर सुश्री काजोल माहौर, रेंजर सुश्री ज्योति माहौर,गाइड खुशी मंगल, सुरभि गर्ग, दिया गर्ग, परी गर्ग, तानी दीक्षित, राशि गोयल, खुशी भिलाला, मुस्कान भिलाला आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन जिला संयुक्त सचिव श्रीमती चंद्रा मंगल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के आयोजन की सम्पूर्ण व्यवस्था जिला आयुक्त रेंजर सुश्री रीना प्रजापति द्वारा की गयी।

# मुख्यमंत्री जी द्वारा लाडली बहना योजना की 22वी किस्त की राशि का अंतरण



**श्योपुर ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा अंतराष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च के अवसर पर भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेशन हॉल में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मान समारोह कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत प्रदेश की 1.27 करोड़ लाड़ली बहनों को 1552.73 करोड़ रूपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण की गई। इस कार्यक्रम के माध्यम से श्योपुर जिले की 1 लाख 9 हजार 519 बहनाओं को भी राशि प्राप्त हुई। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान किया गया। इस अवसर पर निषादराज भवन में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई आदिवासी, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री शंशाक भूषण, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रेणु सुजीत गर्ग, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री नीरज जाट, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती सरोज तोमर, बाल संरक्षण कल्याण समिति की अध्यक्ष श्रीमती अर्चना भूषण, श्रीमती उमा शर्मा सहित डीपीओ महिला बाल विकास श्री ओपी पाण्डेय, डीपीएम एनआरएलएम श्री सोहनकृष्ण मुदगल आदि अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समाज में महिलाएं हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो रही है। घर परिवार के साथ ही बडे ओहदे भी संभाल रही है। शासन महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए सतत् रूप से कार्य कर रहा है। राजनैतिक, आर्थिक एवं सामाजिक क्षेत्र के साथ ही शासन एवं प्रशासन में महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होने कहा कि बेटा और बेटी में कोई भेदभाव नही होना चाहिए, अब यह वह दौर नही, जब बेटी को बोझ समझा जाता था, बल्कि अब बेटियां आगे बढ रही है और अपने आप को साबित कर रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई आदिवासी ने इस अवसर पर उपस्थित सभी महिलाओं को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में भी महिलाएं सशक्त हुई और और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर भी बन रही है। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री शंशाक भूषण ने कहा कि आज श्योपुर के लिए गौरव का विषय है जब जिले की दो शख्सियत को भोपाल में सम्मान मिल रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री जी आज किन्नर कोमल गुरू को उनके सामाजिक क्षेत्र में किये गये कार्यो के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित कर रहे है, वही समूह से जुडी आदिवासी सहरिया परिवार की महिला श्रीमती सुनीता आदिवासी अपने आर्थिक निर्भरता के अनुभव राज्य स्तरीय मंच पर शेयर कर रही है। उन्होने कहा कि शासन की अनेक योजनाएं महिला सशक्तिकरण के लिए चल रही है, जिनमें लाडली बहना योजना, लाडली लक्ष्मी योजना प्रमुख है। इसके साथ ही शासन ने आधी आबादी को आरक्षण प्रदान कर राजनैतिक, प्रशासनिक आदि क्षेत्रो में अवसर प्रदान किये है।

नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रेणु सुजीत गर्ग ने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में तरक्की कर रही है, उन्होने कहा कि एक-दूसरे से प्रेरणा लेकर सभी आगे बढे और स्वच्छ समाज की स्थापना में अपनी भूमिका निभायें। उन्होने आव्हान किया कि सभी महिलाएं अपने बच्चों को शिक्षा प्रदान करने में पीछे न रहें, शिक्षा ही ऐसी कुंजी है, जो हर समस्या का हल करती है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री नीरज जाट ने इस अवसर पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महिलाएं घर, परिवार, समाज के साथ ही सार्वजनिक क्षेत्र में भी भूमिका का निर्वहन कर रही है। मातृ शक्ति को प्रणाम करते हुए उन्होने कहा कि धरती से लेकर आकाश और अंतरिक्ष तक महिलाओं ने अपने कार्यो से उदाहरण प्रस्तुत किये है। इसके साथ ही महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती सरोज तोमर, बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष श्रीमती अर्चना भूषण, एपीआरओ सुश्री अवंतिका श्रीवास्तव, परियोजना अधिकारी श्रीमती राजेश शर्मा ने भी अपने उदगार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन पर्यवेक्षक श्रीमती सुषमा सोनी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्र में अपने उत्कृष्ट कार्यो के लिए महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान एनआरएलएम अंतर्गत समूह के माध्यम से विभिन्न आजीविका मूलक गतिविधियों में बेहतर कार्य करने वाली महिलाओं, कृषि क्षेत्र से जुडी महिलाओं, ड्रोन उडाने वाली महिला, लखपति दीदी एवं महिला बाल विकास की सुपरवाईजर, आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओ को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से श्योपुर जिले की 01 लाख 9 हजार 519 लाडली बहनाओं को उनके बैंक खाते में 1250-1250 रूपये की राशि प्राप्त हुई। श्योपुर की लाडली बहनाओं को माह फरवरी के लिए कुल 13 करोड 44 लाख 74 हजार 150 रूपये की राशि अंतरित की गई। योजना के तहत श्योपुर जिले में कुल 1 लाख 9 हजार 519 बहनों को लाभ मिला है। नगरपालिका श्योपुर क्षेत्र की 11 हजार 820, नगर परिषद बडौदा क्षेत्र की 3425, नगर परिषद विजयपुर क्षेत्र की 2843, जनपद पंचायत क्षेत्र श्योपुर की 44 हजार 188, जनपद पंचायत कराहल क्षेत्र की 11 हजार 744 तथा जनपद पंचायत विजयपुर क्षेत्र की 35 हजार 499 लाडली बहनाओं को यह राशि प्राप्त हुई है।

# लोक अदालत में आपसी सुलह व समझौते से 1091 प्रकरणों का निराकरण, नेशनल लोक अदालत आयोजित



**श्योपुर ब्यूरो।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के दिशा-निर्देशानुसार एवं श्री पवन कुमार शर्मा, प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय, श्योपुर एवं तहसील न्यायालय विजयपुर में वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ श्री पवन कुमार शर्मा, प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा द्वीप प्रज्वलित एवं सरस्वती माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इस मौके पर श्री डी.एस. चौहान, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, श्री लीलाधर सोलंकी, विशेष न्यायाधीश, श्री अरूण कुमार खरादी, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा, सुश्री संध्या मरावी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्रीमती मनदीप कौर सेहमी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, सुश्री ऋचा भट्ट, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, सुश्री पूर्वी राय, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, श्री परवेज आलम, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, श्रीमती शिखा शर्मा, जिला विधिक सहायता अधिकारी, श्री राजीव गुप्ता, एस.डी.ओ.पी., श्री ललित मुद्गल, अध्यक्ष, जिला अभिभाषक संघ एवं अभिभाषक संघ के अधिवक्तागण, जिला न्यायायलय श्योपुर के सभी न्यायिक अधिकारीगण, कर्मचारीगण, सामाजिक कार्यकर्ता एवं विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहें। जिला न्यायालय श्योपुर में प्रीलिटिगेशन मामलों के लिए विद्युत विभाग, वन विभाग, नगर पालिका, बैंक एवं बी.एस.एन.एल., लैण्डलाईन आदि के प्रकरणों के निराकरण हेतु पृथक-पृथक स्टॉल लगाये गये जिन पर भारी संख्या में लोग अपने निराकरण के लिए स्टॉलों पर मौजूद थे तथा प्रकरणों में राजीनामा करने पर लोक अदालत स्मृति चिन्ह के रूप में फलदार पौधे पक्षकारों को प्रदान किये गये। नेशनल लोक अदालत में प्रीलिटिगेशन के विभिन्न विभागों के करीब 734 मामलें निपटाए जाकर राशि रूपये 13648721 रूपये की वसूली की गई। जिसमें समस्त बैंकों के करीब 63 प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जाकर 5392300 रूपये राशि की वसूली की गई। विद्युत विभाग के लगभग 524 मामले निराकृत कर 7489000 रूपये राशि की वसूली की। नगर पालिका के लगभग 127 निपटाए जाकर 685258 रूपये राशि की वसूली की। वन विभाग के लगभग 16 मामले निराकृत कर 76732 रूपये राशि की वसूली की। बी.एस.एन.एल. के लगभग 04 प्रकरणों का निराकरण कर 5431 रूपये राशि की वसूली की गई। जिला न्यायालय, श्योपुर एवं तहसील न्यायालय, विजयपुर के न्यायिक अधिकारियों की खण्डपीठों ने कुल 357 मामलों का आपसी सुलह और समझौते से पक्षकारों के मामलों का निराकरण किया गया। जिसमें मोटर दुर्घटना के 09 मामलों में 5420000 रूपये राशि का मुआवजा दिलाया गया तथा चैक बाउंस 42 मामलों में 10182342 रूपये राशि तथा आपराधिक प्रकरण के 132 मामलों में निराकरण किया गया एवं विद्युत विभाग के 107 मामलें निराकृत कर 1441826 रूपये राशि प्राप्त हुई। इस प्रकार कुल 1091 प्रकरणों का सफलतापूर्वक निराकरण हुआ एवं राशि रूपये 32502377 रूपये की वसूली की गई।

# जल एवं स्वच्छता तदर्थ समिति ने मनाया महिला दिवस

**श्योपुर ब्यूरो।** विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य में जल जीवन मिशन अंतर्गत म.प्र. जल निगम परियोजना क्रियान्वयन इकाई ग्वालियर के तहत मूँझरी ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत ग्राम चोडंपुर में सरपंच श्रीमती ललिता बैरागी के आतिथ्य में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम में निर्मित ग्राम जल एवं स्वच्छता तदर्थ समिति की महिलाएं,स्व सहायता समूह की महिलाएं तथा अन्य ग्राम की महिलाएं उपस्थित रही कार्यक्रम में महिलाओं को जल जीवन मिशन तथा समस्त महिला अधिकारों के बारे में बताया गया और उपस्थित महिलाओं को श्रीफल एवं शॉल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एसक्यूसी से एमसीएम श्री राकेश शर्मा एवं आईएस टीम उपस्थित रही।

# श्योपुर के तीन खिलाडी जीवाजी विश्वविद्यालय की टीम में चयनित

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में विभिन्न खेल संबंधी गतिविधियां संचालित है, इसी क्रम में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय श्योपुर के तीन छात्र विजय शर्मा, सुनील शर्मा एवं हर्ष यादव का वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी खो खो पुरुष प्रतियोगिता के लिए जीवाजी विश्वविद्यालय की टीम में चयन हुआ है। तीनों खिलाड़ी आगामी हफ्ते में विक्रांत यूनिवर्सिटी ग्वालियर में आयोजित होने वाली वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी खो खो पुरुष प्रतियोगिता में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व जीवाजी विश्वविद्यालय की टीम में करेंगे। ज्ञात रहे कि तीनों खिलाड़ी दिसंबर माह में आयोजित राज्य स्तरीय खो खो प्रतियोगिता में ग्वालियर चंबल संभाग की ओर से महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करके लौटे हैं तथा विजय शर्मा का चयन लगातार तीसरी बार जीवाजी विश्वविद्यालय की खो खो पुरुष टीम में हुआ है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस डी राठौर, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ विपिन बिहारी शर्मा एवं क्रीड़ा अधिकारी डॉ मनु प्रताप सिंह भदौरिया द्वारा खिलाड़ियों शुभकामनाएं देते हुए आगामी प्रतियोगिता में उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# नारीशक्ति के पंखों को उड़ान देने की जिम्मेदारी सरकार एवं प्रशासन की है - कलेक्टर

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर कार्यक्रम हुआ आयोजित, जिला अंतर्गत विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाली बालिकाओं एवं महिलाओं को किया गया सम्मानित, जिले की 2.73 लाख से अधिक लाड़ली बहनों को 33.40 करोड़ से अधिक राशि का हुआ अंतरण



**भिण्ड ब्यूरो।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग भिण्ड द्वारा कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत कार्यालय भिण्ड के सभागार में किया गया। इस दौरान जनपद पंचायत भिण्ड अध्यक्ष श्रीमती सरोज बघेल, कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव, महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री संजय जैन सहित अन्य अधिकारी, लाड़ली बहना उपस्थित रहीं।अतिथियों द्वारा जिला अंतर्गत विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाली बालिकाओं एवं महिलाओं को प्रमाण-पत्र, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव ने उपस्थित सभी महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ना केवल आज का दिवस अपितु पूरा वर्ष महिलाओं को समर्पित है और आप हर क्षेत्र में उपलब्धि हासिल कर सकती हैं, नारीशक्ति के पंखों को उड़ान देने की जिम्मेदारी सरकार एवं प्रशासन की है। उन्होंने कहा कि किसी भी महिला अथवा बालिका को किसी भी प्रकार की आवश्यक सहायता के लिए वह सीधा जिला प्रशासन, महिला बाल विकास विभाग से सम्पर्क कर सकती है। जिला प्रशासन आपको हर संभव मदद, पात्रता अनुसार योजना से संबंध एवं आपके हितैषी योजनाओं के लिए शासन को प्रस्तावित करने का कार्य करता है तथा सभी महिलाएं और बालिका सशक्त होकर अपने अधिकारों का प्रयोग करें और स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, राजनीति, हर क्षेत्र में विभिन्न मंचों पर अपनी कीर्ति फैला कर अपने परिवार, प्रदेश और देश का नाम रोशन करें। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री संजय कुमार जैन के द्वारा सभी बालिकाओं, महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा गया कि महिला दिवस केवल आज का उत्सव नहीं है अब तो ऐसा कोई भी दिन नहीं है जिस दिन महिला बराबर के सम्मान की हकदार ना हो, सभी महिलाओं को उनका बराबर का हक मिले, सभी महिलाएं सशक्त हों, सभी बालिकाएं अपनी रुचि अनुकूल विभिन्न पाठ्यक्रम में भाग लें, ऐसी सारी गतिविधियां प्रशासन के सहयोग से निरंतर संचालित की जाती हैं। कार्यक्रम में महिला बाल विकास विभाग से बाल संरक्षण अधिकारी श्री अजय सक्सेना द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय की चिकित्सक डॉक्टर शालिनी जैन को महिला स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए पुरस्कार दिया गया, इसी के साथ विभिन्न विधाओं, खेल, स्कूल शिक्षा में उत्कर्ष प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं एवं विभिन्न मंचों पर राज्य स्तरीय, अंतर्राष्टीय स्तरीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं, महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में कुशाभाऊ ठाकरे सभागार, भोपाल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित लाड़ली बहनों को सिंगल क्लिक के माध्यम से राशि अंतरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण उपस्थित सभी प्रतिभागियों द्वारा देखा एवं सुना गया। जिला भिण्ड अंतर्गत कुल 2 लाख 73 हजार 808 लाड़ली बहनों को राशि 33 करोड़ 40 लाख 47 हजार 800 अंतरित की गई।

# नारी में है शक्ति अपार ,वही करेगी विश्व का उद्धार : ब्रह्माकुमारी कृष्णा दीदी



**मुरैना,कांस।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शांति भवन सब्जी मंडी रोड पोरसा में आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया।सेवाकेंद्र संचालिका दीदी ने बताया की महिला का सम्मान किसी एक दिन का बाध्य नहीं है बल्कि महिला का सम्मान हर एक दिन होना चाहिए।ब्रह्माकुमारी निकेता दीदी जी ने कहा एक मकान को घर बनाना ,बच्चे को जन्म देने से लेकर पालन पोषण करना, अच्छे संस्कार देना , जीवन में नित नई अच्छाइयों को बढ़ावा देना , जीवन में हिम्मत उल्लास बढ़ाना, खुद के दर्द भूल कर सबको खुशियां बांटना -यह नारी ही कर सकती है।नारी नरक का द्वार नहीं बल्कि स्वर्ग के द्वार खोलने के निमित्त है । हमारी संस्कृति में जब भी देवी देवताओं के नाम लेते हैं तो सबसे पहले देवियों के ही नाम लिए जाते हैं राधा- कृष्ण, सीता-राम, लक्ष्मी- नारायण।देश की नदियों के नाम भी गंगा- जमुना- सरस्वती आदि हैं । इतना ही नहीं हमारी सर्वशास्त्र शिरोमणि भी गीता ही है।घर में धन कमाने वाला पुरुष होगा लेकिन पूजा मां लक्ष्मी जी की ही की जाती है, विद्या के रूप में मां सरस्वती जी की पूजा की जाती है एवं युद्ध के मैदान में पुरुष जाने से पहले शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा की पूजा करते हैं।नारी शक्ति जो सभी की माता ,बहन , पत्नी,पुत्री बनकर स्नेह और पालन करती है ।कहते भी हैं। नारी निंदा ना करो,नारी जग की खान, नारी से नर होत है , भक्त, ध्रुव, हनुमान नारी में अपार शक्ति है जो विश्व का उद्धार करने में कार्यरत है। कार्यक्रम में श्रीमती लक्ष्मी गुप्ता जी ( पोरसा मुक्तिधाम संचालिका) ने अपने जीवन के अनुभव बताते हुए कहा कि नारियों को जीवन में प्रतिदिन संघर्ष करना पड़ता है लेकिन संघर्ष करके ही वह अपने जीवन में हिम्मत और खुशी को अनुभव करती हैं, संघर्ष के प्रत्येक कदम में वह अपने को नित् नई ऊंचाइयों पर ले जाती हैं ।गायत्री मंदिर की सेवारत मालती गुप्ता जी ने भी सभी को परमात्मा से जुड़े रहने का संदेश दिया और बताया कि हम सभी के जीवन में हमारे परिवार का समाज का देश का बहुत महत्व है लेकिन इन सब का प्रेरणा स्रोत जो स्वयं निराकार शिव परमात्मा है उसको भी हम याद करें और उससे अपना संबंध बनाए रखें।प्रतिभा विद्या निकेतन की प्राचार्य( प्रिंसिपल) श्रीमती लक्ष्मी शिवहरे जी ने सभी महिलाओं को अंतर्राष्टीय महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हम सभी महिलाएं अपने जीवन में चाहे तो बहुत कुछ कर सकती हैं बहुत कुछ बनाकर दिखा सकती है बस परमात्मा का हाथ और साथ सदैव हमारे पास बना रहे तो हम सभी इस देश को जल्दी ही सुखमय में संसार जरूर बना देंगे।इस कार्यक्रम में ज्योति तोमर, (आशा कार्यकर्ता )सुनीता तोमर( चंबल कॉलेज सेक्रेटरी)आरती ,जसोदा,रजनी(समाज सेविका)सरस्वती ,गीता, किरण, नीलम, सीमा ,गिरजा, रामलता सरिता इत्यादि महिलाएं शामिल थी।ब्रह्माकुमारी निकेता दीदी ने सभी को ईश्वरीय सौग़ात भेंट की।

# बीआरसीसी कार्यालय में अर्गल को विदाई दी

**विजयपुर।** बीआरसीसी कार्यालय में नवागत बीआरसीसी अशोक शर्मा के स्वागत का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें वर्तमान बीआरसीसी श्री अर्गल को विदाई दी गई कार्यक्रम में शामिल बीईओ श्री हरी शंकर गर्ग शंकुल प्राचार्य कन्या विजयपुर श्री सोवरन जादौन, शंकुल प्राचार्य सहसराम श्री प्रताप परमार, बीएसी दर्शन लाल शाक्य,करन बरेलिया, मुक्ति गोयल, प्रमोद समाधिया, मंत्री के पीए अनिल बंसल, जनशिक्षक राजेश शुक्ला मुकेश शर्मा, मोहन शर्मा, विजय शर्मा, छोटे लाल, योगेश उपाध्याय, सुनील रावत, सत्यनारायण शर्मा, राम अवतार शिवहरे, नरेश शर्मा, आशीष अग्रवाल, सौनू शर्मा, एवं बड़ी संख्या में शिक्षक और मित्र गणों ने स्वागत और विदाई समारोह में सहभागिता की।



# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम संपन्न



**मुरैना,कांस।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत संचालित नेहरू युवा केंद्र मुरैना द्वारा अंतर्राष्टीय महिला दिवस का कार्यक्रम का आयोजन बी आई पी रोड कन्या छात्रा बास में संपन्न हुआ इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संतोष सिंह भदोरिया टी आई पुलिस ट्रैफिक एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता सलाहकार समिति के सदस्य सोनू खटीकाने की विशिष्ट अतिथि के रूप में सब इंस्पेक्टर लक्ष्मी भदोरिया हॉस्टल अधीक्षिका पुष्पा गोयल अधीक्षिका सुषमा राजावत रामविलास शर्मा दिलीप सुमन विकास बलिया उपस्थित रहे मुख्य अतिथि संतोष भदौरिया ने कहा कि आज महिला दिवस पर सभी से आग्रह है अपनी सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें और वाहन चलाते समय नियमों का पालन करे और जोभी कार्य करे पूरी मेहनत लगन से करे सफलता जरूर मिलेगी सोनू खटीक ने महिला सशक्तिकरण कार्यशाला के अंतर्गत उपस्थित महिलाओं से आग्रह है हर क्षेत्र में बढ़कर कार्य करें महिलाओं को घर के कार्य के साथ-साथ समाज सेवा के क्षेत्र में भी सहयोग प्रदान करें एवं बच्चियों को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करें बिसेश अतिथि श्रीमती लक्ष्मी भदौरिया एस आई ने कहा कि कोई भी कार्य करे पूरी मेहनत से करे और निडर होकर करे सफलता जरूर मिलेगी नेहरू युवा केंद्र द्वारा अतिथि द्वारा महिलाओ का सोल इशमिरती चिन देकर सम्मानित किया सुनीता करण बबीता कोशिक गीता जाटव शान्ती जाटव ज्योती तोमर पुष्पा गोयल सुषमा राजावत आदि लोग कार्यक्रम का संचालन रामविलास शर्मा ने किया एवं आभार प्रदर्शन विकास पलिया ने किया इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता छात्रावास की छात्रा है अन्य समाज सेवी महिलाएं भी उपस्थित रहे।

# लोक अदालत मे 446 लंबित प्रकरणों का हुआ निराकरण, वर्षों से लंबित मुकद्में से छुटकारा पाकर लोगों के चेहरे पर खिली खुशी



**भिण्ड ब्यूरो।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार नेशनल लोक अदालत का आयोजन श्री उमेश पाण्डव, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड के निर्देशानुसार एवं श्री मनोज कुमार तिवारी (सीनि.) विशेष न्यायाधीश / समन्वयक अधिकारी नेशनल लोक अदालत मार्गदर्शन में किया गया। नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु जिला मुख्यालय भिण्ड एवं न्यायिक तहसील मेहगांव, गोहद एवं लहार हेतु कुल 23 न्यायिक खण्डपीठों का गठन किया गया था जिनमें सुलहकर्ता सदस्य के रूप मे नामित अधिवक्तागणों द्वारा सहयोग प्रदान किया गया जिसके फलस्वरूप जिला मुख्यालय भिण्ड एवं तहसील मेहगांव, गोहद एवं लहार में लंबित कुल न्यायालयीन प्रकरण संख्या 446 प्रकरणों का निराकरण किया गया जिसमें कुल 1085 पक्षकार लाभान्वित हुए तथा राशि 1,26,69,943/(एक करोड छब्बीस लाख उनहत्तर हजार नौ सौ तैतालीस)-रूपये का अवार्ड पारित किया गया। उक्त प्रकरणों के अतिरिक्त प्रीलिटिगेशन जिनमें जलकर सम्पत्तिकर, विद्युत बी.एस.एन.एल, बैंक आदि के कुल प्रीलिटिगेशन प्रकरण संख्या 1013 का निराकरण किया गया, जिसमें 1023 व्यक्तियों को लाभांवित किया गया तथा उक्त प्रीलिटिगेशन प्रकरणों में कुल 1,26,24,264 /-रूपये ( एक करोड छब्बीस लाख चौबीस हजार दो सौ चौसठ रूपये)राशि वसूल की गई। वर्ष 2025 की प्रथम नेशनल लोक अदालत में गठित खण्डपीठो द्वारा कई मामलो में पक्षकारो के मध्य आपसी कटुता को समाप्त करते हुये दोनो पक्षो को मिलाने का कार्य किया गया तथा सफल प्रकरणों में पक्षकारो को पौधे भेट कर उन्हे जीवन में विवाद को समाप्त करने तथा शांतिपूर्वक सुखी एवं समृद्ध जीवन व्यतीत करने की सलाह भी दी गयी।

लोक अदालत में खण्डपीठ क्र. 4 के पीठासीन अधिकारी माननीय श्री दिनेश कुमार खटीक, जिला न्यायाधीश भिण्ड के न्यायालय में अपील में चल रहे एक प्रकरण जिसमें शहर भिण्ड कस्बा निवासी अपीलार्थी श्री बैजनाथ प्रसाद उम्र-82 वर्ष, ने 45 वर्ष पहले अपने मकान को प्रतिवादिया श्री दिव्या श्रीवास्तव के ससुर को किराये पर दिया था जिसमें विद्यालय संचालित हो रहा है। अपीलार्थी द्वारा विचारण न्यायालय में इस बावत् परिवाद दायर किया गया था कि उनकी संतान को उक्त किराए पर दिए हुए मकान की आवश्यकता है। विचारण न्यायालय द्वारा उनके प्रकरण में प्रतिवादी के पक्ष में फैसला सुनाया गया था। जिसके विरूद्ध श्री बैजनाथ प्रसाद ने अपील माननीय न्यायालय में दायर की थी। उक्त प्रकरण में दोनों पक्षों को बुलाकर पीठासीन अधिकारी द्वारा समझाइश दी गई कि पक्षकारगण अपने आपसी मदभेदों को भुलाकर आज लोक अदालत में अपने वर्षों से चले आ रहे प्रकरण को हमेशा के लिए समाप्त करें। उक्त समझाइश के उपरांत दोनों पक्ष इस बात पर राजी हुए कि प्रतिवादिया तीन महीने के भीतर किराए के मकान को उसके मालिक श्री बैजनाथ प्रसाद को सौंपेगी।

इस प्रकार वर्षों से चले आ रहे प्रकरण का राजीनामा से अंत हुआ तथा त्वरित एवं सुलभ न्याय की संकल्पना को सभी के सामूहिक प्रयासों से मूर्त रूप दिया तथा पक्षकारगणों को प्रकरण के निराकरण के फलस्वरूप भेंट के तौर पर फलदार वृक्ष माननीय श्री उमेश पाण्डव, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष महोदय द्वारा प्रदत्त किया गया तथा उनके एवं उनके परिवार की खुशहाली की शुभकामनाए देते हुए खुशी-खुशी उन्हें विदा किया।

# विवाद्यकों के विथरीकरण के लिये सम्मन

( आदेश 5 के नियम 1 और 5 )

(शीर्षक)

**न्यायालय-श्रीमान् मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण (दक्षिणी)**

**कानपुर नगर**

**प्रतिकर वाद सं. 947/2016**

श्रीमती अल्का सिंह पत्नी श्री रतन उर्फविक्रम (विक्की) निवासिनी ग्राम हरदोई राजा तहसील ऊरगॉव जिला जालौन (उ.प्र.) हाल निवास 69/5 किदवई नगर कानपुर नगर - याचिनी

**बनाम**

1. अनिरूद्ध सिंह राजावत पुत्र उदय सिंह राजावत निवासी बस स्टैण्ड लाहर जिला भिण्ड (म.प्र.)
3. पुष्पेन्द्र सिंह पुत्र भजन सिंह राजावत निवासी बाराकला थाना नेवास जिला भिण्ड म.प्र.

--- प्रतिवादी सं. 1 व 3

अल्का सिंह ने आपके विरूद्ध मोटर दुर्घटना प्रतिकर के लिये वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 29.7.2025 को दिन में 10.30 जो दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है। जिये समक अनुदेश दिये गये हों और इस वाद से संबंधित सभी सखान प्रश्नों का उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्तिहो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निदेश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है, और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज रप चाहे वह आपके कब्जे में शक्ति में हो या न हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजराईके दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर रहते है तो आप ऐसी दस्तावेजों की, लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बातई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह आज ता. 1.3.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुहर लगाकर दिया गया है।

**आज्ञा से**
**मुंसरिम**
**एम.ए.सी.टी.**
**(साउथ) कानपुर नगर**

# नेशनल लोक अदालत में आपसी समझौते से निराकृत हुए 10468 प्रकरण

## 37 करोड़ 61 लाख से अधिक राशि के अवार्ड पारित, 12168 व्यक्ति हुए लाभान्वित, 66 खंडपीठों ने किया मामलों का निराकरण



**ग्वालियर।** कार्यपालक अध्यक्ष राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के दिशा-निर्देशानुसार वर्ष 2025 की प्रथम नेशनल लोक अदालत शनिवार को आयोजित हुई। जिले में जिला मुख्यालय ग्वालियर पर जिला न्यायालय, कुटुबं न्यायालय,श्रम न्यायालय, रेलवे न्यायालय व जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग में नेशनल लोक अदालत का आयोजन हुआ। साथ ही सिविल न्यायालय डबरा व भितरवार में भी लोक अदलात आयोजित की गई। ग्वालियर जिले में आयोजित नेशनल लोक अदालत के लिए गठित 66 खंडपीठों ने 10 हजार 468 मामलों में राजीनामा कराकर आपसी समझौते के आधार पर निराकरण कराया गया और 37 करोड 61 लाख 70 हजार से ज्यादा राशि के अवार्ड पारित किए गए। नेशनल लोक अदालत से जिले में 12 हजार 168 व्यक्तियों को लाभांवित कराया गया। जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री दीपक शर्मा ने बताया कि निराकृत किए गए मामलों में न्यायालयों में लंबित 1048 मामलों में लगभग 25 करोड 51 लाख 54 हजार 60 की राशि के अवॉर्ड पारित हुए। इसके अलावा बैंक, नगरपालिका, विद्युत के 9 हजार 420 पूर्ववाद प्रकरणों में 12 करोड 10 लाख 16 हजार से अधिक की राशि लोक अदालत के माध्यम से वसूल की गई। निराकृत प्रकरणों में मोटर दुर्घटना के 208, चैक बाउंस के 202 , आपराधिक 327 , वैवाहिक 82, सिविल 161 , विद्युत के 127 प्रकरण,श्रम विभाग के 08 प्रकरण सम्मिलित रहे। इस बार नेशनल लोक अदालत के माध्यम से जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र प्रसाद शर्मा (प्रधान न्यायाधीश संवर्ग) द्वारा भी 05 मामले निराकृत किये गये। जिनमें 21 लाख 75 हजार 228 के अवार्ड पारित हुए। नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एवं संरक्षक मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर श्री न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत ने उच्च न्यायालय जबलपुर से वर्चुअल रुप से किया। जिला मुख्यालय ग्वालियर में नेशनल लोक अदालत का औपचारिक शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ग्वालियर श्री पी सी गुप्ता द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश एट्रोसिटीज श्री प्रमोद कुमार सिंह,नेशनल लोक अदालत समन्वयक श्री ए पी एस चौहान,सचिव उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ श्री महेश गोयल,मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री प्रशांत पाण्डेय, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री प्रियंक भारद्वाज, समस्त जिला न्यायाधीश, समस्त व्यवहार न्यायाधीश,जिला विधिक सहायता अधिकारी,प्रशासनिक एवं उप प्रशासनिक अधिकारी, लीगल एड डिफेंस काउंसिल (न्याय रक्षक), अधिवक्ता गण, सुलहकर्ता सदस्य,पैरा लीगल ववालेंटियर्स (अधिकार मित्र) ,जिला न्यायालय व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी आदि उपस्थित रहे। नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों का निराकरण कराने वाले पक्षकारों को वन विभाग के सौजन्य से न्याय वृक्ष के रूप में लगभग 500 छायादार,फूल एवं फलदार पौधे भी वितरित कराये गए। नेशनल लोक अदालत के प्रारंभ में ही मोटर दुर्घटना क्लेम प्रकरण में श्री विशाल अखंड की खण्डपीठ द्वारा एक करोड़ चार लाख का अवार्ड पारित किया गया, उक्त मामले के पक्षकारों को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री पी0सी0 गुप्ता, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह, द्वारा अवार्ड राशि का चैक प्रदान किया गया। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश श्री प्रमोद कुमार सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं श्री प्रियंक भारद्वाज उपस्थित रहें। मामले के निराकरण में आवेदक की ओर से अधिवक्ता श्री शिवकांत दुबे, श्री अवधेश कुमार तथा अनावेदक की ओर से अधिवक्ता श्री आशीष तोमर व विधि अधिकारी श्री आदेश श्रीवास्तव एवं सुलह कर्ता सदस्य श्री हरीश दीवान व ममता सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उक्त क्लेम प्रकरण में मृतक अमरजीत कुमार आयकर अधिकारी के रूप में कार्यरत होकर एक लाख रूपये प्रतिमाह वेतन प्राप्त कर रहे थे। वे अपने किसी शासकीय कार्य से अलीगढ़ आ रहे थे तभी उनकी कार का एक्सीडेंट हाथरस के पास हो गया जिसमें उनकी मृत्यु हो गयी जिसके संबंध में मृतक के परिजनों द्वारा मोटर दावा दुर्घटना अधिकरण के समक्ष तीन करोड़ पच्चीस लाख की क्षतिपूर्ति का आवेदन किया गया। इस प्रकरण में एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी द्वारा मृतक के विधिक प्रतिनिधियों के साथ एक करोड़ चार लाख रूपये में राजीनामा किया जाकर उक्त राशि भुगतान किये जाने हेतु सहमति दी गई।

# जिला मूल्यांकन समिति की बैठक आयोजित

## दावे-आपत्तियाँ 15 मार्च तक की जा सकती हैं, नागरिक एनआईसी की वेबसाइट एवं जिला पंजीयक और उप पंजीयक कार्यालय में गाइडलाइन का अवलोकन कर सकते हैं



**ग्वालियर।** जिले में अचल सम्पत्ति के मार्गदर्शक सिद्धांत गाइडलाइन वर्ष 2025-26 के लिये कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। उप जिला मूल्यांकन समिति ग्वालियर, डबरा एवं भितरवार के प्राप्त प्रस्तावों पर चर्चा की गई। इसके साथ ही 100 प्रतिशत से ज्यादा वृद्धि वाले लोकेशन के संबंध में समस्त सदस्यों से चर्चा की गई। चर्चा के उपरांत आम नागरिक के सुझाव, आपत्ति के लिये 15 मार्च 2025 तक का समय निर्धारित किया गया। कोई भी व्यक्ति प्रस्ताव एनआईसी के पोर्टल के अलावा जिला पंजीयक कार्यालय, उप पंजीयक कार्यालय ग्वालियर, डबरा एवं भितरवार में अवलोकन कर सकता है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण श्री प्रतुलचंद सिन्हा, अपर आयुक्त नगर निगम श्री मुनीष सिकरवार, संयोजक एवं वरिष्ठ जिला पंजीयक डॉ. दिनेश गौतम, जिला पंजीयक श्री अशोक शर्मा सहित जिला मूल्यांकन समिति के सदस्य एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में 100 प्रतिशत से ज्यादा वृद्धि वाली लोकेशन पर विचार के पश्चात सदस्यों ने कई लोकेशनों पर वृद्धि को और बढ़ाने की बात रखी। इसके साथ ही महलगाँव क्षेत्र, दीनदयालनगर, डोंगरपुर, मेट्रो टॉवर से रजिस्ट्रार कार्यालय, ओहदपुर, अलापुर, ग्राम रमौआ, ग्राम नैनागिरि, शब्दप्रताप आश्रम, गंगापुर, चंदोहा खुर्द, पिपरौली, जिगसौली, पुरानी छावनी, मालनपुर व मानपुर खुर्द में आम सहमति से दरों में वृद्धि किए जाने के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में 24 ग्राम जिनमें विकास अधिक हो रहा है, उन्हें टीएनसीपी द्वारा विशेष ग्रामों में रखा गया है। इनमें डांग सरकार, बंधौली, सौसा, दिनावली, मितावली, निरावली, रौरा, भानपुर, ओड़पुरा, बिठौली, सौजना, भगवानपुरा, रायपुर, अलीनगर शामिल हैं। भिण्ड रोड, न्यायाधीश रोड, गोविंदपुरी रोड, डीबी सिटी रोड, नाका चंद्रबदनी रोड पर भी दरें वृद्धि करने पर विचार किया गया। इसके साथ ही नेशनल हाईवे से लगे हुए ग्राम जिनमें विकास के प्रोजेक्ट शुरू हुए हैं। जिनमें बरेठा, करगवां, धनेली, वीरमपुरा, बरेठा, लक्ष्मणगढ एवं अन्य रोड पर स्थित ग्राम नागौर, तुरारी, खेरिया मिर्धा, बेहट, शेखपुरा, बड़ागांव, खुरैरी, मेहरा, सिरोल क्षेत्र में विकास कार्य अधिक होने एवं गाइडलाइन में दर कम होने पर सदस्यों ने दरें बढ़ाने की सहमति दी। नगर निगम ग्वालियर से लगे हुए क्षेत्र के गाँवों वीरमपुरा, धनेली, बरेठा, करगवां, डांग गुठीना, लक्ष्मणगढ़, खेरिया केसर, बेरजा, बिल्हेटी, राई, रतवाई, रसीदपुर में रजिस्ट्री संख्या से अधिक होने में गाइडलाइन कम होने के कारण वृद्धि करने पर चर्चा की गई। इसके साथ ही ग्राम बेहट, उटीला, हस्तिनापुर, आरोली, रौरा, बंधौली क्षेत्र में प्लानिंग होने के कारण दरों में वृद्धि करने पर विचार किया गया। बैठक में सदस्यों ने गाइडलाइन के संबंध में अपने महत्वपूर्ण विचार भी रखे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जिले के पेट्रोल पंपों पर शक्ति दीदियों का हुआ सम्मान



**ग्वालियर।** ग्वालियर जिले में महिला सशक्तिकरण के लिये कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने पेट्रोल पंपों पर फ्यूल डिलवेरी वर्कर के रूप में महिलाओं को जिम्मेदारी सौंपी है। इन महिलाओं को शक्ति दीदी का नाम दिया गया है। ग्वालियर जिले में 18 पेट्रोल पंपों पर शक्ति दीदियां मेहनत और लगन से अपने कार्य को अंजाम दे रही हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पेट्रोल पंपों पर शक्ति दीदियों का सम्मान किया गया। शहर के झाँसी रोड पर स्थित भगवान अचलेश्वर फ्यूल सेंटर पर सहायक आपूर्ति अधिकारी श्री सौरभ जैन एवं एचपीसीएल के सेल्स ऑफीसर श्री प्रवीण वर्मा ने पहुँचकर शक्ति दीदियों का सम्मान किया और उन्हें गिफ्ट भेंट की। इसके साथ ही डबरा, भितरवार क्षेत्र के पेट्रोल पंपों पर भी पंप संचालकों द्वारा पेट्रोल पंप पर कार्य कर रहीं शक्ति दीदियों को गिफ्ट भेंट कर सम्मानित किया। कम्पू स्थित पेट्रोल पंप पर शक्ति दीदियों को सम्मानित करने के साथ-साथ पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाने आई महिला शक्ति को भी पेन और चॉकलेट प्रदान कर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी और उन्हें सम्मानित किया गया।

# महिला सशक्तिकरण की दिशा में प्रदेश में किया जा रहा है उल्लेखनीय कार्य : मंत्री श्री कुशवाह

## जिले की 3 लाख 8 हजार 912 लाड़ली बहनाओं के खाते में 38 करोड़ रूपए की राशि भेजी गई



**ग्वालियर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश भर की लाडली बहनाओं के खाते में राशि अंतरित की। इसके साथ ही उन्होंने सभी बहनाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनायें भी दीं। ग्वालियर जिले का जिला स्तरीय कार्यक्रम नगर निगम के बाल भवन सभागार में आयोजित किया गया। जहाँ पर प्रदेश के उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर जिले की 3 लाख 8 हजार 912 लाड़ली बहनाओं के खाते में 38 करोड़ रूपए की राशि का अंतरण किया गया। लाड़ली बहनाओं के खाते में राशि अंतरण कार्यक्रम में जिला पंचायत की उपाध्यक्ष श्रीमती प्रियंका सतेन्द्र गुर्जर, संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती सीमा शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री बी एस जादौन, सहायक संचालक श्री राहुल पाठक एवं बड़ी संख्या में लाड़ली बहनायें उपस्थित थीं। प्रदेश के उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्क्रण विभाग के मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी को शुभकामनायें दीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में लाड़ली बहनाओं को सशक्त बनाने के लिये प्रतिमाह उनके खाते में धनराशि प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी मध्यप्रदेश में अनुकरणीय कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में जिला पंचायत की उपाध्यक्ष श्रीमती प्रियंका सतेन्द्र गुर्जर ने भी लाड़ली बहनाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लाड़ली बहनाओं के सशक्तिकरण हेतु लाड़ली बहना योजना के माध्यम से महिलाओं को स्वावलम्बी बनाया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रारंभ में संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास श्रीमती सीमा शर्मा ने लाड़ली बहना योजना के तहत लाभान्वित महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनायें दीं। साथ ही उन्होंने महिलाओं से आग्रह किया कि प्रतिमाह लाडली बहना योजना के तहत जो धनराशि उन्हें प्राप्त हो रही है, उसके माध्यम से वे अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिये सार्थक प्रयास करें। कार्यक्रम में शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल और महिला-बाल विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रमाण-पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कुमारी श्रेया सेन, कुशाग्रि भारद्वाज और मुस्कान को उत्कृष्ट चित्रकला के लिये पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मेंहदी और रंगोली प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया।

# प्राचार्य शाउमावि ररूआराय जिला दतिया कार्य में लापरवाही बरतने पर निलंबित

## कलेक्टर के प्रतिवेदन पर संभागीय आयुक्त ने किए आदेश जारी

**ग्वालियर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल की बोर्ड परीक्षा-2025 में सौंपे गए दायित्वों में लापरवाही बरतने पर संभागीय आयुक्त श्री मनोज खत्री ने प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ररूआराय जिला दतिया श्री शक्ति खरे को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश जारी किए हैं। निलंबन अवधि में श्री खरे का मुख्यालय कलेक्ट्रेट कार्यालय दतिया रहेगा तथा निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। संभागीय आयुक्त श्री खत्री ने अपने आदेश में कहा है कि कलेक्टर दतिया के प्रतिवेदन के आधार पर माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल की बोर्ड परीक्षा-2025 के लिये परीक्षा केन्द्र क्रमांक-151011 शासकीय उमावि बसई पर प्राचार्य शासकीय उमावि ररूआराय पर श्री शक्ति खरे को परीक्षा केन्द्राध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया। दिनांक 6 मार्च को जिला शिक्षा अधिकारी दतिया द्वारा परीक्षा केन्द्र बरई में आयोजित हाईस्कूल परीक्षा विषय संस्कृत का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित केन्द्राध्यक्ष श्री शक्ति खरे परीक्षा केन्द्र पर अनुपस्थित मिले। केन्द्र पर नियुक्त सहायक केन्द्राध्यक्ष श्री अनूप कुमार टोप्पो एवं लिपिकीय कार्य में संलग्न शिक्षक श्री राजकुमार साहू तथा केन्द्र पर पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त शिक्षक द्वारा निरीक्षणकर्ता को अवगत कराया गया कि संबंधित केन्द्राध्यक्ष गत परीक्षा दिवस 4 मार्च 2025 को भी परीक्षा पूर्ण होने से पहले परीक्षा केन्द्र छोड़कर चले गए थे। इसके साथ ही यह भी अवगत कराया कि संबंधित केन्द्राध्यक्ष द्वारा जानबूझकर अमूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं को सील किए जाने वाली सामग्री पर पूर्व से ही हस्ताक्षर कर चले जाते हैं। संभागीय आयुक्त श्री खत्री ने कलेक्टर के प्रतिवेदन के आधार पर प्राचार्य श्री शक्ति खरे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सुनीता माहौर ए.एन.एम. को प्रथम पुरस्कार

**मुरैना,कांस।** अंतर्राष्टीय महिला दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाडगढ़ मे अंतरा फाउंडेसन एवं स्वास्थ्य केंद्र की ओर से समस्त महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओ को सम्मानित किया गया जिसमे उत्तम कार्य के लिए प्रथम पुरस्कार से सुनीता माहौर, द्वितीय पुरस्कार से सुनीता प्रजापति, तृतीय पुरस्कार से वेबी सिकरवार को सम्मानित किया गया,पुरस्कार डॉ. अनुभा माहेश्वरी सी.बी.एम.ओ. द्वारा प्रदान किया गया क्या इस अवसर पर अंतरा फाउंडेशन के पदाधिकारी के साथ पहाड़गढ़ अस्पताल का स्टाफ उपस्थित रहा।



# महिलाओं ने उद्यम व्यवसाय शुरू कर स्वालम्बन का रास्ता तय किया: मंत्री श्री पटेल

## करेली में उन्नति सामुदायिक प्रशिक्षण केन्द्र का लोकार्पण

## सामुदायिक प्रशिक्षण केन्द्र के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री श्री पटेल



**भोपाल।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री श्री प्रलाद सिंह पटेल ने आज नरसिंहपुर जिले के विकासखंड करेली के अंतर्गत करेली बस्ती में 50 लाख रुपये की राशि से नवनिर्मित उन्नति सामुदायिक प्रशिक्षण केन्द्र का लोकार्पण किया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मंत्री श्री सिंह ने नगर पालिका अध्यक्ष करेली श्रीमती सुशीला ममार, कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, पुलिस अधीक्षक श्रीमती मृगाखी डेका और अन्य महिला कर्मचारियों, पुलिस व महिला जनप्रतिनिधियों का पुष्पगुच्छ देकर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम में मंत्री श्री पटेल ने एक हजार 132 स्वसहायता समूहों को संवर्धन हेतु बैंक से 28 करोड़ 27 लाख रुपये का चैक प्रदान किया। उन्होंने आजीविका मिशन की महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मंत्री श्री पटेल ने करेली बस्ती में 5 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले भगवान बिरसा मुंडा भवन का भूमिपूजन भी किया। मंत्री श्री पटेल ने उपस्थित मातृशक्ति को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनायें दी। उन्होंने कहा कि आज का मुख्य कार्यक्रम भोपाल में आयोजित किया गया, जिसमें लाड़ली बहनों के खातों में लाड़ली बहना योजना की राशि अंतरित की गई है।

उन्होंने वीरांगना रानी अवंतीबाई के बारे में बताते हुए कहा कि कम उम्र में राज्य का संचालन कर अंग्रेजों को चुनौती दी। मंत्री श्री सिंह ने वीरांगना रानी दुर्गावती के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि आपको बहनें ऊर्जा, पत्नी सहायता, बेटी संबल देती है। जितनी हमारी परंपरायें, सामर्थ, भाषा हैं, इसको देने वाली हमारी मातृशक्ति है। हम नदी को माता कहते हैं क्यों नदी सिर्फ पानी नहीं देती, नदी जीवन, पानी प्राकृति का पालन करता है, प्रकृति के संतुलन का काम भी करती है और जीव- जंतुओं को जीवन देने का काम करती है। उन्होंने कहा कि हमारी सनातन व्यवस्था में मातृसत्ता सर्वोच्च सत्ता है। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि मप्र में लगभग 5 लाख 20 हजार से ज्यादा स्वसहायता समूह है। इसमें लगभग 62 लाख महिलायें कहीं न कहीं से जुड़ी हुई हैं। इसमें लगभग 3.30 लाख महिलायें ऐसी जिन्होंने उद्यम का व्यवसाय शुरू करके स्वालम्बन का रास्ता तय किया है। प्रदेश की कई बहनें लखपति बन गई हैं। उन्होंने आजीविका मिशन की कई महिलाओं के सशक्त होने के उदाहरण भी बताये। लाड़ली बहना योजना के माध्यम से महिलाओं को आत्मविश्वास जागृत हुआ है।

# बहोड़ापुर में दुकानों में आग की घटना पर ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने दिलाया मदद का भरोसा



**ग्वालियर।** ग्वालियर के बहोड़ापुर क्षेत्र में शुक्रवार की रात आठ दुकानों में आग लगने की घटना पर ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने संवेदना व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवारों से मिलकर मदद का भरोसा दिलाया। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने घटना पर दुःख जताते हुए कहा कि बहोड़ापुर क्षेत्र में लगी भीषण आग में 8 दुकानों के जलने की घटना से मन व्यथित है। उन्होंने कहा कि सरकार पीड़ितों के प्रति संवेदना रखती है। ऊर्जा मंत्री ने घटना स्थल पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया और प्रभावित व्यापारियों से मुलाकात की। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस कठिन समय में सरकार आपके साथ खड़ी है। आपका जो नुकसान हुआ वह अपूरणीय है, लेकिन सरकार आपकी हरसंभव मदद के लिए प्रतिबद्ध है। पुनर्निर्माण और पुनर्वास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। विपदा की इस घड़ी में हम हर स्तर पर आपके साथ हैं ।

# ऊर्जा मंत्री श्री तोमर रविवार को विकास कार्यों का करेंगे भूमिपूजन

**ग्वालियर।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर रविवार 9 मार्च को उप नगर ग्वालियर में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। ऊर्जा मंत्री रविवार दोपहर 12.30 बजे वार्ड-5 के आनन्द नगर चौराहे पर 1.60 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाली सीवर की मैन ट्रैक लाइन का भूमिपूजन करेंगे। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर रविवार दोपहर 12.30 बजे आनन्द नगर चौराहा पहुंचेंगे तथा यहां 1.60 करोड़ की लागत से बहोड़ापुर से आनंद नगर होते हुए सागरताल चौराहे तक निर्मित होने वाली मैन सीवर ट्रैक लाइन के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# मंत्री पटेल के खिलाफ कांग्रेस ने महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौपा

**मुरैना,कांस।** मध्य प्रदेश सरकार में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद पटेल द्वारा की टिप्पणी को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंप कर मंत्री पहलाद पटेल कार्रवाई की मांग की है। कांग्रेस द्वारा सोपे गए ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री पहलाद पटेल को सार्वजनिक रूप से प्रदेश की जनता को भिखारी निरूपित किया है उन्होंने कहा है कि जहां भी मंत्री पहुंचते हैं वहां जनता ज्ञापन देने के नाम पर सौगातों की भीख मांगने के लिए कटोरा आगे कर देते हैं निश्चित रूप से श्री पटेल का उक्त कथन निंदनीय एवं घोर आपत्तिजनक है। श्री पटेल के आम जनता को सार्वजनिक रूप से भिखारी निरूपित करने पर प्रदेश की जनता एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से घोर आपत्ति की गई है एवं जगह-जगह आम जनता द्वारा श्री पटेल से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने तथा मंत्रिमंडल से हटाने के संबंध में प्रदर्शन किये जा रहा हैं महामहिम लोकतंत्र में मंत्री बनने के पहले विधायक होना पड़ता है ,और विधायक बनने के लिए आम जनता के बीच में जाकर उनके हाथ पैर जोड़कर उनसे वोट मांगा जाता है। जो आप अपने आप में एक तरह से वोट की भीख मांगने वाला काम है लेकिन जनता लोकतंत्र की रक्षा के लिए किसी भी राजनीतिक व्यक्ति को जो चुनाव लड़ रहा है उसे अपमानित नहीं करती है लेकिन खेद है कि मंत्री श्री प्रहलाद पटेल द्वारा सार्वजनिक रूप से आम जनता को भिखारी कहे जाने पर कोई अफसोस व्यक्त नहीं किया है उल्टे हट धार्मिता दिखाते हुए कह रहे हैं कि उनका कथन एकदम सही है जिला कांग्रेस कमेटी मुरैना के द्वारा उक्त धरना प्रदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी के से प्रभारी श्री राहुल शर्मा एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता तथा जिला के प्रभारी श्री राम पांडेय के आतिथ्य में हुआ। दोनों ही अतिथि ने मंत्री के बयान की घोर निंदा की। उक्त ज्ञापन देने में जिला कांग्रेस कमेटी के ग्रामीण अध्यक्ष श्री मधुराज तोमर एवं शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री दीपक शर्मा उक्त धरना प्रदर्शन को



संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे मंत्री को मंत्री पद से त्यागपत्र दे देना चाहिए जो मंत्री प्रदेश की जनता को भिखारी कहकर संबोधित कर रहा है उन्हें मंत्री पद पर बने रहने का कोई औचित्य नहीं है उक्त धरना प्रदर्शन में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं जिले के प्रभारी श्री राम पांडे एवं मुरैना जिला के सहप्रभारी श्री राहुल शर्मा उपस्थित थे सभी ने एक स्वर में मंत्री का इस्तीफा मांगा और भिखारी कहे जाने पर निंदा की। इस धरना प्रदर्शन के अवसर पर नगर निगम के सभापति श्री राधा रमन डंडौतिया सबलगढ़ के पूर्व विधायक बैजनाथ कुशवाहा मुरैना श्योपुर लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी श्री सत्यपाल सिंह कुशवाह नगर निगम में प्रतिपक्ष के नेता श्री विनीत कंसाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव श्री राम लखन डंडौतिया सुभाष सिंह सिकरवार संगठन मंत्री वीरेंद्र हरसाना सुनील शर्मा राजेंद्र यादव हरीश पाठक प्रवक्ता उदयवीर सिंह सिकरवार रामू तोमर लोकेंद्र सिंह यादव वीरेंद्र हरिओम राजोरिया पार्षद गोविंद गोले पार्षद राकेश गुप्ता उमा चरण कटारे ब्लॉक अध्यक्ष अंबाह पूरन यादव ब्लॉक अध्यक्ष बामोर भागचंद ब्लॉक अध्यक्ष सुमावली धर्मेंद्र सिकरवार राजकुमार धाकड़ राजकुमार सिकरवार श्री चंद उपाध्याय रिंकू पचौरी राजेंद्र सिंह जादौन मनीष शर्मा पवन शुक्ला दिनेश दंडोतिया रामस्वरूप माहौर बचन सिंह हरसाना पिंकी सिकरवार शेर सिंह तोमर धर्मेंद्र तौमर गजेंद्र सिंधी विपिन चौहान रामवीर फौजी प्रेम सिंह बघेल वकील जाटव प्रदीप रजक सेवादल अध्यक्ष राकेश दंडोतिया वकील जाटव रामहेत पिप्पल, सेवा दल के जिलाअध्यक्ष प्रदीप रजक आदि।


## सोनागिर स्टेशन पर रेलगाड़ियों का अस्थाई ठहराव

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए **श्री दिगम्बर जैन सिद्ध क्षेत्र के वार्षिक जैन मेला के दौरान सोनागिर स्टेशन पर दिनांक 10.03.2025 से 20.03.2025 तक निम्नलिखित मेल/एक्सप्रेस रेलगाड़ियों के 1 मिनट का अस्थाई ठहराव** प्रदान किए जाने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

| क्रम सं0 | रेलगाड़ियों का विवरण |
|---|---|
| 1 | 11107/11108 ग्वालियर जं.-बनारस बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस (प्रतिदिन) |
| 2 | 11123/11124 ग्वालियर जं.- बरौनी जं. मेल (प्रतिदिन) |
| 3 | 19665/19666 उदयपुर सिटी- खजुराहो एक्सप्रेस (प्रतिदिन) |
| 4 | 18237/18238 कोबरा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस (प्रतिदिन) |

नोट : ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन नं0 139 या Railmadad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 438/25 (C)


# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दी बधाई और शुभकामनाएँ

**भोपाल ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को बधाई देते हुए कहा कि भारत की संस्कृति माँ और बहन प्रधान है, इसी का प्रभाव है कि हमारे देश का नाम भारत ÷माता÷ से जोड़कर लिया जाता है। महिलाओं और बहनों की जिंदगी को बेहतर बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों और योजनाओं का संचालन किया जा रहा है।

## संपादकीय

# नई शिक्षा नीति संबंधी विवाद

कुछ ही समय पहले कर्नाटक में एक पुस्तक मेले के दौरान तमिल किताबों की बिक्री को लेकर विरोध जताया गया था। उधर हाल ही में एक बस में कन्नड़ और मराठी बोलने को लेकर हिंसा तक हुई। इन सबके सबक क्या हैं? प्रादेशिक स्वायतत्ता की उपेक्षा संबंधी दक्षिणी राज्यों की कई शिकायतों में दम है, मगर जिस तरह तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन इससे जुड़े सवालों को लेकर माहौल गरमा रहे हैं, उससे उनके इरादे पर शक होना लाजिमी है। स्टालिन लोकसभा सीटों के संभावित परिसीमन से जुड़ी आशंकाओं, नई शिक्षा नीति संबंधी विवाद, और हिंदी थोपने की कथित शिकायत को रोजाना के स्तर पर उठा रहे हैं। इस क्रम में वे अपने राज्य के लोगों को तुरंत अधिक बच्चे पैदा करने की प्रतिगामी सलाह देने की हद तक चले गए हैं। जाहिरा तौर पर केंद्र की कई नीतियों से गहराई शिकायतों में स्टालिन ने अपनी पार्टी डीएमके के लिए अवसर देखा है। संकेत साफ हैं कि साल भर बाद होने वाले विधानसभा चुनाव में वे इन्हीं भावनात्मक मुद्दों को लेकर अभियान चलाएंगे। इस क्रम में खासकर भाषा विवाद में निहित खतरों की वे पूरी उपेक्षा कर रहे हैं। उनका अभियान हिंदी के खिलाफ है- जिसमें उन्होंने हिंदी बोलियों को खा गई जैसा तथ्यहीन दावा भी किया है। (ष्द्ध ह्यह्लड्डद्यद्बठ्ठ) बहरहाल, ऐसे मुद्दे कैसे हालात पैदा कर रहे हैं, इस पर भी उन्हें जरूर ध्यान देना चाहिए। कुछ ही समय पहले कर्नाटक में एक पुस्तक मेले के दौरान तमिल किताबों की बिक्री को लेकर विरोध जताया गया था। उधर हाल ही में एक बस में कन्नड़ और मराठी बोलने को लेकर हिंसा तक हुई। सबक क्या है? स्पष्टत- यही कि पहचान एवं भावनाओं की राजनीति ने देश के विभिन्न हिस्सों में ऐसे मसलों को लेकर भड़काऊ माहौल बना रखा है। इसकी बड़ी जिम्मेदारी राजनेताओं और राजनीतिक दलों पर जाती है, जिन्हें ऐसे मुद्दों में वोट पाने का आसान रास्ता दिखता है। चूंकि आर्थिक और विकास नीतियों के मामलों में तमाम दलों ने समान रास्ता चुना हुआ है, वैसे में अपनी अलग प्रासंगिकता दिखाने का उन्हें यही सरल उपाय नजर आता है। लेकिन जन हित और राष्ट्र के व्यापक हित के नजरिए से यह खतरनाक खेल है। यह अवश्य रेखांकित किया जाना चाहिए कि अगर धार्मिक विभाजन की राजनीति देश के लिए जोखिम भरी है, तो भाषा या जाति के आधार पर चुनावी गोलबंदी कम खतरनाक नहीं है।

# ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट -25: समृद्धि, आर्थिक सशक्तिकरण और वैश्विक सम्मान का अद्भुत आयाम

रमेश शर्मा

भोपाल में संपन्न ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट केवल निवेश और औद्योगिक विकास तक सीमित नहीं है। इससे पूरे भारत के समग्र विकास और आर्थिक समृद्धि के नये द्वार खुले हैं। इसके साथ यह समिट वैश्विक स्तर पर मध्यप्रदेश की छवि और सम्मान बढ़ाने का भी माध्यम बनी।यह ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट केवल औद्योगिक विकास तक सीमित नहीं है। इसके बहुआयामी लाभ होंगे। जिस प्रकार यह संसार दो प्रकार का है । एक दृश्यमान और दूसरा अदृश्यमान । सृष्टि की कुछ ऊर्जाएँ ऐसी हैं जो दिखाई नहीं देतीं फिर भी जीवन संचालन में सहयोगी होतीं हैं। उसी प्रकार निवेश इस इन्वेस्टर्स समिट के निवेश प्रस्तावों के आकार लेने के बाद इसका परोक्ष प्रभाव भी मध्यप्रदेश के समाज जीवन पर होगा। इसके लिये मध्यप्रदेश सरकार ने समिट आयोजन से पहले कुछ अतिरिक्त तैयारी की है और औद्योगिक विकास को विरासत से भी जोड़ा है। यह प्रदेश आध्यात्मिक, साँस्कृतिक, प्राकृतिक और धार्मिक स्थलों का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र रहा है। मध्यप्रदेश सरकार ने इन सबको जोड़कर धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन की विधाएँ जोड़कर इन क्षेत्रों में निवेशकों को आमंत्रित किया था। इन चारों विधाओं में मध्यप्रदेश का स्थान सबसे अलग है। इतिहास में जहाँ तक दृष्टि जाती है, वहाँ मध्यप्रदेश की छवि एक समृद्ध और प्रतिष्ठित भूक्षेत्र के रूप में उभरती है। लाखों वर्ष पुरानी मानव सभ्यता के चिन्ह हैं। समय के साथ भले स्वरूप बदला हो, राजनैतिक सीमाएँ बदलीं, नाम बदले लेकिन मध्यप्रदेश की प्रसिद्धि बनी रही। वैदिक काल से लेकर मध्यकाल तक पूरे विश्व में मध्यप्रदेश आकर्षण का केन्द्र रहा है। यही कारण था कि हर काल-खंड विदेशी पर्यटक भारत आते रहे है। ह्वेनसाँग और फाह्यान से लेकर अल्बरूनी तक और कनिघंम से लेकर स्मिथ तक भारत आने वाला कोई शोधकर्ता ऐसा नहीं जो मध्यप्रदेश न आया हो। इन सबके लेखन में मध्यप्रदेश को समृद्धियों का उल्लेख है। मध्यप्रदेश के वैभव और समृद्धि की झलक कण कण में बिखरी है। इसे संजोने में वाकणकर जी ने अपना जिवन समर्पित कर दिया था। इन सभी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और प्राकृतिक स्थलों की कहानियाँ, अनूठे चिन्ह, खनिज एवं वन्य संपदा की विविधता भी पर्यटकों को आकर्षित करती रही है। यही प्रसिद्धि मध्यकाल मध्यप्रदेश के विनाश का कारण बनी थी। लगातार आक्रमणों से यह प्रदेश विपन्नता के अंधकार में डूब गया । ऐसा अंधकार कि इसकी छवि एक बीमारू राज्य की बन गई। स्वतंत्रता के बाद भी राजनैतिक कारणों से अनेक स्वरूप बदले गये। मध्यप्रदेश के वर्तमान स्वरूप की सीमाएँ नवम्बर 2000 में बनीं। और विकास की नई यात्रा आरंभ हुई। इसके साथ प्रदेश के औद्योगिक विकास पर जोर दिया गया। डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में वर्तमान सरकार ने विकास यात्रा को नये आयाम दिये। डॉ मोहन यादव ने मोदी मंत्र विकास के साथ विरासत का अमल करते हुये अपने कदम आगे बढ़ाये। कार्यभार संभालने के पहले दिन से डॉ मोहन यादव ने प्रधानमंत्री श्रीनरेंद्र मोदी के इसमंत्र पर काम करना आरंभ किया और भारत को विश्व का सबसे समृद्ध राष्ट्र बनाने के उनके संकल्प को पूरा करने केलिये मध्यप्रदेश की सहभागिता सुनिश्चित करने की दिशा में भी कदम बढ़ाये। यह तभी संभव है जब भारत का प्रत्येक प्रदेश विकसित और उन्नत हो। 24-25 फरवरी को भोपाल में सम्पन्न ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट इसी दिशा में एक क्राँतिकारी कदम है।

**समिट की तैयारियों का होमवर्क**

मध्यप्रदेश की यह ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट अचानक आयोजित नहीं हुई। इससे पहले राज्य सरकार ने पर्याप्त होम वर्क किया था। यह होमवर्क तीनों प्रकार से हुआ । एक ओर मध्यप्रदेश के प्रत्येक जिले में पानी, बिजली, परिवहन और भूमि की उपलब्धता का विवरण तैयार किया गया, दूसरी ओर भारत ही नहीं पूरे संसार के प्रतिष्ठित उद्योग समूहों से उनकी रुचि के उद्योगों को प्राथमिकता में रखकर चर्चा की गई और तीसरा मध्यप्रदेश में रीजनल इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन हुये । सरकार के केवल चौदह महीने के कार्यकाल में सात रीजनल इन्वेस्टर्स समिट संपन्न हुईं। इन तीनों प्रकार की तैयारी के बाद यह ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन हुआ। इन चौदह महीनों में मध्यप्रदेश में निवेश प्रस्तावों का मानों एक नया कीर्तिमान बनाया है। कुल 30.77 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिससे 21.40 लाख नए रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है। इस ग्लोबल समिट में 300 से अधिक प्रमुख उद्योगों के चेयरमैन, सीईओ और मैनेजिंग डायरेक्टर्स ने समिट में हिस्सा लिया। भारत का ऐसा कोई उद्योग समूह नहीं जिसके प्रतिनिधि इस समिट में सहभागी न बने हों।

साथ 600 से अधिक बिजनेस टू गवर्नमेंट और 5,000 से अधिक बिजनेस टू बिजनेस बैठकें हुईं। निवेशकों और सरकार के बीच इस संवाद से औद्योगिक विकास की दिशा में एक मजबूत विश्वास बढ़ा है।

## शब्द सामर्थ्य -349

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 348 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | द्दो | जे | ह | द | | स | पू | त |
| ल | | ब | ल | वा | न | | | द |
| म | ह | क | | खा | म | खां | | बी |
| ग्न | | त | ल | ना | | स | फ | र |
| | म | रा | | | | ना | टा | |
| | हि | | स | | | | फ | न |
| | ला | ज | वा | ब | | म | ट | र |
| मां | | ग | | सं | त | ति | | भ |
| | मा | त | ह | त | | | प | क्षी |

# पूरी दुनिया में एक गंभीर स्वास्थ्य संकट कैंसर

नृपेन्द्र अभिषेक नृप

कैंसर आज भारत सहित पूरी दुनिया में एक गंभीर स्वास्थ्य संकट बन चुका है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद द्वारा किए गए हालिया विश्लेषण में यह खुलासा हुआ है कि भारत में कैंसर से होने वाली मौतों की दर चिंताजनक रूप से बढ़ रही है, विशेष रूप से महिलाओं में यह दर पुरुषों की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ी है। ग्लोबोकैन 2022 के आंकड़ों के अनुसार, महिलाओं में कैंसर से मृत्यु दर में 1.2 फीसद से 4.4 फीसद तक वार्षिक वृद्धि हुई है, जबकि पुरु षों में यह वृद्धि 1.2 फीसद से 2.4 फीसद तक रही है। ये आंकड़े न केवल एक स्वास्थ्य आपातकाल की ओर संकेत कर रहे हैं, बल्कि सामाजिक और चिकित्सा व्यवस्था की कमियों को भी उजागर करते हैं। महिलाओं में कैंसर से बढ़ती मृत्यु दर एक जटिल समस्या है, जो केवल जैविक या चिकित्सीय कारणों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें सामाजिक, आर्थिक, जागरूकता और स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच की भी बड़ी भूमिका है। भारत में हर पांच में से तीन लोग कैंसर के निदान के बाद अपनी जान गंवा देते हैं। यह आंकड़ा इस बात की पुष्टि करता है कि कैंसर न केवल एक गंभीर रोग है, बल्कि भारत में इसका उपचार भी उतना प्रभावी नहीं हो पा रहा है। खासकर महिलाओं में यह स्थिति अधिक गंभीर होती जा रही है।

ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में महिलाएं अक्सर अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता नहीं देतीं। परिवार की जिम्मेदारियां, सामाजिक दबाव, और आर्थिक निर्भरता उन्हें समय पर जांच और इलाज कराने से रोकते हैं। कई बार कैंसर के शुरु आती लक्षणों को नजरअंदाज कर दिया जाता है, जिससे बीमारी तब पकड़ी जाती है जब यह अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी होती है। महिलाओं में कैंसर की बढ़ती दर के पीछे कई महत्त्वपूर्ण कारण हैं। सबसे पहले, जागरूकता की भारी कमी एक प्रमुख कारण है। स्तन कैंसर और गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर जो भारत में महिलाओं में सबसे आम हैं, यदि प्रारंभिक अवस्था में पकड़ लिए जाएं, तो इनका इलाज संभव है, लेकिन दुर्भाग्यवश महिलाओं में नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की आदत नहीं होती। आधुनिक जीवनशैली में शारीरिक गतिविधियों की कमी, असंतुलित आहार, धूम्रपान, शराब का सेवन, और अत्यधिक तनाव महिलाओं के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहे हैं। पहले के समय में महिलाएं अधिक शारीरिक श्रम करती थीं और उनका खान-पान भी पारंपरिक और पोषक तत्वों से भरपूर होता था, लेकिन आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में यह सब धीरे-धीरे गायब होता जा रहा है। पैक्ड और प्रोसेस्ड फूड का बढ़ता सेवन, व्यायाम की कमी, और मानसिक तनाव ने महिलाओं में कैंसर के खतरे को कई गुना बढ़ा दिया है। एक और महत्त्वपूर्ण पहलू यह है कि महिलाओं में कैंसर के कई मामले अनुवांशिक और हार्मोनल असंतुलन से भी जुड़े होते हैं। स्तन कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर और अंडाशय (ओवेरियन) कैंसर मुख्य रूप से हार्मोनल परिवर्तन और अनुवांशिक प्रवृत्तियों के कारण होते हैं।

महिलाओं में सबसे अधिक पाए जाने वाले कैंसर में स्तन कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर, फेफड़ों का कैंसर, अंडाशय (ओवेरियन) कैंसर और कोलोरेक्टल कैंसर शामिल हैं।

# नारी शक्तिः संस्कारों की जननी, समाज की रीढ़

प्रदीप छाजेड़

( बोरावड़ )



सम्माननिया नारी शक्ति जीवन मे अनेक अहम भूमिकाओं का निर्वहन करती है । आज की महिला शक्ति एक बेटी, एक बहिन, एक माँ, एक पत्नी , एक कार्यकर्ता आदि जैसे अहम दायित्वों को समन्वय के साथ सफलता पूर्वक निभाती है । वे घर, परिवार, समाज एवं अपने दोस्ती का एक साथ कुशल निर्वहन कर सकने में सक्षम है । महिलाओ ने आज बहुत अपने आपको सफलता की उच्चाइयों तक पहुंचाया है,शिक्षा के क्षेत्र में हो या कोई और क्षेत्र,लेकिन उसका श्रेय पुरुष वर्ग को भी जाता है । महिला की जिंदगी में पुरुष का सहयोग भी अपेक्षित है । महिला और पुरुष दोनों का सहयोग सोने में सुहागा बनता है ।पुरुष भी अपनी कुर्बानियां देकर महिलाओ को आगे बढ़ाने में सही से सहायक सिद्ध हुए हैं । महिला के जीवन में बलिदान कम नहीं होते हैं एक घटना प्रसंग एक अनपढ़ माँ ने अपने बेटे को उसके बाप का साया सिर पर न होते हुए भी तमाम कष्टों को सहते हुए, पढ़ाया लिखाया और इस काबिल उसे बनाया की लोग उसे बहुत ही इज्जत और आदर की नजरो से देखने लगे।बेटे ने भी अपनी माँ को देखते हुए मेहनत लगन से उच्च शिक्षा ग्रहण करके अपनी माँ को समाज और अपने गांव में सम्मान दिलाया। मातृशक्ति की प्रतिष्ठा संसार में आज से नहीं, सदा से रही है। वैदिक काल में लोपामुद्रा और घोषाबने वेद मंत्रों की रचना की थी, यह बात प्रसिद्ध है। उपनिषद काल में मैत्रेयी और गार्गी के प्रश्नों की जो चर्चा हुई है, वह भी इतिहास में अंकित है। भगवान महावीर के युग पर दृष्टिपात करें तो भगवती सूत्र में समायोजित जयंती के प्रश्न इस तथ्य के प्रतीक हैं कि हमारे देश में महापुरुषों ने नारी शक्ति को कितना महत्त्व दिया है। यद्यपि हमारा समाज पुरुषप्रधान समाज है। यहां एक अवधारणा हमेशा से काम करती आई है कि पुरूष की अपेक्षा महिला के बुद्धि कम होती है लेकिन आज हम जिस युग में जी रहे हैं, उस युग की महिलाओं ने प्रमाणित कर दिया है कि बौद्धिक स्तर पर या किसी भी स्तर पर किसी भी क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों से पीछे नहीं हैं। गणाधिपति गुरुदेव श्री तुलसी जी के अवदानों को आज हमें स्मृति पटल पर पुनः जीवित करने की अपेक्षा है,शिक्षा के क्षेत्र में, पर्दाप्रथा , आत्मोत्थान,जागृति आदि सभी क्षेत्रों में उन्होंने नारी जाति के उत्थान में अपना बहुत बड़ा काम किया हैं ।

# राशिफल

**मेष**

आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आपका सोचा हुआ काम, आज पूरा हो जाएगा। बिजनेस साझेदार के साथ मिलकर किए गए कामों से आपको लाभ मिलेगा। साथ ही खुले मन से काम करने पर अच्छे लोग आपसे जुड़ने की कोशिश करेंगे। इस राशि के प्रॉपर्टी डीलर के लिये आज का दिन बेहतर रहेगा। समाज में आज आपको मान-सम्मान मिलेगा, आपको लोग अच्छे उदाहरण के तौर पर देखेंगे। अच्छे स्वास्थ्य के लिए खाने में आप सीजनल फ्रूट शामिल करेंगे, आपको लाभ मिलेगा।

**वृषभ**

आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। मेहनत का परिणाम आपके फेवर में होगा, आपको मन मुताबिक परिणाम मिलेगा। आज खुद पर ध्यान देंगे। आज आपके विरोधी आपके सामने नतमस्तक होंगे, दोस्ती का हाथ बढ़ाएंगे। किसी काम में अपनों की मदद मिलने से आपका उत्साह बढ़ेगा। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान बना सकते हैं, आपके रिश्ते में मजबूती आएगी। शाम का समय आप अपने परिवार के साथ बिताएंगे, भविष्य की प्लानिंग पर विचार विमर्श भी करेंगे। आप मेडिटेशन सेंटर ओपन करेंगे, जिसमें ज्यादा से ज्यादा लोग जुड़ेंगे।

**मिथुन**

आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आपके परिवार में नई-नई खुशियां आएंगी। संतान की सफलता आपको प्रसन्न करेगी, आपके घर लोग बधाई देने आयेंगे। घर पर पार्टी का आयोजन करेंगे। नए काम करने की सोच से आपको धन लाभ के अच्छे अवसर मिलेंगे। लोग आपकी योजना पर काम करने के लिए आपसे सलाह लेंगे, आप लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे। छात्रों का अनुशासन उनको जल्द सफलता दिलाएगा, पढ़ाई व काम में बैलेंस बना रहेगा। जीवनसाथी आज आपको उपहार देंगे।

**कर्क**

आज का दिन जीवन में एक नई दिशा लेकर आयेगा। आज आप किसी बात को लेकर नेतृत्व करेंगे, जिसमें अन्य लोगों का सहयोग मिलेगा। साथ ही किसी जरूरी विषय पर बातचीत भी होगी, अपनी बात कहने का मौका मिलेगा, आपके विचारों को महत्व मिलेगा। आज आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा जो आगे चलकर काम आएगा। इस राशि के जो लोग किसी दूसरे राज्य में व्यापार की शुरुआत करना चाहते है, आज का दिन उनके लिए अच्छा हैं, परिवारवालों का पूरा सपोर्ट मिलेगा, आपके सभी काम पूरे हो जाएंगे।

**सिंह**

आज आपके दिन की शुरुआत आपके अनुकूल होने वाली है। आज आप वर्किंग प्लेस पर खूब मेहनत करेंगे। अपनी उपलब्धियों पर गर्व महसूस होगा। प्रशासनिक कर्मचारियों के लिए आज का दिन अच्छा है।आज आपको कई जिम्मेदारियां मिलेंगी, जिन्हें आप अच्छी तरह से निभायेंगे। इस राशि के मनोरंजन उद्योग से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन फायदेमंद होगा, आपकी क्रिएटिव फील्ड मजबूत होगी। रियल स्टेट बिजनेस कर रहे लोग, नया हाउसिंग प्रोजेक्ट लांच कर सकते हैं। घर के बड़े बुजुर्गों का स्वास्थ्य पहले से बेहतर रहेगा।

**कन्या**

आज आपका दिन बहुत बढ़िया रहने वाला हैं। आपको किसी मल्टीनेशनल कंपनी से जॉब का ऑफर आ सकता है, जिससे आप कॉन्फिडेंस फील करेंगे। किसी जरूरी काम पर आज विचार करने का पूरा मौका मिलेगा। समय का पूरा सदुपयोग करें। आज आप रचनात्मक कार्य कर सकते हैं। लवमेट अपने रिश्ते की बात घर पर करेंगे, घरवाले आपके रिश्ते से सहमत होंगे। नव विवाहित दंपति आज साथ में घूमने जाएंगे। वकील वर्ग के लोगों के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है, किसी पुराने क्लाइंट से धन लाभ होगा।

**तुला**

आज का दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आज किसी धार्मिक स्थल पर जाएंगे, जहां आप कुछ जरूरतमंद की मदद भी करेंगे। हर काम को धैर्य और समझदारी से पूरा करने की कोशिश करेंगे, जिससे आपको सफलता मिलेगी। आज किसी से मदद मांगने में संकोच न करें, सब आपके फेवर में है। आप किसी योजना की शुरुआत कर सकते हैं। आज आपको ऑफिस के कार्यों को टालना अच्छा नहीं है। व्यापार को बढ़ाने के लिए बनाया गया प्लान कारगर साबित होगा।

**वृश्चिक**

आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी होने वाली है। आज अधिकारी वर्ग का सहयोग पाने में आसानी होगी, बिगड़ते काम बनेंगे। बच्चों के प्रति आपका प्रेम। आपको उनका प्रिय बना देगा। आज आप अपनी गलतियों से कुछ सीखेंगे। अगर आप बिजनेस स्टार्ट कर रहे हैं, तो शुभ मुहूर्त में ही शुरू करें। आज आप कुछ क्रिएटिव वर्क कर सकते हैं, लोगों को आपके काम करने का तरीका पसंद आएगा। लवमेट आज कही घूमने जाएंगे। आज आपका दांपत्य जीवन शानदार रहने वाला है।

**धनु**

आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। किसी दोस्त से मिलने उसके घर जाएंगे, पुरानी यादें ताज़ा होंगी। आज यात्रा करने से बचने की कोशिश करें। बच्चों के साथ थोड़ा टाइम स्पेंड कर सकते हैं। प्राइवेट शिक्षक आज बच्चों को पढ़ाई के नए तरीके सिखायेंगे, छात्रों की पढ़ाई में रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी के साथ चल रही अनबन सुलझाने के लिए दिन अच्छा हैं। ग्राफिक डिजाइनिंग के स्टूडेंट आज कुछ क्रिएटिव कर सकते हैं, अपनी कोशिश जारी रखें। महिलाएं आज किचन में काम करते समय सावधानी बरतें।

**मकर**

आज आप अपने दिन की शुरुआत शांत मन से करेंगे। पुराने लेन-देन के मामलों में आज सोच विचार करेंगे। अपने खास रिश्तेदार के घर जाएंगे जहां खुशी का माहौल बना रहेगा। आपको सरकारी क्षेत्र से लाभ होने की संभावना हैं। किसी मल्टीनेशनल कंपनी से जॉब के लिए कॉल आयेगी। लवमेट आज कहीं घूमने का प्लान बनाएंगे, साथ में लंच करेंगे। अविवाहित जातकों के लिए विवाह के अच्छे प्रस्ताव आयेंगे। छात्रों को आज सफलता मिलने के योग बने हुए हैं, मेहनत जारी रखें।

**कुंभ**

आज आपके दिन की शुरुआत अच्छे मूड के साथ होने वाली है। आज पैसों के मामले में उन्नति के नए रास्ते खुलेंगे, आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। आज आप उन चीजों को ज्यादा महत्व दे जो आपके लिए ज्यादा महत्वपूर्ण हैं। साथ ही आपको अपने काम, परिवार, और दोस्तों के बीच संतुलन बना कर रखना चाहिए। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर है। आज आप अपना पसंदीदा काम करेंगे। पिछले कई दिनों से ऑफिस के रुके कार्यों को आज समय से पूरा करने में सफल होंगे।

**मीन**

आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होने वाला है। इस राशि के जो लोग बेकरी के बिजनेस से जुड़े हैं, उन्हें आज उम्मीद से ज्यादा लाभ होगा, जिससे आर्थिक स्थिति बेहतर बनी रहेगी। कला व साहित्य से जुड़े लोगों के लिए भी आज का दिन बढ़िया रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स अपने करियर को लेकर अपने गुरु से परामर्श लेंगे। माताएं अपने बच्चों को कुछ नया सिखाएंगी, जिससे बच्चों में नए विचार आएंगे। स्पोर्ट से जुड़े लोगों को अपना हुनर दिखाने के लिए सुनहरे अवसर प्राप्त होंगे।

# युवा महिलाओं के जीवन की वास्तविक झलक प्रस्तुत करती जिद्दी गर्ल्स

हरिशंकर व्यास

ज़िद्दी गर्ल्स' कहानी है पांच जेन ज़ी फ्रेशर्स की जो कॉलेज में आते ही गहरी दोस्ती, रोमांस और कैंपस की हवा के साथ साथ ज़िंदगी की ताप से भी गुज़र रही हैं।ज. ज़िद्दी गर्ल्स' सीरीज़ का निर्देशन किया है शोनाली बोस ने, जबकि इसे रंगिता प्रीतिश नंदी और इशिता प्रीतिश नंदी ने क्रिएट किया है। और संकल्प जोशी शामिल हैं।

कॉलेज की मस्ती, चुनौतियां और भावनात्मक उतार चढ़ाव को इसमें प्रामाणिक रूप से दर्शाया गया है। कैंपस फ़िक्शन अपने आप में क़िस्सागोई के लिए एक बेहद दिलचस्प स्पेस है। चाहे ये कैंपस कॉलेज का हो या किसी यूनिवर्सिटी का, इसे कभी केंद्र तो कभी नेपथ्य में रख कर बहुत सी कहानियां, उपन्यास लिखे गए और फ़िल्में बनती रहीं हैं। इसी शृंखला में अब एक ताज़ातरीन वेब सीरीज़ आई है, ज़िद्दी गर्ल्स'। फिल्म की कहानी दरअसल दिल्ली विश्वविद्यालय में लड़कियों के लिए मशहूर कॉलेज मिरांडा हाउस' के इर्द गिर्द बुनी गई है, जिसका नाम तकनीकी और व्यावहारिक वजहों से मटिल्डा हाउस' कर दिया गया है। साथ ही शुक्र है उस भूल चूक लेनी देनी' की तख़्ती (डिस्क्लेमर) एडवांस में लगा देने वाले अनिवार्य चलन का, जिसकी वजह से यह सीरीज़ रिलीज़ के पहले उन विवादों में फंसने से बच गई, जो इसे इसके दर्शकों से दूर रख सकते थे।

तो चलिए आज के सिने-सोहबत' में चर्चा की जाए मटिल्डा हाउस' यानी मिरांडा हाउस' यानी एमएच' से जुड़ी इस कहानी पर बनी ज़िद्दी गर्ल्स' की। दरअसल, एमएच' से मेरा निजी रिश्ता भी रहा है। तब मैं दिल्ली विश्वविद्यालय के कैंपस लॉ सेंटर' (सीएलसी) में पढता था। क़रीब पच्चीस साल हो गए। ज़िंदगी की पहली घोषित गर्लफ्रेंड एमएच में थी और वो भी वहां के हॉस्टल में। ग़ौरतलब है कि ये बताना उतना प्रासंगिक नहीं है कि अब वो मेरी पत्नी हैं लेकिन चूंकि समाज को प्रेम कहानियों का सुखांत देखना अच्छा लगता है इसलिए मैंने इसका ज़िक्र भी कर दिया है।

तो होता ये था कि हर शाम उनसे मिलने जाता था। तब वहां रहने वाली लड़कियों के लिए विज़िटर्स से मिलने का समय होता था शाम साढ़े चार से साढ़े सात। उसके बाद के वक़्त को कहते थे कर्फ़्यू ऑवर'। शाम साढ़े सात के बाद हॉस्टल की वो सभी सैकड़ों लड़कियां उस ऊंची गेट और उससे भी ऊंची दीवारों के पीछे ग़ायब। ज़ाहिर है किसी भी संस्थान और वहां के माहौल को सुरक्षित रखने के लिए सिस्टम्स बनाए जाते हैं और समय समय पर उनको बेहतर करने के इंटरनल और एक्सटर्नल संघर्ष चलते रहते हैं।



बहरहाल, अनुशासन' और अलग अलग किस्म की आज़ादी' के बीच का संघर्ष सदियों से चला आ रहा है लेकिन एमएच' की लड़कियों की जो बात मुझे सबसे ज़्यादा चकित करती रही कि वो है वहां के माहौल में देश भर से पढने् और खुद को गढने् आई लड़कियों में ऐसा कॉन्फिडेंस आता है कि वो अपनी पसंद की फील्ड में कुछ भी कर गुजऱ्ती हैं और वो भी अपनी शर्तों पर। चाहे वहां के थिएटर ग्रुप्स हों, या डिबेटिंग सोसाइटी या फिर स्टूडेंट्स यूनियन के चुनाव, चुनाव की प्रक्रिया और उनमें इन लड़कियों का बेधड़क भाग लेना, साइंस एक्जीबिशन हो या पोएट्री रेसाइटेशन अपनी पढ़ाई और स्पोर्ट्स के साथ साथ सबमें जूझना इन लड़कियों की जीवन शैली बन जाती है। इस कैंपस में हज़ारों लाखों सपने साकार किए हैं। हर क्षेत्र में लड़कियों ने नाम किए हैं। दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित भी एक्स मिरांडीयन (मिरांडा हाउस की पूर्व छात्रा) थीं।

बहरहाल, ज़िद्दी गर्ल्स' कहानी है पांच जेन ज़ी फ्रेशर्स की जो कॉलेज में आते ही गहरी दोस्ती, रोमांस और कैंपस की हवा के साथ साथ ज़िंदगी की ताप से भी गुजऱ रही हैं। साथ ही वे अपने कॉलेज और वहां के माहौल को बाहरी खतरों से बचाने के लिए संघर्ष करना भी सीखती हैं। ज़िद्दी गर्ल्स' की कहानी का प्लॉट शिक्षा के निजीकरण' की साज़िश को अमली जमा पहनाने की कोशिश और उसके खिलाफ वहां की लड़कियों और कुछ ऐसे शिक्षिकाओं और शिक्षकों के संघर्ष पर टिका है जो उस खुले और प्रगतिशील माहौल को बचाए रखना चाहते हैं। एक तरफ खुले माहौल से हो रही भारतीय संस्कृति के अपमान का कुतर्क और कॉलेज के खुले माहौल पर अंकुश लगाने की कवायद चल रही होती है तो दूसरी तरफ समानता के अधिकार' के तहत सबके लिए कम शुल्क में अच्छी शिक्षा को बरक़रार रखने की कोशिश है। देश भर में जिस तेज़ी से शिक्षा का निजीकरण' बढ़ रहा है उससे अमीर और गरीब बच्चों के बीच की खाई और भी चौड़ी होती जा रही है। नितांत आवश्यक है कि सरकारी स्कूलों, कॉलेजों और अन्य तकनीकी संस्थानों को बेहतर किया जाए ताकि हर तबके से आने वाले विधार्थियों को समान अवसर मिल सके। इस संदर्भ में मुझे छत्तीसगढ़ कैडर के अपने एक आईएएस अधिकारी मित्र अवनीश शरण का नाम इसलिए ध्यान में आ रहा है क्योंकि उन्होंने आईएएस रहते हुए अपनी बेटी की स्कूली शिक्षा के लिए उसका दाखिला शहर के एक सरकारी विद्यालय में करवाया था। लगभग सामंती समाज और उसकी री-पैकेजिंग के तौर पर नौकरशाही की ठसक वाले अपने इस देश के किसी भी छोटे शहर के लिए ये एक बहुत बड़ी घटना थी। उसके बाद अवनीश शरण के कई और साथी अफसरों और जूनियर्स ने भी ऐसा ही किया। फिर सरकारी अधिकारियों को ही राज्य सरकार के उस विद्यालय की स्थिति दुरुस्त करनी पड़ी. जिससे हर वर्ग से आने वाले बच्चों की सहूलियतें बढ़ गई। ज़रुरत है माइक्रो लेवल पर सबको अपना योगदान देने की ताकि अपने देश की शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए प्राइवेट प्लेयर्स ही आखिरी विकल्प न रहें। बढिय़ा है कि ज़िद्दी गर्ल्स' के माध्यम से समाज में शिक्षा के निजीकरण और उसके इर्द गिर्द भी विचार विमर्श हो कि अपने यहां किस अनुपात में क्या हो या क्या नहीं? ज़िद्दी गर्ल्स' सीरीज़ का निर्देशन किया है शोनाली बोस ने, जबकि इसे रंगिता प्रीतिश नंदी और इशिता प्रीतिश नंदी ने क्रिएट किया है। प्रमुख भूमिकाओं में सिमरन, नंदिता दास, अनुप्रिया कैरोली, रेवती, अतिया तारा नायक, उमंग भड़ाना, जैन अली, दिया दामिनी, नंदीश सिंह संधू और संकल्प जोशी शामिल हैं।

कॉलेज की मस्ती, चुनौतियां और भावनात्मक उतार चढ़ाव को इसमें प्रामाणिक रूप से दर्शाया गया है। साथ ही, यह सीरीज दोस्ती, महत्वाकांक्षाओं और निजी संघर्षों के माध्यम से युवा महिलाओं के जीवन की वास्तविक झलक प्रस्तुत करती है। ये कहानी बखूबी दिखाती है कि कैसे ये लड़कियां अप्रासंगिकता को चुनाती देकर अपने भविष्य के लिए संघर्ष करती हैं। ज़िद्दी गर्ल्स' के इस पहले सीजन् में कुल आठ एपिसोड हैं।

# कमिश्नर ने महिला दिवस में विभिन्न क्षेत्रों की महिला प्रतिभाओं को किया सम्मानित

## सशक्त और जागरूक नारी से ही सशक्त समाज और देश बनेगा : कमिश्नर
## हमारे समाज में नारियों का सम्मान सदा रहा है और सदा रहेगा : डीआईजी





**रीवा,कासं.।** विश्व महिला दिवस के अवसर पर कमिश्नर कार्यालय सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में रीवा जिले में प्रशासनिक पदों तथा अन्य क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा के जौहर दिखा रही महिलाओं को पुष्पगुच्छ तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। महिलाओं को सम्मानित करते हुए कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि महिला दिवस के रूप में भले ही 8 मार्च का दिन निर्धारित है, लेकिन वर्ष के सभी 365 दिन महिलाओं के सम्मान के लिए हैं। परिवार और समाज में नारी की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। ईश्वर ने संतति के सृजन का सम्मान केवल नारियों को दिया है। समय के साथ परिवार और समाज में नारियों की भूमिका में परिवर्तन अवश्य हुआ है, लेकिन उनकी भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है। सशक्त और जागरूक नारी से ही सशक्त समाज और देश का निर्माण होगा। रीवा में विभिन्न क्षेत्रों में सफलतापूर्वक कार्य कर रही महिलाएं नारियों की प्रतिभा और सशक्तीकरण का उत्कृष्ट प्रमाण है।

कमिश्नर ने कहा कि विश्व महिला दिवस का मुख्य उद्देश्य नारियों को जागरूक करना है। आज जो महिलाएं जागरूकता का संदेश ले रही हैं वे सभी विकास की पंक्ति में सबसे पीछे खड़ी महिलाओं तक जागरूकता का संदेश पहुंचाएं। अपनी प्रतिभा और परिश्रम के आभा मण्डल से अन्य महिलाओं में जागरूकता की ज्योति जलाएं। समारोह में डीआईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि मेरे पिता 1946 में बीटेक करने के बाद भारतीय प्रशासनिक सेवा में अधिकारी बने। मेरी माता को पढ़ना-लिखना नहीं आता था, लेकिन हम 6 भाई-बहनों को शिक्षा-दीक्षा और संस्कार माँ से ही मिले हैं। उनके अनुशासन के कारण मेरी दो बहनें डॉक्टर बनीं। दो भाई वैज्ञानिक बने और मैं भी अच्छे पद तक पहुंच पाया। केवल यही उदाहरण परिवार और समाज में नारी की महत्ता को रेखांकित करने के लिए पर्याप्त है। हमारे देश में प्राचीन काल से नारियों का सम्मान रहा है। हम अपनी नदियों तकह को माता कहकर सम्मानित करते हैं। विन्ध्य क्षेत्र में नारियाँ हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही हैं। इस विकास की दौड़ के बीच माताओं पर अपने बेटी और बेटे को अच्छे संस्कार देने की भी जिम्मेदारी है। नारियाँ सदैव महान रही हैं और सदैव महान रहेंगी। समारोह में श्रीमती ममता नरेन्द्र सिंह ने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। उन्हें सहयोग, सम्मान और आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा की आवश्यकता है। परिवार और समाज में स्त्री और पुरूष को समान आदर और समान अवसर मिलना चाहिए। महिलाएं अपनी मर्यादा की रक्षा करते हुए हर क्षेत्र में आगे बढ़ने और सफल होने का प्रयास करें। परिवार और समाज में महिलाएं एक-दूसरे से संपर्क और संवाद भी सैदव बनाए रखें। उद्यमी चेतना मिश्रा ने कहा कि मैंने शासकीय सेवा का मुंह छोड़कर स्वरोजगार को अपनाया है। मैं हर महिला को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रूप से सशक्त होते देखना चाहती हूँ। यही सक्षमता महिलाओं को सभी अधिकारी और विकास के सभी अवसर देगी। समारोह में संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास श्रीमती ऊषा सिंह सोलंकी ने कहा कि शिक्षा और आर्थिक विकास के साथ महिलाओं की परिवार और समाज में भूमिका तेजी से बदल रही है। आज महिलाएं बहुत जागरूक हैं। हर महिला को अपने अधिकारों और कर्त्तव्यों के साथ हर उस महिला के अधिकार के लिए संघर्ष करना चाहिए जो समाज के हाशिए पर है। आज का दिन महिलाओं द्वारा लंबे संघर्ष के बाद मिले अधिकारों की सफलता का दिन है। हमें देवी की तरह महानता नहीं, समानता चाहिए।

समारोह में लेखिका सपना सिंह ने साहित्य में नारी विमर्श में महिला साहित्यकारों के योगदान की जानकारी दी। डॉ महेश शुक्ला प्राध्यापक ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय ने विन्ध्य क्षेत्र में विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धियाँ प्राप्त करने वाली महिलाओं की जानकारी दी। डॉ मंजू मिश्रा ने महिलाओं की स्वास्थ्य रक्षा के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में कई महिलाओं ने गीतों और कविताओं के माध्यम से नारी सशक्तिकरण के संदेश दिए। पर्यवेक्षक महिला एवं बाल विकास तथा बघेली लोक गायिका मणिमाला सिंह ने दो मधुर लोकगीत प्रस्तुत किए। समारोह में उप संचालक मछली पालन डॉ अंजना सिंह, ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहन निर्मला दीदी, पत्रकार श्रीमती आरती श्रीवास्तव, स्नेहा त्रिपाठी, प्रतिभा शर्मा, मीनाक्षी मिश्रा, प्राचार्य कन्या महाविद्यालय श्रीमती विभा श्रीवास्तव, डॉ साइना परवीन, डॉ सरिता पाठक, डॉ मंजू पाण्डेय, आरती मिश्रा, प्रसिद्ध कबड्डी खिलाड़ी दर्शना वाकड़े, डॉ आरती तिवारी तथा विभिन्न क्षेत्र की अन्य महिलाओं ने अपने अनुभव और विचार साझा किए। कार्यक्रम का संचालन सहायक संचालक कृषि प्रीति द्विवेदी ने किया। समारोह में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय, सहायक संचालक आशीष द्विवेदी, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी तथा बड़ी संख्या में महिला अधिकारी, स्वयंसेवी संस्थाओं के सदस्य, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं अन्य क्षेत्रों की महिलाएं उपस्थित रहीं।

# उप मुख्यमंत्री ने विश्व महिला दिवस पर स्वास्थ्य जागरूकता अभियान का किया शुभारंभ




**रीवा,कासं.।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने विश्व महिला दिवस के पर अटल पार्क में आयोजित स्वास्थ्य जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। अभियान का आयोजन जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा किया गया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि जिसके पास अच्छा स्वास्थ्य है उसके पास जीवन की सभी खुशियाँ हैं। हर व्यक्ति को अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए जागरूक होकर प्रयास करना चाहिए। अपने स्वास्थ्य की नियमित जाँच कराएं। अभी जिले में 20 मार्च से 31 मार्च तक निरोगी काया अभियान चलाया जाएगा। इसमें सभी सरकारी अस्पतालों में 30 साल से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों की निन्शुल्क स्वास्थ्य जाँच की जाएगी। इस अभियान का लाभ उठाएं। प्रातन काल घूमना स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभदायक होता है। रीवा में अटल पार्क और रतहरा तालाब जैसे स्थान सुबह की सैर के लिए सबसे उपयुक्त स्थानों के रूप में विकसित हो रहे हैं। स्वास्थ्य जागरूकता अभियान का उद्देश्य किशोरियों के स्वास्थ्य संवर्धन, महिला स्वास्थ्य, प्रजनन स्वास्थ्य एवं किशोरी स्वास्थ्य के विषय में महिलाओं को जागरूक करना है। समारोह में उप मुख्यमंत्री ने अलग अलग क्षेत्र के ख्यातिलब्ध महिलाओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में महिलाओं में होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं एनीमिया तथा सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के रोकथाम पर परिचर्चा आयोजित की गई। सर्वाइकल कैंसर के उपचार में एचपीव्ही वैक्सीन को निःशुल्क एवं अनिवार्य करने के लिए भावी रणनीति बनाने के लिए भी आश्वस्त किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, अधिष्ठाता डॉ सुनील अग्रवाल, अधीक्षक डॉ राहुल मिश्रा, सीएमएचओ डॉ संजीव शुक्ला, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ वीनू सिंह, सिविल सर्जन डॉ प्रतिभा मिश्रा, डॉ निशा गुप्ता, जीडीसी कॉलेज प्राचार्य डॉ विभा श्रीवास्तव, विंध्यधरा की लोकगायिका मणिमाला सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक राघवेंद्र मिश्रा, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अनुराग शर्मा सहित अन्य चिकित्साकर्मी, स्वास्थ्य विभाग की सभी आशा बहनें, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# महिलाएं हुनर सीखकर स्वरोजगार करें और आत्मनिर्भर बनें : जिला पंचायत अध्यक्ष

## जन शिक्षण संस्थान द्वारा विश्व महिला दिवस पर कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**रीवा,कासं.।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित जन शिक्षण संस्थान द्वारा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर होने की आवश्यकता है।

वह कौशल प्रशिक्षण संस्थानों में हुनर सीखकर स्वरोजगार की ओर कदम बढ़ाएं और आत्मनिर्भर बनें। महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए तभी समाज भी आगे बढ़ेगा।

समारोह में जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक प्रवीण पाठक ने कहा कि जन शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित प्रशिक्षण से बड़ी संख्या में महिलाओं को लाभ मिला है। महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद सफलतापूर्वक स्वरोजगार स्थापित करके आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं। जन शिक्षण संस्थान महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सराहनीय योगदान दे रहा है। समारोह में संस्थान के संचालक सुनील शुक्ला ने संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यों और महिला स्वसहायता समूहों की गतिविधियों की जानकारी दी। समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कोल तथा श्री लिखित मिश्रा द्वारा सफल प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

# माधव सदाशिव राव गोलवलकर महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विविध आयोजन



**रीवा,कासं.।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर के प्रतिष्ठित शासकीय माधव सदाशिवराव गोलवलकर महाविद्यालय में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में महिला थाना प्रभारी सुश्री निशा मिश्रा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.एम शुक्ला द्वारा की गयी। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने छात्र-छात्राओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 की थीम अधिकार, समानता और सशक्तिकरण से अवगत कराते हुए कहा कि अधिकारों का सदुपयोग करते हुए सशक्त बनें। विशिष्ट अतिथि सुश्री निशा मिश्रा ने महिला दिवस के उद्देश्य से छात्र छात्राओं को अवगत कराया। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ अंजली सिंह ने छात्राओं का आव्हान करते हुए उनसे अधिकारों का दुरुपयोग न करते हुए सशक्त बनाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ स्कंद कुमार मिश्रा एवं डॉ आर के तिवारी ने भी विषय पर व्याख्यान दिए। इस अवसर पर महिला सशक्तीकरण पर पोस्टर प्रतियोगिता एवं मेरी दृष्टि में सशक्त महिला विषय पर निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

खेल/व्यापार

## संक्षिप्त समाचार

### यूट्यूब का बड़ा एक्शन, 95 लाख वीडियोज किए डिलीट, भारत पहले नंबर पर

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** यूट्यूब ने अपनी सख्त कंटेंट नीतियों के तहत कार्रवाई करते हुए लगभग 95 लाख वीडियो अपने प्लेटफॉर्म से हटा दिए। इन हटाए गए वीडियो में भारत का सबसे बड़ा योगदान रहा, जहां से लगभग 30 लाख वीडियो डिलीट किए गए। यूट्यूब, जो कि सख्त कंटेंट पॉलिसी के लिए जाना जाता है, ने हेट स्पीच, उत्पीड़न, हिंसा और गलत जानकारी फैलाने वाले वीडियो पर प्रतिबंध लगाया है। दर्शकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, यूट्यूब एआई-पावर्ड डिटेक्शन सिस्टम और ह्यूमन मॉडरेटर्स का उपयोग करता है, जिससे हानिकारक सामग्री को बड़ी संख्या में दर्शकों तक पहुंचने से पहले ही हटा दिया जाता है। यूट्यूब द्वारा हटाए गए वीडियो में सबसे बड़ी संख्या बच्चों की सुरक्षा से जुड़े उल्लंघनों की थी। आंकड़ों के अनुसार, 50 लाख से अधिक वीडियो ऐसे थे जो बच्चों के लिए हानिकारक माने गए। इसके अलावा, अन्य प्रमुख कारण जिनकी वजह से वीडियो हटाए गए। यूट्यूब ने केवल वीडियो ही नहीं, बल्कि 48 लाख चैनल भी डिलीट किए। इनमें ज्यादातर चैनल स्पैम और धोखाधड़ी फैलाने के लिए बनाए गए थे। जब किसी चैनल को हटाया जाता है, तो उसके सभी वीडियो भी प्लेटफॉर्म से गायब हो जाते हैं। यूट्यूब ने अपने प्लेटफॉर्म से 120 करोड़ कमेंट्स हटाए, जिनमें से ज्यादातर स्पैम थे। कुछ कमेंट्स उत्पीड़न, हेट स्पीच या धमकियों के कारण डिलीट किए गए। यूट्यूब लगातार अपने कंटेंट मॉडरेशन सिस्टम को सुधार रहा है ताकि अनुचित और भ्रामक सामग्री प्लेटफॉर्म पर न फैले।

### इंडिगो' सीट कैपेसिटी मामले में दुनिया की दूसरी सबसे तेजी से बढ़ने वाली एयरलाइन बनी

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** इंडिगो एयरलाइंस सीट कैपेसिटी के मामले में दुनिया की दूसरी सबसे तेजी से बढ़ने वाली एयरलाइन बन गई है। यह 2024 में सालाना आधार पर 134.9 मिलियन सीटों से 10.1 प्रतिशत बढ़कर 134.9 मिलियन से अधिक हो गई है। आधिकारिक एयरलाइन गाइड (ओएजी) के लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन को कतर एयरवेज के बाद दूसरे स्थान पर रखा गया है, जिसने पिछले वर्ष की तुलना में सीट कैपेसिटी में 10.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। इंडिगो को 2024 में फ्लाइट फ्रिक्वेंसी ग्रोथ के मामले में भी दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली एयरलाइन के रूप में स्थान दिया गया है, जो सालाना आधार पर 9.7 प्रतिशत है। आंकड़ों से पता चलता है कि एयरलाइन ने इस साल 749,156 फ्लाइट फ्रिक्वेंसी दर्ज की। ओएजी ने यह भी दर्ज किया है कि इंडिगो के पास दुनिया के सबसे बड़े विमान ऑर्डर में से एक है, जिसमें 900 से अधिक विमान ऑर्डर पर हैं और 2024 के दौरान 58 नए एयरबस विमानों का सबसे बड़ा प्राप्तकर्ता है। हालांकि, एयरलाइन के पास एमआरओ से जुड़े सप्लाई चेन मुद्दों के कारण निष्क्रिय विमानों का एक बड़ा हिस्सा (लगभग 80 विमान) है। जबकि इंडिगो की 88 प्रतिशत कैपेसिटी घरेलू बाजारों को आवंटित की जाती है, 'अंतरराष्ट्रीय विकास' एयरलाइन की रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसमें 2024 के दौरान क्षेत्रीय मध्य मिडल ईस्ट मार्केट और थाईलैंड पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इंडिगो के लिए लॉन्ग-टर्म महत्वाकांक्षा में लंबी दूरी की कम लागत वाली सेवाओं का विकास शामिल है। एयरलाइन 2025 के लिए वेट लीज विमानों के साथ लॉन्च योजनाओं को आगे लाने पर विचार कर रही है। इंडिगो ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त होने वाले चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 2,449 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया। यह पिछले वित्त वर्ष के इसी आंकड़े की तुलना में 18 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता है। हालांकि, तिमाही के दौरान परिचालन से एयरलाइन का राजस्व 14 प्रतिशत बढ़कर 22,111 करोड़ रुपये हो गया। तिमाही के लिए इंडिगो की कुल आय 22,992.8 करोड़ रुपये थी, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि से 14.6 प्रतिशत अधिक थी।

### आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल मुकाबला आज

# 12 साल बाद चैंपियंस ट्रॉफी जीतने उतरेगा भारत



**दुबई,एजेंसी।** चैंपियंस ट्रॉफी में अब तक अजेय चल रही भारतीय टीम रविवार को खिताबी मुकाबले में न्यूजीलैंड का सामना करने उतरेगी। भारत ने पिछले साल टी20 विश्व कप का खिताब जीता था और अब उसकी नजरें लगातार दूसरा आईसीसी टूर्नामेंट जीतने पर टिकी होंगी। भारत और न्यूजीलैंड के बीच चैंपियंस ट्रॉफी में ग्रुप चरण का मुकाबला हुआ था जिसमें भारतीय टीम ने जीत दर्ज की थी। रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम इसी आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरेगी।

### आईसीसी टूर्नामेंट में कैसा है दोनों टीमों का रिकॉर्ड

भारत के लिए न्यूजीलैंड हमेशा कठिन चुनौती साबित हुआ है और आईसीसी टूर्नामेंटों में न्यूजीलैंड का उसके खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 10-6 का है। न्यूजीलैंड ने आईसीसी नॉकआउट चरण में भारत के खिलाफ चार में से तीन मुकाबले जीते हैं। अगर फाइनल उसी पिच पर खेला जाता है जहां भारत और पाकिस्तान का मैच हुआ था तो चार स्पिनर गेंदबाज फिरकी के जाल में कीवी टीम को बुरी तरह फांस सकते हैं।

### न्यूजीलैंड से 25 साल पुराना बदला लेने उतरेगा भारत

पिछले साल टेस्ट सीरीज में न्यूजीलैंड के स्पिनरों ने भारत को काफी परेशान किया था और एक बार फिर वे 2000 के बाद पहली बार आईसीसी वनडे खिताब जीतने की कोशिश में उस प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगे। 25 साल पहले नैरोबी में न्यूजीलैंड ने फाइनल में भारत को हराकर नॉकआउट टूर्नामेंट जीता था। दूसरी ओर पिछले साल टी20 विश्व कप जीत चुकी भारतीय टीम ऐसा होने नहीं देने की पूरी कोशिश करेगी।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ खिताबी मुकाबले में खुद को अधिक समय देने तैयार शुभमन गिल



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल इस मौके का पूरा फायदा उठाने के लिए कमर कस रहे हैं क्योंकि वह रविवार को अपना दूसरा आईसीसी टूर्नामेंट फाइनल खेलने के लिए तैयार हैं, जब रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम चैंपियंस ट्रॉफी के खिताबी मुकाबले में न्यूजीलैंड से भिड़ेगी। अहमदाबाद में आईसीसी 2023 वनडे विश्व कप फाइनल में गिल बड़ा स्कोर बनाने में विफल रहे और चार रन पर सस्ते में आउट हो गए, जिसमें भारत छह विकेट से हार गया और तीसरा टूर्नामेंट खिताब जीतने से चूक गया। हालांकि, गिल इस दिल टूटने से आगे बढ़ चुके हैं और अब अधिक परिपक्व हैं। वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में नंबर 1 पर काबिज उप-कप्तान मानसिक रूप से दबाव को बेहतर ढंग से संभालने और क्रीज पर अधिक समय बिताने के लिए तैयार हैं। रविवार को न्यूजीलैंड के साथ भारत के निर्णायक मैच से पहले आईसीसी ने गिल के हवाले से कहा, जाहिर है कि उस मैच में कुछ घबराहट थी। गिल ने कहा, (मैंने) बहुत सी चीजें सीखीं। यह मेरा पहला आईसीसी फाइनल था... मैं बहुत उत्साहित था (ऐसा लगा) कि मैं उस मैच में हावी होने के लिए समय खो रहा था। मुझे लगता है कि बड़े आईसीसी नॉकआउट मैचों में, आप जितना सोचते हैं, उससे थोड़ा ज्यादा समय खुद को दे सकते हैं।

# राजस्थान रॉयल्स ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पिंक प्रॉमिस जर्सी लॉन्च की



**नई दिल्ली,एजेंसी।** राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल 2025 में अपने बहुप्रतीक्षित पिंक प्रॉमिस मैच के लिए एक आकर्षक ऑल-पिंक जर्सी का अनावरण करके अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया।

रॉयल्स पिंक प्रॉमिस का उद्देश्य राजस्थान में महिलाओं के नेतृत्व वाले परिवर्तन का समर्थन करना जारी रखना है। इस प्रतिबद्धता को सबसे बड़े मंच पर ले जाते हुए, राजस्थान रॉयल्स 1 मई को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिंक प्रॉमिस मैच की मेजबानी करेगा। आईपीएल फ्रेंचाइजी ने एक विज्ञप्ति में कहा, राजस्थान रॉयल्स की सीएसआर शाखा रॉयल राजस्थान फाउंडेशन (आरआरएफ) ने भी एक शक्तिशाली ष्पिंक प्रॉमिस अभियान फिल्म, औरत है तो भारत है के लॉन्च के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। पिछले साल, पिंक प्रॉमिस अभियान ने ल्यूमिनस जैसे भागीदारों के समर्थन के साथ 250 से अधिक घरों में रोशनी लाकर हजारों लोगों के जीवन को रोशन किया। पहल के बारे में बात करते हुए, राजस्थान रॉयल्स के क्रिकेट निदेशक, कुमार संगकारा ने कहा, पिंक प्रॉमिस के माध्यम से, हम एक स्थायी प्रभाव बनाने का प्रयास करते हैं - न केवल व्यक्तियों पर, बल्कि उनके परिवारों और समुदायों पर, जो बदलाव को प्रेरित करते हैं, जो बहुत दूर तक फैलते हैं। पिछले साल, हमने खुद देखा कि कैसे इस पहल ने जीवन को बदल दिया, और यह कुछ ऐसा है जो हम गहराई से मानते हैं। एक टीम के रूप में, हम इस यात्रा का हिस्सा होने पर बहुत गर्व महसूस करते हैं, फाउंडेशन में सार्थक समय बिताते हैं ताकि वास्तव में किए जा रहे काम को समझ सकें। पिंक प्रॉमिस एक अभियान से कहीं अधिक है; यह एक सांस्कृतिक प्रतिबद्धता है जो हमारे मूल्यों को आकार देती है और उन मानकों को परिभाषित करती है जिनके लिए हम खड़े हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय महासंघ ने भारतीय निशानेबाजी लीग को आईएसएसएफ विंडो आवंटित की

**नई दिल्ली,एजेंसी।** ओलंपिक खेल निशानेबाजी को नियंत्रित करने वाली वैश्विक संस्था, अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) ने अपने अंतर्राष्ट्रीय कैलेंडर में उद्घाटन भारतीय निशानेबाजी लीग (एसएलआई ) के लिए एक विंडो आवंटित की है, जो अब 24 नवंबर से 7 दिसंबर, 2025 तक आयोजित की जाएगी।

भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई ) ने पिछले साल नवंबर में भारतीय निशानेबाजी लीग की मेजबानी करने की अपनी मंशा की घोषणा की थी और अब इसे आईएसएसएफ से मान्यता मिलने के साथ ही यह लीग विश्व स्तरीय निशानेबाजी प्रतियोगिता होने का वादा करती है, जिसमें शीर्ष भारतीय निशानेबाज खेल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों से मुकाबला करेंगे।

इस विकास से रोमांचित, एनआरएआई के अध्यक्ष, कलिकेश नारायण सिंह देव ने टिप्पणी की, हम सभी बहुत उत्साहित हैं। आईएसएसएफ द्वारा अब एसएलआई को मान्यता दिए जाने और अपने आधिकारिक कैलेंडर में इसके लिए एक विंडो आवंटित किए जाने के साथ, यह अब आधिकारिक रूप से एक अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता है।

भारत की इस खेल में पहले से ही वैश्विक स्तर पर मजबूत स्थिति है, इसलिए लीग की अनूठी प्रकृति के अलावा, इससे अधिकांश शीर्ष निशानेबाजों को लीग की ओर आकर्षित करने में मदद मिलेगी। पर्दे के पीछे बहुत काम चल रहा है, और यह हमें अब तक देखे गए सर्वश्रेष्ठ शूटिंग खेल तमाशे में से एक पेश करने के लिए और प्रेरित करता है।÷

पिछले महीने, एनआरएआई ने एलेना नॉर्मन को एसएलआई के लिए सलाहकार और न्यू होराइजन्स अलायंस प्राइवेट लिमिटेड को अपनी वाणिज्यिक और विपणन एजेंसी के रूप में घोषित किया था। एनआरएआई देश के शीर्ष निशानेबाजों के साथ भारत की शूटिंग लीग का आयोजन कर रहा है, जिसमें शीर्ष विदेशी निशानेबाजों के साथ विभिन्न टीमों के लिए प्रतिस्पर्धा होगी। यह लीग पेरिस ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों में हाल ही में मिली सफलता के मद्देनजर देश में खेल को और बढ़ावा देने का एक प्रयास है।

# विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को किया सम्मानित



**शिवपुरी ब्यूरो।** अंतर्राष्टीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शिवपुरी जिले में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रही महिलाओं को भी सम्मानित किया गया जिसमें राष्टीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत अपने आत्मनिर्भर होकर काम कर रहे सुमित्रा केवट गायत्री डांगी और सुलेखा गुप्ता को सम्मानित किया गया। खेल एवं युवा कल्याण विभाग से संबंधित जूडो में राष्टीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर रश्मि तोमर, हॉकी प्रशिक्षक गीता लखेरा योग प्रशिक्षक सपना शर्मा को सम्मानित किया। स्वास्थ्य के क्षेत्र में डॉ लवली पाठक, डॉ अनीता पाल ज्योत्सना डीन, मानसी भार्गव और प्रियंका मंगल को सम्मानित किया गया। समाज सेवा के क्षेत्र में कल्पना राय ज्यादा कुपोषण मुक्ति अभियान में सहयोग पर सरोज शर्मा रजनी सेन पदमा शर्मा को सम्मानित किया। वहीं अकाल संतान पर परिवार नियोजन अपनाने पर शक्ति सक्सेना शिव कुमारी कुशवाहा रिंकी शाक्य को सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को भी अंतरराष्टीय महिला दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जिसमें हायर सेकेंडरी परीक्षा वर्ष 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर छात्र अनामिका शर्मा पिंकी कुशवाह काव्य श्रीवास्तव को और हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर छात्रा दीप्ति रावत, यीशू साहू, सिद्धि कुशवाहा को सम्मानित किया गया। शिवपुरी शहर को साफ सुथरा रखने में अपना योगदान देने पर सफाईकर्मी शगुन, बबीता और शांति को सम्मानित किया।

# मास्टर कॉलोनी में बिजली विभाग की टीम पर हमला, जेई सहित कर्मचारियों को पीटा, फाड़े कपड़े

## बकाया बिजली बिल की वसूली करने पहुंची थी टीम, 6 नामजद सहित अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज

**शिवपुरी ब्यूरो।** बिजली विभाग के कर्मचारी शनिवार को मास्टर कॉलोनी में बिजली बिल की बकाया वसूली करने पहुंची तो वहां स्थानीय निवासियों ने टीम पर हमला बोल दिया और जेई सहित अन्य कर्मचारियों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा और उनके कपड़े फाड़ दिए और मोबाइल छीन लिया। लोगों ने विभाग की गाडियों पर भी पथराव कर दिया। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने बिजली विभाग की शिकायत पर 6 नामजद और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। वहीं, कॉलोनीवासियों के आवेदन को लेकर जांच शुरू कर दी गई है। जेई कैलाश अहिरवार ने बताया कि बिजली विभाग की टीम लोक अदालत में धारा 135 के अंतर्गत बनाए गए प्रकरणों में बकाया राशि पर छूट देने का प्रचार-प्रसार करने फतेहपुर क्षेत्र स्थित बाली मास्टर कॉलोनी पहुंची थी। इस दौरान टीम को वहां अवैध रूप से बिजली उपयोग करने के मामले मिले, जिस पर कार्रवाई करते हुए ट्रांसफार्मर से अवैध रूप से जुड़े तार हटा दिए। इस पर कॉलोनी के कुछ लोगों रूपेश बेडिया, जैकी बेडिया, सुरेंद्र बेडिया, सुजीत बेडिया, मौनू भार्गव और हरिओम शर्मा ने विरोध किया और विवाद करने लगे। बिजली विभाग के कर्मचारियों के अनुसार जब उन्होंने समझाने की कोशिश की कि केवल अवैध रूप से बिजली उपयोग कर रहे उपभोक्ताओं के कनेक्शन हटाए जा रहे हैं, तो उक्त लोगों ने गाली-गलौच शुरू कर दी। विरोध करने पर बिजली कर्मचारियों को धक्का देकर मारपीट की गई। इस घटना में सौभाग्य लोधी, घनश्याम यादव, मनेन्द्र पाल और गजेन्द्र परिहार को चोटें आईं। शासकीय वाहन एमपी 33 सी 2215 के पीछे का कांच भी तोड़ दिया गया। सहायक प्रबंधक पूजा वर्मा, रवि भोज, आमिल खान और मुकेश भदौरिया ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, लेकिन आक्रोशित भीड़ ने उनकी बात नहीं सुनी। गुस्साई भीड़ ने कर्मचारियों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। उनके कपड़े फाड़ दिए और मोबाइल फोन छीन लिए। विभाग की गाडियों पर भी पथराव किया गया। कुछ अधिकारी किसी तरह वहां से भागकर बच निकले। उन्होंने तुरंत घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी। सहायक अभियंता कैलाश अहिरवार और पूजा वर्मा ने कोतवाली में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



**कॉलोनीवासियों ने भी दिया कोतवाली में शिकायती आवेदन, लगाए गंभीर आरोप**

घटना के बाद मास्टर कॉलोनी के रहवासियों ने भी कोतवाली में शिकायती आवेदन दिया और बिजली विभाग के कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाए। कॉलोनीवासियों के अनुसार वे मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं और कई बार बिजली विभाग में स्थाई कनेक्शन के लिए आवेदन कर चुके हैं, लेकिन उन्हें कनेक्शन नहीं दिया गया। कॉलोनीवासियों का दावा है कि बिजली विभाग के कर्मचारियों ने खुद उन्हें अस्थायी रूप से तार जोड़कर बिजली लेने को कहा था, क्योंकि खंभे और सर्विस लाइन की व्यवस्था की जा रही थी।

रहवासियों का आरोप है कि 8 मार्च को बिजली विभाग की टीम तीन गाडियों में आई, जिसमें पूजा वर्मा, कैलाश अहिरवार, सहवाग लोधी और अन्य 10-15 लोग मौजूद थे। उन्होंने बिना किसी सूचना के बिजली के अस्थायी तार काट दिए, जबकि कॉलोनीवासियों ने 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षाओं का हवाला देकर कुछ समय देने की अपील की।

**कर्मचारियों पर महिलाओं के साथ अभद्रता करने का आरोप**

कॉलोनीवासियों का यह भी आरोप है कि बिजली विभाग के कर्मचारियों ने जातिसूचक गालियां दीं, महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किया और धमकी दी कि यदि विरोध किया तो झूठे केस में फंसा देंगे।

आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि कुछ समय पहले बिजली कटने की वजह से एक बच्चा टंकी में गिरकर मौत का शिकार हो चुका है। रहवासियों ने स्थायी कनेक्शन लेने की इच्छा जताई, लेकिन आरोप लगाया कि बिजली विभाग प्रति कनेक्शन 50-80 हजार रुपये की मांग कर रहा है। उन्होंने मांग की है कि विभाग तय नियमानुसार शुल्क लेकर स्थायी कनेक्शन उपलब्ध कराए।

# कोलारस में पत्रकार पर लोहे के सरियों से जानलेवा हमला, चार हमलावरों में से एक गिरफ्तार



**शिवपुरी ब्यूरो।** शनिवार को कोलारस में दिनदहाड़े पत्रकार पर चार लोगों ने जानलेवा हमला बोल दिया। हमले के समय पत्रकार डेयरी से दूध लेकर लौट रहे थे तभी आरोपियों ने उन पर लोहे की सरिए से हमला कर दिया। इस हमले के संबंध में पत्रकार का कहना है कि मेरे द्वारा लगातार अवैध उत्खनन के खिलाफ खबरें प्रकाशित की जा रही है जिससे नाराज होकर यह हमला किया गया है। वहीं इस संबंध में टीआई रवि चौहान का कहना है कि पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उससे अन्य आरोपियों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार पत्रकार सुशील काले आज अपनी बाइक पर सवार होकर डेयरी से दूध लेकर लौट रहे थे तभी खटीक मोहल्ले में शराब की दुकान के पास एक कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, इसके बाद कार में सवार मनप्रीत सरदार, हैप्पी सरदार एवं अन्य दो लोगों ने पत्रकार काले पर लोहे के सरिये से हमला कर दिया। इसके बाद वहां भीड़ एकत्रित होने लगी तो हमलावर भाग गए। इस घटना में पत्रकार काले गंभीर रूप से घायल हुए हैं जिनका उपचार अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने इस मामले में मनप्रीत सरदार, हैप्पी सरकार और दो अज्ञात हमलावरों पर हरिजन एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। इस घटना पर कांग्रेस विधायक कैलाश कुशवाह ने अस्पताल पहुंचकर जिले की कानून-व्यवस्था पर चिंता जताई है।

# विवेकानंद कॉलोनी में कार सवार बदमाशों ने मचाया उत्पात, कॉलोनीवासियों को कहे अपशब्द

## घर के बाहर खड़ी कार के कांच तोड़े, घटना सीसीटीव्ही कैमरे में हुई कैद



**शिवपुरी ब्यूरो।** शहर के पॉश कॉलोनी विवेकानंद में रात्रि में कार सवार बदमाशों ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान बदमाशों ने कॉलोनीवासियों से अपशब्द कहे कार को तेजी से दौड़ाकर लोगों को टक्कर मारने का प्रयास किया बाद में घर के बाहर खड़ी एक कार को बेशबॉल के डंडों से तोड़ दिया जिससे कार के कांच छतिग्रस्त हो गए। यह पूरी घटना वहां लगे सीसीटीव्ही कैमरों में कैद हो गई। जिसके फुटेज कॉलोनीवासियों ने कोतवाली पुलिस को सौंपे हैं और मामले में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार टेंट व्यवसायी अंकुर सहगल ने रात्रि में विवेकानंद कॉलोनी में रहने वाले विपिन शुक्ला के घर के बाहर अपनी कार को पार्क किया था। इसके बाद अंकुर अपने घर में चले गए तभी उनकी कार पर बेशबॉल के डंडों से बदमाशों ने हमला बोल दिया। उनकी कार के कांच तोड़ दिए। जिस पर कॉलोनी की महिलाओं ने शोर मचाया तो अंकुर और विपिन शुक्ला घर से बाहर निकल आए। जिन्होंने काली कार को भागते हुए देखा और उसका पीछा किया तो कार में सवार बदमाश कार को तेजी और लापरवाही से चलाते हुए घूमने लगे और कॉलोनीवासियों के साथ अभद्र शैली में बातचीत कर रौब झाड़ते दिखे। जिसकी सूचना तुरंत ही विपिन शुक्ला ने कोतवाली टीआई कृपाल सिंह राठौड़ को दी। जो मौके पर पहुंचे लेकिन उससे पहले ही कार सवार वहां से भाग निकले। बाद में कॉलोनी के सीसीटीव्ही कैमरे खंगाले गए जिसमें कार से उत्पात मचाने वाले लोग कैद हो गए। जिसकी जांच में पुलिस जुट गई है।

# पुरानी रंजिश के चलते युवक को मारी गोली, हाथ में लगी गोली



**शिवपुरी ब्यूरो।** करैरा के सिलरा गांव में शुक्रवार रात्रि को पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर गोली चलाई गई। घायल अमर सिंह जाटव को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अमर सिंह ने बताया कि छह महीने पहले उसका चचेरा भाई गांव की एक लड़की के साथ शादी कर भाग गया था। दोनों बालिग थे। तब से लड़की के परिवार वालों से रंजिश चल रही थी। चार महीने पहले लड़की के परिवार वालों ने अमर सिंह को बंधक भी बनाया था। गांव के सरपंच की मदद से उसे छुड़ाया गया था। इसके बाद से अमर सिंह का परिवार गांव छोड़कर नदी किनारे अपने खेत पर रहने लगा था। शुक्रवार रात अमर सिंह अपने खेत के बोर को चालू करने जा रहा था। इसी दौरान गोलू जाटव, सुमित जाटव, कैलाश जाटव और दो अज्ञात लोग वहां पहुंचे। गोलू ने बंदूक से फायर कर दिया। गोली अमर सिंह के हाथ में लगी। हमलावर मौके से फरार हो गए। घायल को पहले करैरा स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, फिर जिला अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# प्राइवेट नर्सिंग होम एवं क्लिनिक बने लूट खसौट का अड्डा, दवाई और जांच के नाम पर डॉक्टर ले रहे मोटा कमीशन

**मुरैना,कांस।** शहर एवं जिले की तहसीलों में लगभग दो सैकड़ा से अधिक संख्या में संचालित नर्सिंग होम एवं क्लिनिक मरीज की लूट खसौट का अड्डा बन चुके हैं और यहां कोई विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं है द्य इनके द्वारा मरीजों को भरती तो कर लिया जाता है, लेकिन एक-दो दिन में अच्छी खासी लूट करने के बाद जब कैस नहीं संभालता है तो मरीज को ग्वालियर व अन्य जगह रेफर कर देते हैं द्य पहले क्लीनिक और नर्सिंग होम में लूट होती है और उसके बाद दवाई और जांच के नाम पर डॉक्टर मोटा कमीशन प्राप्त करते हैं द्य वर्तमान स्थिति यह है कि गरीब व्यक्ति प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज के लिए चला जाए तो उसे रुपए उधार लेकर या जमीन बेचकर ही चुकाने पड़ेंगे द्य प्राइवेट नर्सिंग होम एवं क्लीनिक में तमाम घटनाएं हो चुकी हैं, जो जिले की जनता के सामने हैं द्य इसके बावजूद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा इनका कभी आकस्मिक में निरीक्षण नहीं किया गया है। मुरैना शहर में जगह-जगह प्राइवेट नर्सिंग होम संचालित हैं तो वही तमाम गली मोहल्ले में प्राइवेट क्लीनिक चल रहे हैं द्य विशेषज्ञ डॉक्टर ना होने के बावजूद उनके द्वारा हर मर्ज का इलाज किया जाता है द्य जब तक मरीज पर पैसा होता है, तब तक डॉक्टर उन्हें लूटते रहते हैं और कैस नहीं संभल पाता है अथवा मरीज के पास देने को पैसा नहीं होता है, तब उसे ग्वालियर व अन्य जगह रेफर कर दिया जाता है द्य जिले की तहसीलों में भी बड़ी संख्या में प्राइवेट नर्सिंग होम एवं क्लिनिक संचालित हैं द्य इनके पास ना तो विशेषज्ञ चिकित्सक हैं और ना ही अनुभवी स्टाफ है द्य बताया जाता है कि सरकारी जिला अस्पताल हो अथवा तहसीलों पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इनमें रात्रि को एमरजैंसी डॉक्टर ही बैठते हैं और रात्रि में जब कोई मरीज गंभीर हालत में पहुंचता है, तो उसे इलाज नहीं मिल पाता, ऐसे में प्राइवेट नर्सिंग होम रात्रि में सेवाएं देते हैं द्य प्राइवेट नर्सिंग होम संचालित करने वाले चिकित्सक 8-10 घंटे में ही मरीज को पूरी तरह दवाई और जांच के नाम पर लूट लेते हैं और सुबह इधर-उधर रेफर कर देते हैं द्य प्राइवेट नर्सिंग होम व क्लिनिको पर आए दिन झगड़ा, मारपीट होने के मामले सामने आते रहते हैं द्य कहते हैं भगवान के बाद दूसरा भगवान डॉक्टर होता है, लेकिन तमाम चिकित्सकों द्वारा चिकित्सा सेवा को पूरी तरह से बिजनेस बना लिया गया है और वह मरीज के अटेंडर से रुपया वसूल करने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं द्य जिले में दो सैकड़ा से अधिक नर्सिंग होम क्लीनिक संचालित है, लेकिन मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी तथा तहसील स्तर पर पदस्थ बीएमओ आदि द्वारा कभी कोई निरीक्षण नहीं किया जाता और ना ही नर्सिंग होम और क्लीनिक पर नियम तथा मापदंड की चेकिंग की जाती है।

**नर्सिंग होम एवं पैथोलॉजी सेंटर में नहीं लगी है रेट लिस्ट**

शहर व जिले की तहसीलों में संचालित तमाम नर्सिंग होम एवं पैथोलॉजी सेंटरों पर मरीजों की विभिन्न जांचों के संबंध में कोई रेट लिस्ट नहीं लगी हुई है और मरीज से जांच के नाम पर अनाप-शनाप रुपया वसूल किया जा रहा है द्य शहर व जिले में पैथोलॉजी सेंटर इतनी अधिक संख्या में खुल चुके हैं और सभी का नर्सिंग होम एवं क्लिनिक संचालकों से कांटेक्ट है तथा मोटा कमीशन डॉक्टर जांच के नाम पर प्राप्त करते हैं द्य स्थिति यह है कि अब तो किसी भी डॉक्टर पर चले, जो पहले जांच लिखता है और उसके बाद इलाज करता है द्य मरीज को डॉक्टर, पैथोलॉजी संचालक, मेडिकल स्टोर्स हर तरफ से लूट रहे हैं, लेकिन जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग इस और कोई ध्यान नहीं दे रहा द्य

**विदेश की डिग्री नहीं मान्य, फिर भी कर रहे इलाज**

सूत्र बताते हैं कि मुरैना शहर व जिले में कुछ ऐसे डॉक्टर हैं जो विदेश से डॉक्टरी करके आए हैं और उनके द्वारा हिंदुस्तान में चिकित्सा सेवा करने के लिए कोई एग्जाम पास नहीं किया गया है, इसके बावजूद भी वह नर्सिंग होम संचालित कर रहे हैं द्य देखा जाए तो वह वरिष्ठ डॉक्टरों के समकक्ष भी नहीं है, लेकिन जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही तथा अनदेखी के कारण वह अपने क्लीनिक व नर्सिंग होम धड़ल्ले से संचालित कर इलाज के नाम पर मरीजों के अटेंडर से जमकर धन कमा रहे हैं।

# अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का धूमधाम से हुआ आयोजन

## उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिकाओं सहित अन्य का किया सम्मान



**धौलपुर ब्यूरो।** अन्तर्राष्टीय महिला दिवस प्रतिवर्ष 8 मार्च को विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के प्रति सम्मान,प्रशंसा और प्रेम प्रकट करते हुए महिलाओं के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों एवं कठिनाइयों की सापेक्षता के उपलक्ष्य में उत्सव के तौर पर मनाया जाता है। इसी क्रम में नगर परिषद ऑडिटोरियम धौलपुर में जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग के सौजन्य से अंतरराष्टीय महिला दिवस का जिला स्तरीय आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद एएन सोमनाथ एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार पाराशर,भाजपा नेत्री नीरजा अशोक शर्मा,सभापति खुशबू सिंह,ब्रांड एंबेसेडर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान धौलपुर पार्वती कुशवाह रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप निदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग धीरेन्द्र सोनी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर हुआ। सीडीपीओ भूपेश गर्ग,मांगीलाल आर्य ने अतिथियों का बुके भेंटकर कर स्वागत सम्मान किया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीईओ जिला परिषद एएन सोमनाथ ने अंतरराष्टीय महिला दिवस की शुभकामनाएं बधाई देते हुए गुनगुनाया तू किस लिए हताश है, तू चल तेरे वजूद की समय को भी तलाश है,समय को भी तलाश है। उन्होंने सरकार की महिला उत्थान की योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि धौलपुर जिला आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत नीति आयोग एवं विकसित भारत संकल्पना के अंतर्गत महिला उत्थान एवं बेटियों के कल्याण के लिए कार्य जिले में हो रहा है। उप निदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग धीरेन्द्र सोनी ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं के सम्मान और उत्थान की बात की। उन्होंने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणीय है। महिलाओं के उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित करना चाहिए। भाजपा जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार पाराशर ने केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए सरकार की योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की महिला उत्थान की योजनाओं का लाभ देश एवं प्रदेश की महिलाओं को मिल रहा है। भाजपा नेत्री नीरजा अशोक शर्मा ने कहा कि महिला आज सरपंच से लेकर राष्ट्रपति जैसे बड़े पदों पर विराजित हैं इससे बड़ी महिला सशक्तिकरण की मिशाल कोई हो नहीं सकती। सभापति खुशबू सिंह ने महिलाओं की जयजयकार करते हुए कहा कि हर विभाग सहित राजनीति में भी महिलाओं की भागीदार बेहद मजबूत हुई है। उन्होंने बेटियों को शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए आवाह्न किया। ब्रांड एंबेसेडर पार्वती कुशवाह ने महिला के त्याग और समर्पण सहयोग की भावना का उल्लेख करते हुए अपनी कामयाबी की कहानी सुनाकर सबको ताली बजाने के लिए मजबूर कर दिया। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि मैं महिलाओं के सशक्तिकरण एवं बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ अभियान के लिए कार्य कर रही हूं। सीडीपीओ भूपेश गर्ग ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच संचालक लेखाधिकारी मांगीलाल आर्य ने किया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 6आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं,6 सहायिकाओं को माता यशोदा पुरस्कार दिया एवं महिला सशक्तिकरण में कार्य करने हेतु साथिनों का सम्मान किया। इस अवसर पर सीडीपीओ राजाखेड़ा अविनेश कुमार,बाड़ी सीडीपीओ अर्पित श्रीवास्तव, बसेड़ी सीडीपीओ रत्नेश यादव, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी भगवान सिंह कुशवाह, सहायक प्रशासनिक अधिकारी नरेंद्र मीना,व्याख्याता भगवान सिंह मीना,अभय,विजय,कुंजीलाल,कनुप्रिया सहित अन्य मौजूद रहे।

# धौलपुर में जलभराव रोकथाम को लेकर प्रशासन सख्त, जिला कलक्टर ने अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश



**धौलपुर ब्यूरो।** मानसून से पहले जलभराव की समस्या से निपटने के लिए जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें आयुक्त नगर परिषद अशोक शर्मा, उपखंड अधिकारी साधना शर्मा, सीओ सिटी, रेलवे विभाग के अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिला कलक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि इस वर्ष मानसून के दौरान पिछले साल जैसी जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो, इसके लिए सभी विभाग पहले से ही ठोस तैयारियां पूरी कर लें। उन्होंने कहा कि शहर की जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए समन्वित प्रयास जरूरी हैं, ताकि आमजन को जलभराव के कारण किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक में रेलवे अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देश दिया गया कि नवीन रेलवे ट्रैक निर्माण के कारण जल निकासी प्रभावित न हो। इसके लिए जहां आवश्यक हो, वहां पुलिया और अन्य वैकल्पिक जल निकासी मार्ग बनाए जाएं। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि रेलवे ट्रैक के नीचे से पानी के सुचारू बहाव के लिए समुचित व्यवस्था की जाए।

**नगर परिषद को नालों की सफाई और अतिक्रमण हटाने के आदेश**

नगर परिषद को निर्देश दिए गए कि शहर के सभी प्रमुख और छोटे नालों की नियमित सफाई की जाए और जल निकासी मार्गों पर हुए अतिक्रमण को तुरंत हटाया जाए। बैठक में यह भी कहा गया कि संपूर्ण सफाई कार्य मानसून से पहले पूरा हो जाना चाहिए, ताकि बारिश के समय नालों का बहाव अवरुद्ध न हो। इसके अलावा, संभावित जलभराव वाले क्षेत्रों में पहले से ही व्यवस्था करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कहा कि शहर के संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां विशेष निगरानी रखी जाए, ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत जल निकासी की कार्रवाई हो सके। बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी संबंधित विभाग समय रहते अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करें और मानसून के दौरान किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहें।

# भार वाहनों के टैक्स जमा करान में 15 मार्च का ना करें इंतजार, इस बार नहीं लगेंगे कैश काउंटर,कर ऑनलाइन जमा होगा

**धौलपुर ब्यूरो।** भार वाहनों के स्वामियो को वार्षिक टैक्स जमा कराने के लिए 15 मार्च तक का समय है। 15 मार्च के बाद परिवहन विभाग बकाया कर वाहन धारकों से प्रशमन राशि वसूलने की कार्रवाई की जाएगी , फिर टैक्स के साथ 3 प्रतिषत जुर्माना राशि भी चुकानी होगी। विभाग द्वारा टैक्स जमा कराने की अन्तिम तिथि 15 मार्च है। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि 15 मार्च तक टैक्स जमा नही कराने वाले वाहनों पर शिंकजा कसा जायेगा तथा ऐसे वाहनो के खिलाफ 15 मार्च के पश्चात् संघन चैकिंग अभियान चलाकर सख्त कार्यवाही की जायेगी। वाहनों को सीज कर टैक्स और जुर्माना राशि भी वसूली जायेगी। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि मार्च 2025 में दिनांक 13 मार्च से 16 मार्च तक राजकीय अवकाश है , लेकिन विभाग 13 व 15 तारीख को भी कर जमा कर सकते हैं। ऑनलाइन कर राशि जमा करने वाले वाहन चालक 15 मार्च का इंतजार ना करे, क्योंकि अवकाश होने के कारण ऑनलाइन कर जमा करने में विलंब हो सकता है । इसलिए 15 मार्च से पहले ही अपना कर जमा कराए और परेशानियों से बचें । अतः 15 मार्च के बाद कर पर लगने वाली 3 प्रतिशत पेनल्टी एवं असुविधा से बचने हेतु वाहन स्वामी 11 मार्च तक अपने वाहन का बकाया कर जमा कराया जाना सुनिश्चित करें । सरकार द्वारा इस बार कैश काउंटर नहीं खोले जा रहे जिस वजह से कर की राशि ऑनलाइन ही जमा हो रही है ऐसे में यदि भार वाहन चालक 15 मार्च तक का इंतजार करेंगे तो उन्हें फिर परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इस असुविधा से बचने के लिए 11 मार्च से पूर्व कर जमा कराया जाना सुनिश्चित करे।

# बड़ी स्क्रीनन माधव चौक पर देखिए इंडिया-न्यूजीलैंड का फाइनल मैच, विधायक जैन करवाई व्यवस्था



**शिवपुरी ब्यूरो।** इंडिया न्यूजीलैंड चैंपियन ट्रॉफी का फाइनल मैच शिवपुरी में माधवचौक चौराहे पर अब आप बड़ी स्क्रीन पर देख सकेंगे। विधायक के पुत्र सक्षम जैन ने बताया कि शिवपुरी विधायक देवेंद्र जैन द्वारा माधव चौक चौराहे पर फाइनल मैच को देखने के लिए बड़ी स्क्रीन लगवाई जा रही है जिससे क्रिकेट प्रेमी बड़ी स्क्रीन पर मैच का आनंद ले सके। यह मैच रविवार को होगा बता दे कि क्रिकेट प्रेमियों को मैच देखने के लिए बैठने की भी व्यवस्था करवाई गई है। इससे पहले भी विधायक जैन ने माधव तक चौराहे पर मैच देखने के लिए बड़ी स्क्रीन लगवाई थी मैच देखने के बाद भारत की जीत का जश्न भी मनाया गया था।


# आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, विकीत भूमि वार्ड नं. 03. सरल नं. 164A खैरा मौहल्ला नेताजी सुभाषचन्द्र बोस वार्ड, तहसील नरवर जिला शिवपुरी जिसका कुल क्षेत्रफल 634.50 वर्गफीट है। जिसकी चर्तुसीमा इस प्रकार है कि पूर्व में शासकीय कोट, पश्चिम में आम रास्ता कॉलोनी का, उत्तर में बिसम्भर सिंह का मकान तथा दक्षिण में मंदिर की बॉउड़ी स्थित है। उक्त संपत्ति को इंदल सिंह ठाकुर पुत्र फेरन सिंह ठाकुर निवासी वार्ड नं. 03. तहसील नरवर जिला शिवपुरी ने रजिस्टर विक्रयपत्र क्रमांक MP392952018A1397419 दिनांक 07.06. 2018 के द्वारा देवेन्द्र सिंह ठाकुर पुत्र शिवराज सिंह ठाकुर निवासी ग्राम दागीपुरा, तहसील नरवर जिला शिवपुरी को विकय किया है। देवेन्द्र सिंह ठाकुर पुत्र शिवराज सिंह ठाकुर निवासी ग्राम दागीपुरा, तहसील नरवर जिला शिवपुरी ऋष्टा ले रहे हैं। यदि अन्य किसी भी व्यक्ति का अथवा संस्था, शासन का किसी भी प्रकार से उक्त सम्पत्ति में हित निहित हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन दिनांक से सात दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेजी साक्ष्य के मेरे कार्यालय पर प्रस्तुत कर देवें अन्यथा किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में उक्त सम्पत्ति को वित्तीय संस्था साम्य बंधक कर लिया जावेगा तथा उक्त सम्पत्ति पर उक्त संस्था का प्रथम भार रहेगा तथा इस सूचना पत्र में दी गई म्याद उपरांत किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

DATE-08.03.2025

**सूचक**

**श्री आशीष पुराणिक एडव्होकेट स्वास्तिक रेसीडेंसी शिवपुरी म.प्र.**

# शहर में हजारों की संख्या में दौड़ रहे हैं सड़कों पर बिना रजिट्रेशन ई रिक्शा

## रोजगार बड़ा आमजन को हुई सुविधा लेकिन लेकिन हाकर्स जॉन नही, नाबालिग चला रहे हैं ई रिक्शा डायरेक्ट तार डाल कर रहे हैं चार्ज

राधाकृष्ण सिंघल/सोनू पाराशर



कैलारस- शहर कैलारस में सड़कों पर हजारों की संख्या में ई रिक्शा दौड़ रहे हैं ई-रिक्शाओं की लगातार बढ़ती संख्या से एक तरफ लोगों की सुविधा हो रही है तो वही दूसरों तरफ लोगों की परेशानी का कारण भी बन रहे है कैलारस शहर में प्रतिदिन हजारों की संख्या में ई रिक्शा सड़क पर दौड़ रहे जो कुछ शहर में तो कुछ ई रिक्शा ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे हैं एक ई ओर तो ई रिक्शाओ से आमजन को सुबिधा भो हैं ओर लोगो को रोजगार भी मिला हैं ई रिक्शा से आमजन आप पास ग्रामीण एव शहरी क्षेत्र में जल्द ओर कम पेसो में पहुच जाते है और वही रोजगार की बात करे तो प्रत्येक ई रिक्शा चालक लागभग एक दिन में 4 सो से पांच सौ रुपये कमा लेता हैं जिससे लोगो का रोजगार भी बड़ा है वही ई रिक्शा एक से डेढ़ लाख रुपए में मिल जाता है ओर लोग रोजगार चालू कर देते हैं वही बढ़ती ई रिक्शाओं की संख्या लोगो की परेशानी का कारण बनती जा रही हैं आये दिन पुरानी सब्जी मंडी,पहाड़गढ़ रोड, चौड़ा खरंजा,एम एस रोड सहित अन्य जगह सेकड़ो की संख्या ई रिक्शा खड़े हो जाते है जिससे जैम की स्थित बन जाती हैं और अन्य बाहनों सहित आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ता हैं वही शहर सहित आसपास के क्षेत्र में लागभग दो हजार ई रिक्शा बिना रजिस्ट्रेशन के सड़को पर दौड़ रहे है वही शहर में चल रहे ई रिक्शाओं को लेकर कई बार प्रशासनिक अधिकारियों, आमजन एवं ई-रिक्शा चालकों के साथ बैठक हो चुकी है उसके बाद भी मात्र 64 ई रिक्शा चालकों ने नगर परिषद कैलारस में पंजीयन कराया कुछ ई रिक्शा चालकों ने रजिस्ट्रेशन करा लिया है लेकिन ज्यादातर ई रिक्शा बिना रजिस्ट्रेशन के ओवरलोड क्षमता से अधिक सामान लेकर शहर की सड़कों पर दौड़ रहे जिन्हें छोटे छोटे बच्चे चला रहे है जिनके पास ना कोई नगरपालिका का रजिस्ट्रेशन हैं नाही लाइसेंस हैं जिससे घटना होने के बाद ई रिक्शा चालकों की पहिचान नही हो पाती और लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ता हैं वही ई रिक्शा चालक शहर एव शहर के बाहर डायरेक्टर तार डाल कर ई रिक्शाओं को चार्ज करते है जिससे से कभी दुर्घटना हो सकती हैं वही पूर्व में विधुत विभाग द्वारा करवाई भी की गई हैं वही कई बार वैठक में ई रिक्शा चालकों के रजिस्ट्रेशन एव ई रिक्शा पर नम्बर सहित अन्य नियमो को लेकर वैठक हुई लेकिन समस्या का समाधान नही हुआ व्यवस्था जैसी की तैसी बानी हुई हैं वही ई रिक्शा चालकों कहना हैं कि नगर पालिका दुबारा शहर में कही भी ई रिक्शा स्टैंड नही बनाए गए जिससे ई रिक्शा सभी जगह खड़े रहते है और ओर जाम जैसी स्थिति बन जाती हैं वही नगर परिषद ई रिक्शा स्टैंड ओर चार्जिंग एव सभी रिक्शो पर अभियान चलाकर नम्बर डलवा दे तो समस्या खत्म हो सकती हैं वही हमे भी जगह जगह नही खड़ा होना पड़ेगा निश्चित स्थान पर जाकर ई रिक्शा खड़े कर लेंगे।

कैलारस में ई रिक्शाओं के पंजीयन हेतु एस डी एम महोदय के आदेशानुसार मुनादी कराई गई थी जिसमें 64 ई रिक्शा चालकों ने पंजीयन कराए शेष के पंजीयन कराने की प्रक्रिया चल रही हे।

**सुरेश गोयल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद कैलारस**

नगर में बगैर पंजीयन के ई रिक्शा संचालित हे, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही हे , इनके पंजीयन के लिए नगर परिषद द्वारा मुनादी कराई थी कुछ पंजीयन हुए यदि इनका रूट तय हो जाए तो समस्या निबट जाएगी।

**राममंत्र गुप्ता, उप निरीक्षक थाना कैलारस**

# कैलारस के विकास कार्य में नहीं छोड़ी जाएगी कोई कमी नगर परिषद का 28.47 करोड़ रूपये का बजट पारितः- अंजना बंसल



**कैलारस।** नगर के विकास के लिए परिषद सम्मेलन में सर्व सम्मति से 28 करोड़ 47 लाख 50 हजार रूपये का बजट पारित किया गया है जिसमें राजस्व आय के रूप में 6 करोड़ 42 लाख का लक्ष्य रखा गया है स्थापना व्यय हेतु बजट में 1 करोड़ 20 लाख रुपये, पेयजल व्यवस्था हेतु 3 करोड़ 75 लाख रुपये, वाहन संचालन एवं क्रय हेतु 1 करोड़ 20 लाख रुपये, गौशाला निर्माण, नये रास्ते सड़कों के निर्माण एवं अन्य निर्माणों हेतु 6 करोड़ 90 लाख रुपये, परियोजनाओं हेतु 22 करोड़ रूपये, प्रकाश व्यवस्था हेतु 1 करोड़ रूपये, प्रधानमंत्री आवास योजना से निर्माण 4 करोड़ रूपये एवं अन्य जनकल्याण कारी कार्यो हेतु भी बजट में प्रावधान रखा गया। बजट में संपूर्ण नगर की मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ स्वच्छता एवं निर्माण कार्यों को ध्यान में रखा गया है नगर के समस्त वार्डो की समस्याओं को भी गंभीरता से लिया गया है आगामी समय में अलोपी शंकर पहाड़िया पर रोप वे निर्माण एवं कुआरी नदी में नौका विहार एवं फ़फ़वारे से नदी का कायाकल्प करने का लक्ष्य भी प्रस्तावित करने की कार्ययोजना तैयार की जा रही है एम. डी. एस. ग्राउंड में सैकड़ो की संख्या में दुकानें निर्माण होने के कारण राजस्व में अपार धन संचय होने का अनुमान है शहर की सफाई व्यवस्था में भी कई बदलाव के साथ तैयारी की जा रही है उक्त जनकल्याणकारी बजट नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती अंजना बृजेश बंसल द्वारा प्रस्तुत किया गया जिसका समस्त परिषद ने सर्व सम्मति प्रस्ताव पारित कर दिया इस अवसर पर उपाध्यक्ष श्रीमती सीमा अशोक राणावत, श्री कल्लू कुशवाह, श्रीमती अनीता संजय शाक्य, श्री वीरेंद्र सोलंकी, एड. दिनेश हरदेनिया, श्री दरोगा खान, श्री डॉ. शम्मा कुरेंशी, श्रीमती विनीता विनोद पलिया, श्रीमती लक्ष्मी पूरन शिवहरे, एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री सुरेश गोयल उपस्थित रहे।

# मलेरिया के लक्षण दिखाई देने पर तुरन्त डॉक्टर को दिखायें और उपचार लें



**मुरैना,कांस।** मलेरिया बुखार में व्यक्ति को ठंड के साथ कपकपी, तेज बुखार और पसीना आना एवं तापमान कुछ समय में सामान्य हो जाता है। मलेरिया एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलता है। सिविल सर्जन डॉ. गजेन्द्र सिंह तोमर ने जानकारी देते हुये बताया है कि यह संकमित मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से फैलता है। संक्रमण की अवधि, मलेरिया के प्रकार, उपचार की प्रभावशीलता और व्यक्ति के आधार पर भिन्न हो सकती है। जाँच और इलाज के द्वारा ठीक हो जाता है। डॉ. तोमर ने बताया कि तेज सिर दर्द, हाथ पैरों में अकड़न, उल्टी आना, थकान महसूस होना मलेरिया के लक्षण है। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरन्त डॉक्टर को दिखाए और जांच व उपचार लें। डिप्टी मीडिया ऑफिसर श्रीमती रामलली माहौर ने मलेरिया से बचने की सलाह दी है। मलेरिया से बचने के लिये सभी लोग अपने घर और बाहर साफ-सफाई रखे, पानी की टंकी को धोकर व सुखाकर पानी भरे। फुलअस्तीन के कपड़े पहने, मच्छर दानी लगाये, मच्छर पनपने वाली जगह को साफ, सुथरा रखे। आरएमओ डॉ. डीएस यादव ने आमजन से अपील की है कि मौसम के अनुसार मच्छरों से बचाव व उपचार अवश्य लें, जिससे मलेरिया से बचाव हो सके।

# सुंदरकांड के पाठ से हनुमान जी होते हैं प्रसन्न बरसाते हैं कृपा

## जादौन परिवार ने कराया सुंदरकांड पाठ का आयोजन, 41 दिन तक सुंदरकांड का पाठ करने से हनुमान जी की अति कृपा बरसती है



**कैलारस।** कलयुग में सुंदरकांड का पाठ हनुमान जी को प्रसन्न करने का एक सीधा और सरलतम उपाय है सुंदरकांड के पाठ के वाचन और श्रवण से मनुष्य पर हनुमान जी की कृपा बरसती है और हनुमान जी इस पाठ के वाचन से मनुष्य के कष्ट हरने का कार्य करते हैं ऐसा माना जाता है कि सुंदरकांड के पाठ में से हनुमान जी अत्यधिक प्रसन्न होते हैं सुंदरकांड के पाठ में बजरंगबली की कृपा बहुत ही जल्द प्राप्त हो जाती है जो लोग नियमित रूप से सुंदरकांड का पाठ करते हैं उनके सभी दुख दूर हो जाते हैं इसमें हनुमान जी ने अपनी बुद्धि और बल से सीता माता की खोज की थी। गत दिवस शुक्रवार को युवा समाजसेवी रामपाल सिंह जादौन गस्तौली के निज निवास पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन रखा गया। साथ ही साथ सुंदरकांड के पाठ के श्रवण को आए आगंतुकों के लिए सह भोज का आयोजन भी जादौन परिवार द्वारा रखा गया।

**41 दिन तक सुंदरकांड का पाठ करने से हनुमान जी की अति कृपा बरसती है**

41 दिन तक सुंदरकाण्ड का पाठ करने के अनुभवों की आधारिक धारणा और प्रामाणिक सिद्धांत नहीं हैं, लेकिन धार्मिक और आध्यात्मिक परंपराओं में इसे विशेष महत्व दिया जाता है। यह समयावधि ध्यान, आध्यात्मिक विकास, और साधना के लिए उपयुक्त मानी जाती है। इस प्रकार के विशेष साधनाओं में ध्यान को संवाहना और ध्यान की प्राप्ति के लिए इस प्रकार के संगठन किए जाते हैं। 41 दिनों के यात्रा के दौरान, ध्यान और उपासना के रूप में इसका प्रयोग किया जाता है और यह भगवान हनुमान की कृपा और आशीर्वाद को प्राप्त करने का एक माध्यम बन सकता है। यह प्रथ्वी पर आधारित एक प्रकार की साधना है जिसमें विशेष समयावधि के लिए किसी धार्मिक पाठ या जाप का अभ्यास किया जाता है। इसके लिए, व्यक्ति निर्धारित समय में नियमित रूप से सुंदरकांड पाठ करता है और इस प्रकार आध्यात्मिक अभ्यास को पूरा करता है। सुंदरकांड पाठ का वचन पंडित आशु उपाध्याय मोहनपुर, और बंटी पाठक नेपरी वालों के मुखारविंद से किया गया। इस अवसर पर जादौन परिवार से श्री गब्बर सिंह जादौन, श्री नरेश सिंह जादौन, दीपेंद्र जादौन पत्रकार, एलएस सिकरवार भर्रा, चरन सिंह सिकरवार, बाबा बहादुर दास, पूरन शिवहरे पार्षद, पार्षद एडवोकेट दिनेश हरदेनिया, कुंज सोनी, रामभजन धाकड़ सरपंच, बेटू जादौन, उत्तम सिंह सिकरवार, परसराम शर्मा, कल्लू भर्रा सरपंच, पत्रकार ललित तोमर, राजेंद्र गौड़ पत्रकार, महेंद्र सिंह सिकरवार सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# शास महाविद्यालय कैलारस में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई द्वारा महिला दिवस पर किया व्रक्षारोपण, मेहदी प्रतियोगिता, ब्लड टेस्ट कराया गया




**कैलारस।** शासकीय महाविध्यालय कैलारस में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बन विभाग की रेंजर हिना खान, डॉ कल्पना शर्मा, पुलिस विभाग से एस आई आशा सिंह एवं छात्रावास से रंजना शर्मा और आर एस एस के रितेश सर उपस्थित हुए । कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात कार्यक्रम अधिकारी श्री मति रुचि गुप्ता ने अतिथियों के मस्तिक पर तिलक लगाकर और छात्रों ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। महाविद्यालय के डॉ प्रवीण लिटोरिया ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया, वहीं राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से छात्रों ने अतिथियों को श्री फल भेंट कर सम्मानित किया। रितेश सर ने राष्ट्रीय गीत गाकर उद्बोधन में सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए महिलाओं के सशक्तिकरण की आवश्यकता पर जोर दिया। तथा रानी लक्ष्मीबाई कल्पना चावला जैसे हिम्मत वाले बनने को कहा वहीं डॉ कल्पना शर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों के प्रति समाज को जागरूक रहना चाहिए ताकि महिलाओं को उनके अधिकारों एवं अवसरों का समुचित लाभ मिल सके। एस आई आशा सिंह ने संबोधन में कहा, सच्चा सशक्तिकरण तभी संभव होगा जब हम अपनी बेटियों को आगे बढ़ने के अवसर देंगे और महिलाओं को निर्णय लेने का अधिकार प्रदान करेंगे। जब महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी, तभी वास्तविक समानता स्थापित होगी। मुख्य अतिथि वन विभाग की रेंजर हिना खान ने महिलाओं के स्वास्थ्य को सर्वोपरि बताते हुए कहा, ÷यदि महिला स्वस्थ है, तो संपूर्ण परिवार स्वस्थ रहेगा, क्योंकि महिला परिवार की नींव होती है। यदि नींव कमजोर होगी, तो पूरी इमारत डगमगा जाएगी।÷और व्रक्षा रोपण करने की सलाह दी तथा मैम अपने साथ छात्रों के लिए खाने कावसामन भी साथ लाई और सभी छात्रों को वितरित किया। छात्रों के लिए मेहदी प्रतियोगिता राखी गई जिसमे कई छात्रों ने भाग लिया व्रक्षारोपण कराया गया जिसमे छात्रों के साथ सभी अतिथियों और महाविधालय के स्टाफ ने भाग लिया डॉ एस आर मिश्रा जी द्वारा ब्लड टेस्ट का कैंप राहुल ने लगाया आज के कार्यक्रम से स्वयं सेवी बहुत लाभान्वित हुए। इस अवसर पर महाविघालय के डॉ डॉ प्रवीण कुमार लिटोरिया ,रामेंद्र सिंह परमार, डॉ प्रशांत चतुर्वेदी, ममता सोनी, सुश्री प्रियंका साहू शिल्पी गुप्ता, रफीक मोहम्मद कुरेशी, टैलेंट निगम अमित आदि उपस्थित हॉस्पिटल से राहुल उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन प्रियंका साहू ने कार्यक्रम के अंत श्री दर्शन गिरी गोस्वामी जी ने सभी अतिथियों एवं उपस्थितजन का आभार व्यक्त किया। लास्ट मैं कार्यक्रम अधिकारी रुचि गुप्ता ने कहा कि यह सब हमारे महाविद्यालय के समस्त स्टाफ की मदद से सफल हो रहा है उनका बहुत सहयोग है।

# महिला पटवारियों द्वारा महिला दिवस पर फ़ील्ड पर संभाला मोर्चा



**मुरैना,कांस।** पूरे विश्व में जहाँ आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जा रहा है एवं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की सुरक्षा एवं काफिले की कमान भी जहाँ नारी शक्ति के हाथों में है।वहीं आज मुरैना जिले की श्रीमती निशा, श्रीमती मनोरमा, श्रीमती दीपा गुप्ता, अर्पिता नगरिया, संध्या तोमर और ऊषा यादव पटवारियों ने शनिवार को अपने कार्य को महत्व देते हुए जगह जगह जा कर फार्मर रजिस्ट्री कर रही है।इन्होने शासन की मंशा को ध्यान में रखते हुए किसानों के महत्व पूर्ण कार्य को प्राथमिकता दी।कर्मठ महिला पटवारियों ने फील्ड पर मोर्चा सँभालते हुए शासन द्वारा चलाये जा रहे फार्मर रजिस्ट्री, खसरा दृ्य४९, गिरदावारी जैसे आवश्यक कार्य संपन्न किये। जिसमें मुरैना जिले के हल्का श्यामपुर की श्रीमती निशा तिवारी दंडोली की श्रीमती मनोरमा गुप्ता पूरा आवास खुर्द की श्रीमती दीपा तोमर रामपुर की अर्पिता नगरिया, उरहेरा की पटवारी ऊषा यादव ईकेवाईसी और संध्या तोमर ने गिरदावरी के कार्य को प्राथमिकता से किया।

# होली के त्यौहार को देखते हुए पुलिस ने थाने के सामने लगाया चेकिंग पॉइंट



**कैलारस।** पुलिस थाना कैलारस ने थाने के सामने चेकिंग पॉइंट लगाकर बाहनों की चेकिंग उपनिरीक्षक राममन्त्र गुप्ता एव संतोष गौतम ने बतया की आगामी होली के त्यौहार सहित अन्य त्योहारों को देखते हुए थाने के सामने चेकिंग पॉइंट लगाकर बाहनों की चेकिंग की जा रही हैं जिससे अवैध मादक पदार्थो का परिवहन न हो सके वही लोडिंग अनलोडिंग चार पहिया वाहनों को चेक कियाँ एव बाहन चालको को किसी प्रकार का नशा न कर वाहन चलाने की समझाइश दी वही धीमी गति से बाहन चलाने की समझाइश दी उपस्थित वाहनों के कगक चेक किये आमजन एव बाहन चालको को समझाइस देते हुए कहा कि आगामी होली सहित अन्य त्योहारों को शांति सद्भावना भाई चारे के साथ मनाए नशे का सेवन ना करे अगर आप किसी के पास भी अवैध मादक पदार्थो अन्य कोई संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी हो तो थाने पर आ कर सूचना दे आप का नाम गोपनीय रखा जाएगा चेकिंग के दौरान उपनिरीक्षक राममन्त्र गुप्ता,संतोष गौतम, प्रधान आरक्षक दातार सिंह, हारिशकर प्रजापति, देवेन्द गुर्जर, विष्णु शर्मा, सूरज सेमिल,रामराज गुर्जर, सकिर खान सहित अन्य स्टाफ मोजूद रहा।

# नेशनल लोक अदालत में 501 प्रकरण निराकृत



(चम्बलसुर्खी संवाददाता)

**सबलगढ़।** सबलगढ़ न्यायालय में 8 मार्च को उमेश कुमार शर्मा, प्रथम जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति सबलगढ़ के मार्गदर्शन में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।जिसमें श्री उमेश कुमार शर्मा, प्रथम जिला न्यायधीश, श्री उपेंद्र देशवाल, द्वितीय जिला न्यायधीश।सहित न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथमश्रेणी श्री अभिषेक कुमार,श्रीमती प्रितांजली, श्री नितिन सोनी, श्री प्रदीप कुमार परिहार,श्रीमती रश्मि तिवारी की गठित खंडपीठों द्वारा न्यायालय में लंबित एवं प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया गया। विद्युत विभाग, नगरपालिका, बैंक, बीएसएनएल आदि के प्रकरणों के निराकरण हेतु पृथक- पृथक स्टॉल लगाए गए।राजीनामा करने वाले व्यक्तियों को स्मृति चिन्ह के रूप में फलदार एवं छायादार पौधे प्रदान किए गए। प्रीलिटिगेशन के विभिन्न विभागों के 374 मामले निपटाए जाकर राशि रुपए 70लाख 99 हजारकी समझौता राशि रही। जिसमें बैंकों के 71 नगरपालिका के 157 विद्युत विभाग के 142 प्रकरण है। साथ ही तहसील न्यायालय सबलगढ़ के न्यायिक अधिकारियों की खंडपीठों के द्वारा न्यायालय में लंबित 127 मामलों का आपसी सुलह समझौते से पक्षकारों के मामलों का निराकरण किया। जिसमें मोटर एक्सीडेंटल क्लेम के तीन,आपराधिक प्रकरण के 62 मामलों का निराकरण किया गया। पारिवारिक विवाद के 07,चेक बाउंस के 10 मामलों का निराकरण हुआ। पारिवारिक मामले के 07 प्रकरणों का निराकरण किया गया। जिसके अंतर्गत न्यायालय श्री उमेश कुमार शर्मा प्रथम जिला न्यायाधीश के न्यायालय में एक प्रकरण का निराकरण हुआ। जिसके अंतर्गत मोनू रावत निवासी चिलवारिन का पुरा थाना सबलगढ़ एवं श्रीमती राधा निवासी थाने के सामने सबलगढ़ की शादी दिनांक 20/06/ 21 को हुई थी जिसमें आपसी गृह क्लेश के कारण वे दोनों जून 2022 से अलग-अलग रह रहे थे। जिनका प्रकरण नेशनल लोक अदालत में उमेश कुमार शर्मा प्रथम जिला न्यायाधीश की खण्डपीठ अधिकारी, सुलहकर्ता सदस्य गोरेलाल धाकड़ दोनों पार्टियों के अधिवक्तागण नरेंद्र रावत, राजेंद्र सिंह जादौन के प्रयासों निराकृत हुआ। उक्त आयोजित लोक अदालत में समस्त विभागों से आये हुए अधिकारी कर्मचारीगण, न्यायिक कर्मचारीगण एवं रघुवीर सिंह धाकड़ उपाध्यक्ष अभिभाषक संघ सबलगढ़ समस्त अधिवक्तागण सहित उपस्थित रहे।

# नवीन कलेक्ट्रेट में आजीविका स्वाद संगम केंटीन का विधानसभा अध्यक्ष ने किया शुभारंभ




**मुरैना,कांस।** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के वित्तीय सहयोग से आजीविका स्वाद संगम केंटीन का विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने शनिवार को रिबिन काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर सांसद श्री शिवमंगल सिंह तोमर, जिला पंचायत की अध्यक्षा श्री आरती गुर्जर, पूर्व विधायक श्री सूवेदार सिंह रजौधा, श्री बलवीर डंडोतिया, सीईओ जिला पंचायत श्री कमलेश कुमार भार्गव सहित समूह की महिलायें उपस्थित थीं। स्वाद संगम केंटीन का शुभारंभ नवीन कलेक्ट्रेट परिसर में करते समय विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि केंटीन के बन जाने से लोग स्वल्पहार आदि कर सकेंगे। जो लोग अपने कार्य के लिये दूर-दराज से आते है, उन्हें कलेक्ट्रेट परिसर में ही सशुल्क मिल जायेगी। केंटीन का शुभारंभ करते समय स्वयं विधानसभा अध्यक्ष ने स्वल्पहार लिया।

# सडक हादसे में दो की मौत, एक घायल

**मुरैना 8 मार्च।** बानमोर थाना क्षेत्र में सडक हादसे में बाइक पर सवार दो लोगा की मौत हो गई वही एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना का पुरा बानमोर निवासी प्रदीप उर्फ अमित पुत्र राकेश उम्र 14 साल, पिंटू पुत्र दिलीप दास उम्र 22 साल निवासी पश्चिम बंगाल एवं अभिषेक निवासी बिहार बाइक से जा रहे थे कि अभी वे शुक्ला होटल के सामने हाईवे पर ही पहुँच पाये थे कि तेज गति से आ रहे ट्रक क्रमांक यूपी 80 एफ्टी 2708 के चालक ने ट्रक को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए बाइक में टक्कर मार दी जिससे बाइक पर सवार प्रदीप उर्फ अमित एवं पिंटू की मौके पर ही मौत हो गई वही अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहाँ उसका उपचार चल रहा है। थाना पुलिस ने फरियादी राकेश पुत्र हरगोविन्द जाटव निवासी थाना का पुरा की रिपोर्ट पर से ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# समाज में सकारात्मक बदलाव का माध्यम बन रहे हैं सामूहिक विवाह: मुख्यमंत्री डॉ.यादव

## मुख्यमंत्री केसला नर्मदापुरम के कन्या विवाह सम्मेलन में वर्चुअली हुए शामिल

## सामूहिक विवाह में 508 जोड़ों का हुआ विवाह

## एक कल्याणी और एक दिव्यांग बहन भी परिणय सूत्र में बंधी



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि एक समय था जब गरीब परिवार बेटी का विवाह कर कर्ज में डूब जाते थे। बेटी के जन्म के साथ ही उसकी शादी की चिंता सताती थी। लेकिन, अब सरकार बेटियों का कन्यादान कर रही है। माता-पिता अब बेटियों के जन्म पर उदास नहीं होते बल्कि, बधाई गीत गाते हैं। निर्धन परिवार की बेटियों के लिए मुख्यमंत्री कन्या विवाह/ निकाह योजना वरदान सिद्ध हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव केसला नर्मदापुरम में मुख्यमंत्री कन्या विवाह सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मुख्यमंत्री निवास से कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए। सामूहिक विवाह में 508 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। यहां एक कल्याणी और एक दिव्यांग बहन का भी विवाह सम्पन्न हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने परिणय सूत्र में बंधे नव दम्पत्तियों को बधाई व शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सनातन संस्कृति के 16 संस्कारों में से पाणिग्रहण अर्थात विवाह एक महत्वपूर्ण संस्कार है। सामूहिक विवाह में सम्मिलित प्रत्येक नव विवाहित जोड़े को मंगलआशीष के रूप में 49 हजार रुपए प्रदान किए जा रहे हैं। सामूहिक विवाह समाज में सकारात्मक बदलाव का माध्यम बन रहे हैं। यह मितव्यता और सामाजिक समरसता का संदेश भी देते हैं। भारतीय परम्परा में विवाह कोई समझौता या एग्रीमेंट नहीं, अपितु जन्म-जन्मांतर तक चलने वाला पवित्र बंधन है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप प्रदेश में नारी सशक्तिकरण मिशन आरंभ किया गया है। लाड़ली बहना योजना और स्व-सहायता समूहों के माध्यम से बहनें आत्मनिर्भर हो रही हैं। केसला में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्यमंत्री श्री डीडी उइके, सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी, सांसद श्रीमती माया नरोलिया, विधायक श्री प्रेमशंकर वर्मा, श्री विजय पाल सिंह तथा अन्य जनप्रतिनिधि व पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुरैना जिले की 335278 लाड़ली बहनों के खातों में सिंगल क्लिक से 412415300 रूपये की राशि अंतरित की

**मुरैना,कांस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इन्टरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से प्रदेश की लाड़ली बहनों के खातों में सिंगल क्लिक से राशि अंतरित की। जिला स्तरीय कार्यक्रम टाउनहॉल मुरैना में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत की अध्यक्षा श्री आरती गुर्जर, महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी, समाजसेवी श्री कमलेश कुशवाह सहित बड़ी संख्या में जिले की लाड़ली बहना मौजूद थीं। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि मुरैना जिले की 3 लाख 35 हजार 278 लाड़ली बहनों को 41 करोड़ 24 लाख 15 हजार 300 रूपये की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की है।


**नाम सुधार सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र जिसकी पंजीकरण संख्या 967 दिनांक- 30.07.2014 जारी दिनांक- 18.02.2022 जन्म दिनांक- 30.07.2014 है, जो कि नगर पालिक निगम मुरैना द्वारा जारी किया गया है। इस जन्म प्रमाण पत्र में मेरी पुत्री का नाम PRACHI SHARMA (प्राची शर्मा) अंकित है। इसके आधार कार्ड क्र. 4201 5888 1411 में भी PRACHI SHARMA (प्राची शर्मा) दर्ज है। जबकि मेरी पुत्री के स्कूल रिकॉर्ड केन्द्रीय विद्यालय में भूलवश उसका नाम PRACHEE SHARMA दर्ज हो गया है, जो कि गलत है। अतः मेरी पुत्री के विद्यालय रिकॉर्ड में व उसकी टीसी में PRACHEE SHARMA के स्थान पर सही नाम PRACHI SHARMA दर्ज किया जाए। यह आम सूचना मेरे सभी शासकीय व अशासकीय कार्यों में काम आये।

सूचनाकर्ता
सुनील कुमार शर्मा पुत्र
जमुनाप्रसाद शर्मा
निवासी- रामनगर तहसील व
जिला मुरैना (म.प्र.)

# प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में नारी सशक्तिकरण का करेंगे हर संभव प्रयास : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**प्रदेश से शुरू हुई मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का देश में हो रहा है अभिनंदन**

**सशक्त नारी से ही प्रदेश और देश बन रहा सशक्त और समृद्ध**

**ग्रामीण कौशल योजना में एक हजार युवतियों को नियुक्ति पत्र किये प्रदाय**

**महिला बाल विकास विभाग के राज्य-स्तरीय पुरस्कार वितरित**

## एक करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनों को 1552.73 करोड़ राशि की अंतरित 26 लाख बहनों को सिलेंडर रीफिलिंग की 55.95 करोड़ की राशि अंतरित






**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को समर्थ और सशक्त बनाने के लिए हर संभव प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा कि सशक्त नारी से ही प्रदेश और देश आज न केवल सशक्त बन रहा है, बल्कि समृद्ध भी हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महिलाओं को अधिकार देने से समाज में सकारात्मक बदलाव आते हैं। भारत विश्व का एक मात्र ऐसा देश है जो अनादिकाल से मातृ शक्ति का सम्मान करता रहा है। सनातन संस्कृति में शक्ति, धन आदि को देवियों के माध्यम से अभिव्यक्त किया गया है। अगले लोकसभा चुनाव के बाद संसद में महिलाओं को मिले 33 प्रतिशत आरक्षण की शक्ति परिलक्षित होगी और देश का संचालन महिलाओं के हाथों में होगा। नारी सशक्तिकरण के लिये सरकारी नौकरियों में आरक्षण 33 प्रतिशत से बढ़ाकर अब प्रदेश में 35 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है। महिलाओं को संपत्ति के रजिस्ट्रेशन में भी एक प्रतिशत की छूट दी गई है। परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में सम्पत्तियों का पंजीयन महिलाओं के नाम पर हो रहा है। प्रदेश में 44 फीसदी स्टार्ट-अप महिलाओं द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। राज्य सरकार महिला उद्यमिता को भी प्रोत्साहित कर रही है। प्रदेश में स्व-सहायता समूहों की संख्या 5 लाख से अधिक है। बहनों को उद्योग स्थापना के लिए बैंक लोन में अनुदान भी दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ के बाद संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम में महिला बाल विकास विभाग के राज्य स्तरीय पुरस्कार भी वितरित किये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अंतर्राष्टीय महिला दिवस पर आयोजित स्व-सहायता सम्मेलन में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना में एक हजार युवतियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करने के साथ डिजिटल ई-न्यूज लेटर ÷आजीविका अनुभूति÷ का विमोचन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सीहोर जिले के समूह सदस्यों को 200 ई-सायकिल वितरित करने के साथ आजीविका मिशन के चलित जैविक हाट बाजार के 3 वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया। कार्यक्रम में तुलसी का पौधा भेंटकर अतिथियों का स्वागत किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार बहनों की जिंदगी बेहतर करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। एक करोड़ 27 लाख बहनों के खाते में 1552.73 करोड़ रूपये की राशि अंतरित की गई है। पिछले एक वर्ष जनवरी 2024 से फरवरी 2025 तक लाड़ली बहनों के खाते में 22 हजार 227.89 करोड़ रूपये की राशि अंतरित की गई है। हम हर महीने लाड़ली बहनों के खातों में राशि भेजकर रक्षाबंधन मना रहे हैं। लाड़ली बहना योजना कभी नहीं रुकेगी, राज्य सरकार के पास संसाधनों की कोई कमी नहीं होगी। नारी सशक्तिकरण के लिए प्रदेश से आरंभ की गई इस योजना का देशभर में अभिनंदन हो रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में 29 लाख बहनों को प्रधानमंत्री उज्जवला गैस योजना की 55 करोड़ 95 लाख की अनुदान राशि सिलेंडर रिफिलिंग के लिए अंतरित की गई है। अब तक 825 करोड़ की राशि बहनों को जारी की जा चुकी है। उज्जवला गैस कनेक्शन के अंतर्गत जारी राशि से महिलाओं को प्रतिदिन ईंधन जुटाने की मजबूरी से मुक्ति मिली है। नारी सशक्तिकरण के लिए चल रहे अभियान में यह गतिविधियां महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। इस दिशा में राज्य सरकार अपने प्रत्येक संकल्प को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ज्ञान पर ध्यान के अंतर्गत गरीब, युवा, किसान सहित नारी सशक्तिकरण के लिए जारी विशेष प्रयासों के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार माना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार जो कह रही है वह करके दिखा रही है। जब हम विकसित भारतञ्च2047 के लक्ष्य को पूरा करेंगे तो इसमें मध्यप्रदेश का योगदान अहम होगा और राज्य देश में नंबर-1 बन चुका होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत 19 हजार से अधिक बहनों का कन्यादन सरकार की ओर से किया गया है। योजना में हो रहे सामुहिक विवाह सामाजिक समरसता, सौहार्द और एकता का संदेश दे रहे हैं। यह अभियान पवित्रता का संकल्प है, जिसमें अब तक 115 करोड़ से अधिक की राशि खर्च की जा चुकी है। आहार अनुदान योजना और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना आदि के माध्यम से बहनों को सहायता प्रदान करते हुए समर्थ बनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना में शहरी क्षेत्र में देश में चार करोड़ से अधिक मकान बनने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में लागू इस योजना के अंतर्गत ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में प्रत्येक पात्र व्यक्ति को पक्का मकान उपलब्ध कराया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बच्चियों, बालिकाओं, बेटियों के साथ दुराचार करने वालों के विरूद्ध सरकार कठोरतम कदम उठायेगी। दोषियों को फांसी की सजा भी दिलवायेंगे। किसी भी दोषी को किसी भी परिस्थिति में नहीं बख्शा जाएगा। मध्यप्रदेश में जोर जबरदस्ती या बहला फुसलाकर विवाह और धर्म परिवर्तन कराने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिये धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम लागू है। राज्य सरकार ने शासकीय महिला कर्मचारियों को सात दिन का अतिरिक्त आकस्मिक अवकाश और संविदा कर्मचारी बहनों को 180 दिवस का प्रसूति अवकाश देने की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार का हर कदम पर बहनों के साथ है, वे आगे बढ़ें, सरकार उन्हें हर संभव सहायता और मार्गदशन उपलब्ध कराएगी। महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक विकास के लिये प्रतिबद्ध है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार नारी सशक्तिकरण के लिये लगातार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश में नारी सशक्तिकरण मिशन की शुरूआत की गई है।

# रोटरी मेडीकल मिशन राहत-2 का लाभ अंतिम छोर तक के गरीब व्यक्ति को मिले : विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर

**वॉलेंटियर्स सेवा भाव मन में पैदा कर स्वास्थ्य शिविर में भरपूर सहयोग करें, रोटरी मेडीकल मिशन में छाया, पानी और भोजन के पुख्ता प्रबंध करें**



**मुरैना,कांस।** स्व. श्रीमती मोहन प्यारी देवी माहेश्वरी जी की स्मृति में रोटरी मेडीकल मिशन राहत-2 का आयोजन 26 मार्च से 02 अप्रैल, 2025 तक जिला मुख्यालय मुरैना पर किया जा रहा है। रोटरी मेडीकल मिशन में ख्यातिप्राप्त चिकित्सक विभिन्न प्रकार की बीमारियों का इलाज करेंगे। इस कैम्प का प्रचार-प्रसार विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी स्वयं मोबाइल से सोशल मीडिया की तर्ज पर करें, ताकि अंतिम छोर तक के गरीब व्यक्ति को इसका लाभ प्राप्त हो सके।

यह बात विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने बैठक के दौरान कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मुरैना में शनिवार को विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों से कही। इस अवसर पर सांसद श्री शिवमंगल सिंह तोमर, जिला पंचायत की अध्यक्षा श्रीमती आरती गुर्जर, कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना, पुलिस अधीक्षक श्री समीर सौरभ, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री कमलेश कुमार भार्गव, रोटरी के पदाधिकारी श्री भूपेन्द्र जैन, डॉ. संजीव बांदिल, पूर्व विधायक श्री सूवेदार सिंह रजौधा, श्री बलवीर डंडोतिया, श्री समाजसेवी श्री कमलेश कुशवाह, डॉ. योगेशपाल गुप्ता, विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी, पार्षद आदि उपस्थित थे। विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन क्षेत्र की दृष्टि से बड़े ही महत्वपूर्ण होते है, जिनका लाभ अंतिम छोर तक के गरीब, जरूरतमंद व्यक्ति को मिल जाये तो उसका जीवन सफल हो जायेगा। पिछले कैम्प के द्वारा जो भी कमियां रहीं है, उनको ध्यान में रखते हुये सुधार किया जायेगा। हमारे लोग चिकित्सा की पहुंच से अभी भी दूर है, हम उन्हें इस कैम्प तक पहुंचाये। तभी हमारा मकसद इस कैम्प से पूरा होगा। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि संबंधित संस्थायें अपने-अपने वॉलेटियर्स लगायें, स्वयं की संस्था का आईसी कार्ड लगाये और उस व्यक्ति को क्या जिम्मेदारी सौंपी है, उसको भी आईसी कार्ड उपलब्ध करायें। जिस वॉलेंटियर को जो जिम्मेदारी सौंपी है, वे पूर्ण जिम्मेदारी के साथ उसे निभायें। सभी मरीज और अटेंडर को भोजन, पानी आसानी से पहुंच सके और रूकने का भी प्रबंध हो सके। यह सभी सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि पंजीयन कक्ष में आने वाले मरीजों को सही दिशा और संबंधित मरीज को चिकित्सक तक पहुंचाने की जिम्मेदारी वॉलेंटियर को नियुक्त करें। योग्य अनुभवी व्यक्ति का ही चयन करें। वॉलेंटियर ऐसा न हो कि स्वयं की सेल्फी लेने में व्यस्त रहे। उन्होंने कहा कि वॉलेटियर सेवा का भाव मन में पैदा कर सहयोग करें। संबंधित संस्थाओं को शिविर के पहले ही ट्रेनिंग दे दी जाये, ताकि वे सौंपे गये दायित्व को किस तरह निभा सकें। नगर निगम कमिश्नर को निर्देश दिये कि साफ-सफाई बेहतर रहे, इसके लिये आवश्यक उपकरण ऋय कर लिये जायें और सफाई कर्मचारी हर समय तैनात रहें। इसके अलावा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि स्ट्रेक्चर, व्हीलचेयर का पर्याप्त मात्रा में प्रबंध रहे। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी सभी जनपदों की सीईओ की बैठक करें। होली के बाद पंचायतों में सचिवों के माध्यम से अभियान चलायें, कि अभी भी कोई पीड़ित बीमार व्यक्ति पंजीयन से छूटा हुआ है तो उसे शामिल करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि अभी तक 30 हजार ओपीडी हो चुकी है, जिसमें विभिन्न प्रकार के 2700 लोगों को ऑपरेशन के लिये चिन्हित किया जा चुका है। बैठक में रोटरी के पदाधिकारी श्री भूपेन्द्र जैन ने भी पिछले कैम्पों के अनुभवों के बारे में विस्तार से बताया।

# रीवा की तरक्की में यहां के जागरूक लोगों का योगदान है : उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

## उप मुख्यमंत्री ने रीवा शहर में विद्युत सब स्टेशन का किया भूमिपूजन




**रीवा,कासं.।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि रीवा के लोगों की जागरूकता का ही परिणाम है कि रीवा तरक्की के मार्ग पर तेजी से अग्रसर है। यहां अधोसंरचना विकास के साथ ही सड़कों, फ्लाईओवर, कचरा संग्रहण, जल प्रदाय व विद्युत की निर्वाध आपूर्ति हो रही है। उप मुख्यमंत्री ने रीवा शहर में पीटीएस चौराहे पर बनाए जाने वाले विद्युत सब स्टेशन का भूमिपूजन करते हुए कहा कि 2003 से पूर्व रीवा में मात्र 6 विद्युत सब स्टेशन थे, यह शहर का 14वां सब स्टेशन होगा, जिसके बन जाने से पुलिस लाइन, गुढ़ चौराहा, फूलमतीमाता मंदिर सहित आस पास के क्षेत्रों में निर्वाध व बेहतर वोल्टेज के साथ विद्युत की सप्लाई सुनिश्चित हो सकेगी। उन्होंने आगामी दो माह में विद्युत सब स्टेशन का कार्य पूर्ण करने निर्देश विद्युत विभाग के अधिकारियों को दिए। इससे पूर्व स्वागत उद्बोधन में मुख्य अभियंता आईके त्रिपाठी ने बताया कि दो करोड़ 10 लाख रुपए की लागत से बनाए जाने वाले सब स्टेशन का निर्माण कार्य 30 मई तक पूर्ण कर लिया जायेगा। कार्यक्रम में तकनीकी प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए अधीक्षण अभियंता बीके शुक्ला ने बताया कि 33/11 विद्युत उप केंद्र के बन जाने से 15 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को गुणवत्तायुक्त निर्वाध विद्युत की आपूर्ति मिलेगी। यह सब स्टेशन उत्कृष्ट सब स्टेशन बनेगा जहां 33/11 की दो लाइनें कार्य करेंगी, यह शहर का 14वां सब स्टेशन तथा रीवा और मऊगंज जिले को मिलाकर 94वां सब स्टेशन होगा। कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष श्री वीरेंद्र गुप्ता, श्री राजगोपाल मिश्रचारी, हेमलता सिंह सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रवेश तिवारी ने किया।

# कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर की अनुकरणीय पहल

**जिले में विभिन्न पदों पर पदस्थ महिला कर्मियों के साथ हुईं रूबरू, ग्रुप फोटो एवं सहभोज भी किया**



**ग्वालियर।** अंतर्राष्टीय महिला दिवस के अवसर पर कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने अनुकरणीय पहल की। सफाई मित्र से लेकर वरिष्ठ अधिकारी के रूप में पदस्थ महिलाओं के साथ अपने कार्यालय में बुलाकर चर्चा की और उनके साथ सहभोज भी किया। इसके साथ ही शासकीय कार्य के दौरान उनके अनुभवों को भी सुना और महत्वपूर्ण सुझाव दिए। 8 मार्च को अंतर्राष्टीय महिला दिवस के अवसर पर ग्वालियर कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने अनुकरणीय पहल करते हुए जिले में सफाई कर्मी, होमगार्ड, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, तृतीय श्रेणी कर्मचारी के साथ ही अन्य विभागों में पदस्थ महिला कर्मियों को अपने कार्यालय आमंत्रित किया और उनके साथ ग्रुप फोटो भी कराए। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के प्रवेश द्वार पर सभी महिलाओं के साथ पहुँचकर अंतर्राष्टीय महिला दिवस मनाते हुए ग्रुप फोटो कराया। इसके पश्चात मीटिंग हॉल में पहुँचकर सभी महिलाओं से विस्तार से चर्चा की। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने महिलाओं से शासकीय कार्य के दौरान आने वाली परेशानियों और उनके अनुभवों को भी सुना। उन्होंने कहा कि सभी महिलायें अपने-अपने दायित्वों को बेहतर ढंग से निभा रही हैं। महिलाओं को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी हो तो वे बेझिझक आकर बता सकती हैं। उनकी समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण भी किया जायेगा। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने सभी महिलाओं के साथ बैठक सहभोज किया और एक-दूसरे को अंतर्राष्टीय महिला दिवस की शुभकामनायें भी दीं। कार्यक्रम में कलेक्ट्रेट कार्यालय, जिला पंचायत कार्यालय, नगर निगम, पुलिस विभाग के साथ-साथ अन्य विभागों में विभिन्न पदों पर पदस्थ महिला कर्मी शामिल हुईं।

# मंडल रेल प्रबंधक दयानंद एवं अध्यक्षा सेक्रो श्रीमती शिखा सिंह द्वारा महिला रेल कर्मियों को किया सम्मानित

## रायपुर मंडल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया



**रायपुर,कासं.।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल में दिनांक 7 मार्च 2025 को अंतर्राष्टीय महिला दिवस मनाया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मंडल रेल प्रबंधक दयानंद एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में अध्यक्षा सैक्रो रायपुर मंडल, श्रीमती शिखा सिंह उपस्थित थी । रेल क्लब में 200 से अधिक महिला कर्मचारी उपस्थित थी। कार्यक्रम के प्रथम चरण में रेलवे हॉस्पिटल द्वारा उपस्थित सभी रेल महिला कर्मचारियों का प्रायमरी हेल्थ चेकअप किया गया साथ ही दंत चिकित्सक डॉ जितेंद्र शराफ़ दंत परीक्षण कर उन्हें महिला दिवस का उपहार दिया गया। उसके बाद भुवनेश्वर से पधारी मोटिवेशनल स्पीकर श्रीमती स्मिता द्वारा मोटिवेशनल स्पीच दी गई । कार्यक्रम में रायपुर मंडल की महिलाओं के लिए एक से बढ़कर एक गेम्स व विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था । मध्यान्ह भोजन के बाद मुख्य कार्यक्रम में सर्वप्रथम स्वागत भाषण में कार्यक्रम का परिचय दिया वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी रायपुर राहुल गर्ग ने । कार्यक्रम का परिचय देते हुए उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष के अनुसार रेलवे की महिलाओं को आगे बढ़ने का अवसर देते हुए उनके लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। विशिष्ट अतिथि श्रीमती शिखा सिंह ने महिलाओं पर आधारित कविता का पठन करते हुए अपनी बात रखी और यह कहा कि आज नारी सशक्त है वह चाहे तो कुछ भी कर सकती है बल्कि अपने क्षेत्र में बहुत कुछ कर रही है, खुद भी आगे बढ़कर आज लोगों को बढ़ावा दे रही है और आगे आने का अवसर भी प्रदान कर रही है। मुख्य अतिथि दयानंद ने अपने उद्बोधन में कहा कि पिछले 70 सालों से लेकर अब तक परिस्थिति में बहुत परिवर्तन आ चुका है और यह परिवर्तन महिलाओं की कार्य कुशलता निपुणता उनका प्रबंधन और उनका साहस इन सब में दिखाई पड़ता है। महिलाएं सर्वश्रेष्ठ हैं और अपने क्षेत्र में बहुत अच्छा कार्य कर रही हैं महिलाएं वास्तव में बराबरी से काम कर रही हैं। कार्यक्रम में महिलाओं के ही द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई इन प्रस्तुतियों में गीत नृत्य कविता सभी का समावेश था।रेलवे में कार्यरत महिलाओं की फोटोस को लेकर एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन किया गया । कार्यक्रम में प्रत्येक विभाग से सर्वश्रेष्ठ महिला कर्मचारी को चुना गया और उसे सम्मानित किया गया इसके साथ ही वर्ष 2025 में रिटायर होने वाली महिला कर्मचारियों को रेलवे में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उपस्थित सभी महिला कर्मचारीयों को उपहार भी दिए गए। सबका हौसला बढ़ाते हुए कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन किया मंडल कार्मिक अधिकारी श्रीमती निकिता अग्रवाल ने जिसमें उन्होंने यह कहा कि अब वह दिन दूर नहीं जब यह कहा जाएगा कि हमें पुरुष कर्मचारी ही नहीं बल्कि महिला कर्मचारी भी चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के पी एस काशीपति, उपाध्यक्षा सेक्रो श्रीमती अदिति अग्रवाल मुख्य मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी ने अपनी उपस्थिति से महिलाओं का उत्साहवर्धन किया।

# पुलिस ने किया पुलिस लाइन की चोरी का खुलासा

**ढाई सौ कारतूस की चोरी में शामिल 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे चोरी के कारतूस बरामद किए**



**मुरैना,कांस।** पुलिस ने पुलिस लाईन में हुई 250 कारतूसों की चोरी के मामले का खुलासा पुलिस अधीक्षक ने खुलास कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी गए कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने मुखवार की सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी कोतवाली ने संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा जिसने अपना नाम दीपू उर्फ अजय उर्फ गिलहरी पुत्र सोबरन सिंह कुशवाह उम्र 25 साल निवासी ग्राम जारह हाल दर्जी गली दत्तपुरा मुरैना का होना बताया। जिसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से 10 राउण्ड 9 एमएम जब्त किये गये। उसके बाद आरोपी से पूछताछ की तो उसके द्वारा सहयोगी उदयवीर कुशवाह पुत्र महाराज सिहं कुशवाह निवासी सियाराम सरपंच का पुरा जौरी गांव के साथ दिनांक 06-07 दिसम्बर की रात को करीबन 01.30 बजे के बीच मे चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी पर पूर्व से 8 अपराध पंजीबद्ध है। आरोपी द्वारा बताये अनुसार उसके किराये के मकान दर्जी वाली गली दत्तपुरा मुरैना से एक 315 बोर की रायफल जिसकी बोडी पर UAB0610281 लेख है व 32 राउण्ड 7.62 एमएम एसएलआर व 15 राउण्ड 9 एमएम के जब्त किये गये। पूछताछ के दौरान आरोपी दीपू द्वारा बेचने की नियत से अन्य तीन आरोपियों को कारतूस दिया जाना स्वीकार किया गया। जिसके बताये अनुसार, आरोपी अशोक कुशवाह पुत्र सोबरन कुशवाह उम्र 35 साल निवासी सैलटेक्स वैरियर के कब्जे से 7.62 एसएलआर के 11 राउंड व 9 एमएम के 35 राउण्ड जब्त किये गये है।

आरोपी गोविन्दा उर्फ हरिगोविन्द सोनी पुत्र ओमबाबू सोनी उम्र 25 साल निवासी बालनिकेतन रोड गांधी कालोनी मुरैना के कब्जे से 35 राउण्ड 09 एमएम के व 10 राउण्ड एसएलआर जब्त किये गये है। आरोपी पर पूर्व से 13 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है। आरोपी राज छावरी पुत्र डेनी उर्फ बलराम जाटव निवासी भोगीराम वाली गली उत्तमपुरा मुरैना के कब्जे से 35 राउण्ड 9 एमएम के जब्त किये गये है। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक रामविलास शर्मा द्वारा चम्बल प्रिंटिंग प्रेस इण्डस्ट्रीज एरिया बानमोर से मुद्रित व एस 12 द्वितीय तल रायल प्लाजा पुराने हाईकोर्ट के सामने ग्वालियर से प्रकाशित । प्रधान संपादक रामविलास शर्मा मोबा.- 9329077393
email-chambalsurkhi@yahoo.com आर.एन.आई. पंजीयन नं MPHIN/2007/20705 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना रहेगा। कानूनी सलाहकार युवराज कुलश्रेष्ठ एडवोकेट मो.9229842150 फोन- (07532)- 225779,9827679954